दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, बुधवार 17 जून 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1097




## संक्षिप्त खबरें ।

### ट्रंप के सामने भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा उठाएं पीएम मोदी; G7 सम्मेलन से पहले प्रियंका गांधी की प्रधानमंत्री से अपील



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नईदिल्ली।** कांग्रेस भारतीय नाविकों की मौत को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बाद पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने भी इस मुद्दे पर पीएम मोदी को घेरा है। प्रियंका गांधी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ तीन भारतीय नाविकों की मौत का विषय उठाना चाहिए।

**जी-7 सम्मेलन में ट्रंप से मिल सकते हैं मोदी:** प्रधानमंत्री फ्रांस और स्लोवाकिया की एक हफ्ते की यात्रा पर हैं। वह फ्रांस में जी-7 सम्मेलन के संपर्क सत्र में हिस्सा लेंगे। उनका जी-7 सम्मेलन के दौरान कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करने का कार्यक्रम है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ भी मुलाकात हो सकती है।

**प्रियंका का पीएम मोदी को सलाह :** इस बारे में पूछे जाने पर प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''मुझे लगता है कि उन्हें निश्चित रूप से यह मुद्दा (अमेरिकी हमले में मारे गए तीन भारतीय नाविकों का मामला) उठाना चाहिए। उन्होंने कहा, '' यह हैरानी की बात है कि जो हो रहा है, उस पर हमने (सरकार) खुलकर कोई बात नहीं की है।''

**राहुल गांधी का पीएम मोदी पर वार:** इससे पहले राहुल गांधी ने भी रविवार को तीन भारतीय नाविकों की मौत के बाद अमेरिका की ओर से दिए गए बयानों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि ''कंप्रोमाइज्ड पीएम'' (समझौता कर चुके प्रधानमंत्री) एक ''आज्ञाकारी नौकर'' की तरह सुनते हैं और ''आदेशों'' का पालन करते हैं। उन्होंने कहा कि ''कोई कंप्रोमाइज्ड पीएम'' देश के सम्मान की रक्षा नहीं करेगा क्योंकि जो देश का अपमान करते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के एक नोटिस से अचानक गरमाई बिहार की सियासत! विपक्ष हुआ बेहद आक्रामक, एनडीए की मुश्किल बढ़ी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार के सियासी गलियारों में इस वक्त अचानक से भारी तनाव और हलचल पैदा हो गई है। देश की सर्वोच्च अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट की तरफ से आए एक नए नोटिस ने राज्य के भीतर एक बड़ा सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। इस अदालती कार्रवाई के बाद से ही विपक्षी दल बेहद आक्रामक मूड में नजर आ रहे हैं और उन्होंने सूबे की एनडीए सरकार के खिलाफ मोर्चा पूरी तरह से खोल दिया है। दिल्ली से लेकर पटना तक इस मामले को लेकर रणनीतियों का दौर शुरू हो चुका है।

**मंत्री की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख और नोटिस :** बिहार के सियासी गलियारों में इस वक्त अचानक से भारी तनाव और हलचल पैदा हो गई है। देश की सर्वोच्च अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट की तरफ से आए एक नए नोटिस ने राज्य के भीतर एक बड़ा सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। इस अदालती कार्रवाई के बाद से ही विपक्षी दल बेहद आक्रामक मूड में नजर आ रहे हैं और उन्होंने सूबे की एनडीए सरकार के खिलाफ मोर्चा पूरी तरह से खोल दिया है। दिल्ली से लेकर पटना तक इस मामले को लेकर रणनीतियों का दौर शुरू हो चुका है।

**मंत्री की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख और नोटिस:** पूरा मामला बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री दीपक प्रकाश की दोबारा हुई नियुक्ति से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बिहार सरकार और राज्य चुनाव आयोग को एक औपचारिक नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मंत्री दीपक प्रकाश की पुनर्नियुक्ति को लेकर कई तरह के गंभीर संवैधानिक और कानूनी सवाल उठाए गए हैं, जिन्हें लेकर विपक्ष अब सरकार को चौतरफा घेरने की कोशिश में जुट गया है। राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा तेज है कि क्या इस नोटिस के बाद मंत्री जी की कुर्सी पर कोई आंच आ सकती है।

**विधान परिषद चुनाव को लेकर पटना में बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी:** यह अदालती झटका ऐसे समय पर आया है जब बिहार विधान परिषद की खाली हो रही कुछ महत्वपूर्ण सीटों के लिए नामांकन की आधिकारिक प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। चुनाव की घोषणा के बाद से ही राज्य की राजनीतिक गतिविधियां सातवें आसमान पर हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों ही खेमों के सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपने-अपने जिताऊ उम्मीदवारों के नामों और चुनावी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में रात-दिन एक किए हुए हैं। इस बीच सुप्रीम कोर्ट के नोटिस ने चुनावी माहौल को और ज्यादा संवेदनशील बना दिया है।

एनडीए सरकार की कार्यशैली पर विपक्षी दलों का जोरदार हमला

सुप्रीम कोर्ट के इस कदम से उत्साहित विपक्षी दलों ने राज्य सरकार की नीतियों और हालिया प्रशासनिक फैसलों को लेकर अपने हमलों की धार काफी तेज कर दी है। विपक्ष अब सिर्फ इस कानूनी मुद्दे तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वह सड़क से लेकर सदन तक रोजगार की कमी, धीमे विकास और राज्य की मौजूदा कानून-व्यवस्था जैसे बेहद संवेदनशील मुद्दों पर सरकार को पूरी तरह से कटघरे में खड़ा करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहा है। विपक्ष का दावा है कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।

इन तमाम राजनीतिक विवादों और हमलों के बीच, बिहार सरकार ने राज्य में पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को एक नई रफ्तार देने के लिए अपनी कमर कस ली है। सरकार ने विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेला और आमी में स्थित पौराणिक अंबिका भवानी मंदिर के भव्य विकास के लिए लगभग 37 करोड़ रुपये की एक बहुत बड़ी और महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है।

### बड़े राजनीतिक आयोजनों की जोरदार तैयारी

राज्य के विभिन्न छोटे-बड़े राजनीतिक दल आने वाले महीनों में होने वाले संगठनात्मक बदलावों और बड़े चुनावी कार्यक्रमों की भव्य तैयारियों में व्यस्त हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस नोटिस और आगामी चुनावों को देखते हुए आने वाले कुछ महीनों में बिहार की राजनीति का पारा और ज्यादा चढ़ सकता है।

# खान सर-रोशन सर विवाद में रामकृपाल यादव की एंट्री, तेजस्वी के पत्र पर भड़के मंत्री



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार के चर्चित खान सर और रौशन आनंद सर कोचिंग विवाद मामले में अब नया सियासी मोड़ आ गया है। इस पूरे विवाद और फायरिंग कांड की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र पर बिहार की सम्राट चौधरी सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव ने बेहद कड़ा ऐतराज जताया है। मंत्री रामकृपाल यादव ने इस पूरे घटनाक्रम पर सरकार का रुख स्पष्ट करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सूबे की सरकार निश्चित रूप से इस पूरे मामले के हर पहलू और बारीकियों पर गहराई से विचार कर रही होगी, लेकिन तेजस्वी यादव को हर गंभीर मुद्दे पर केवल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने की इस आदत से तुरंत बाज आना चाहिए।

**शिक्षा के मंदिर में असामाजिक तत्वों का वर्चस्व दुर्भाग्यपूर्ण:** एक विशेष इंटरव्यू के दौरान अपनी बात रखते हुए मंत्री रामकृपाल यादव ने इस पूरे कोचिंग विवाद को शिक्षा जगत के लिए एक बेहद चिंताजनक संकेत बताया। उन्होंने बेहद गंभीर लहजे में कहा, "शिक्षा के इस पवित्र मंदिर में असामाजिक तत्वों का वर्चस्व होना और केवल कमर्शियल पॉइंट ऑफ व्यू से लूट मचाने की प्रक्रिया जारी रहना बिहार के माहौल को खराब कर रहा है।" उन्होंने आगे कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि खान सर और रौशन आनंद सर के इस पूरे मामले को अब कुछ लोग सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर जाति और धर्म (यादव बनाम मुस्लिम) के नाम पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं। शिक्षा और गुरु को कभी भी जातिगत या धार्मिक रंजिश के तराजू में नहीं तोला जाना चाहिए। मंत्री रामकृपाल यादव ने जोर देकर कहा कि पहले बिहार के गरीब, किसान और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चे उच्च शिक्षा और कोचिंग के लिए कोटा, पुणे या दिल्ली जाने को मजबूर थे, मगर पिछले कुछ समय में हमारे शिक्षकों ने पटना में ही एक ऐसा बेहतरीन शैक्षणिक परिवेश तैयार किया।

# बुलडोजर के खौफ से यूसुफ पठान ने की बगावत? महुआ मोइत्रा का सबसे बड़ा खुलासा, कहा- कांपने लगे थे सांसद

**लोक तंत्र की आवाज़**



**कोलकाता।** क्रिकेट के मैदान पर बड़े-बड़े गेंदबाजों के छक्के छुड़ाने वाले पूर्व ऑलराउंडर और बहरामपुर से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद यूसुफ पठान इस समय देश की सियासत के सबसे बड़े केंद्र बन गए हैं। साल दो हजार चौबीस के आम चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता अधीर रंजन चौधरी को पटखनी देकर संसद पहुंचने वाले यूसुफ ने जैसे ही ममता बनर्जी का साथ छोड़कर बागी खेमे का रुख किया, वैसे ही राजनैतिक गलियारों में भूचाल आ गया। लेकिन इस बगावत के पीछे की जो असली और सनसनीखेज कहानी निकलकर सामने आई है, उसने सबको हैरान कर दिया है। टीएमसी की तेजतर्रार सांसद महुआ मोइत्रा और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी ने सोशल मीडिया पर यूसुफ पठान के उस खौफनाक राज से पर्दा उठाया है, जिसकी वजह से वे संसद के भीतर कांपने लगे थे।

**असदुद्दीन ओवैसी ने दी थी चेतावनी:** श्रीनगर से सांसद आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी ने सोशल मीडिया पर देश की संसद के पिछले शीतकालीन सत्र की एक ऐसी घटना साझा की है, जिसने पूरी सियासत में सनसनी फैला दी है। उन्होंने बताया कि जब संसद के भीतर पूरा विपक्ष एकजुट होकर सत्तापक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहा था और टीएमसी के सांसद हमेशा की तरह वेल में आकर बहादुरी से विरोध जता रहे थे, तब यूसुफ पठान अचानक डरकर पीछे हट गए थे। मेहदी के मुताबिक, उन्होंने खुद एक बड़े मुस्लिम नेता को यूसुफ पर बुरी तरह चिल्लाते और उन्हें विरोध प्रदर्शन से दूर रहने के लिए कहते सुना था। उस डांट के बाद यूसुफ के चेहरे की हवाइयां उड़ चुकी थीं।

महुआ मोइत्रा का बड़ा धमाका

मेहदी के इस बड़े खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने बिना कोई वक्त गंवाए उस रहस्यमयी मुस्लिम नेता के नाम का पर्दाफाश कर दिया। महुआ मोइत्रा ने साफ-साफ शब्दों में लिखा कि यूसुफ पठान को बीजेपी के खिलाफ न बोलने के लिए डराने वाले नेता कोई और नहीं बल्कि एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी थे। ओवैसी ने यूसुफ से कहा था कि अगर वे बीजेपी से दुश्मनी मोल लेंगे, तो गुजरात में उनके घर पर सरकारी बुलडोजर चला दिया जाएगा।

# आखिरकार ईरान-US डील पर हुए दस्तखत! ट्रंप, जेडी वेंस और ईरानी स्पीकर ने वर्चुअली साइन किए शांति समझौता

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा नईदिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच पिछले चार महीनों से चल रहे भीषण तनाव और जंग को समाप्त करने की दिशा में एक बहुत बड़ी और ऐतिहासिक सफलता मिली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर घालीबाफ ने वर्चुअली एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, जो दोनों देशों के बीच शांति संधि की आधारशिला रखेगा।

सूत्रों के अनुसार, इस शांति समझौते की MOU पर वर्चुअली दस्तखत होने के बाद अब शुक्रवार को एक औपचारिक हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया जाएगा। हालांकि, इस समझौते के पूर्ण विवरण अगले 48 घंटों में जारी होने की उम्मीद है, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने इसे युद्ध छिड़ने के बाद से अब तक की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। अमेरिकी अधिकारियों ने सोमवार को समाचार एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर घालीबाफ ने पहले ही इस समझौते पर साइन कर दिए हैं। शुक्रवार को औपचारिक रूप से साइन करने का समारोह होने की उम्मीद है।

**MoU शांति समझौते की नींव:** यह समझौता ज्ञापन वॉशिंगटन और तेहरान के बीच शांति समझौते की नींव रखता है, हालांकि अधिकारियों ने संकेत दिया है कि कई अहम मुद्दों पर अभी और बातचीत की जरूरत है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, यह समझौता तनाव कम करने का एक ढांचा (फ्रेमवर्क) बनाता है और अनसुलझे मामलों पर तकनीकी बातचीत का रास्ता तैयार करता है।

**होर्मुज समुद्री मार्ग का खुलेगा रास्ता:** इस समझौते का सबसे तत्काल और सकारात्मक प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ेगा। दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक रास्तों में से एक, होर्मुज समुद्री मार्ग से जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू होने लगी है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि हालांकि स्थिति को पूरी तरह सामान्य होने में थोड़ा समय लगेगा, लेकिन समुद्री यातायात में महत्वपूर्ण वृद्धि पहले ही दिखने लगी है।

# यूपी: अयोध्या के 1940 के ब्रिटिश कालीन मंदिर पर चला बुलडोजर

**लोक तंत्र की आवाज़**



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी बीच अयोध्या में विकास कार्यों के नाम पर एक पुराने शिव मंदिर के ध्वस्त होने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 16 जून को इस वीडियो को शेयर करते हुए बीजेपी सरकार पर निशाना साधा और सभी कॉरिडोर व सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं की बहुसदस्यीय न्यायिक जांच की मांग की।

उन्होंने साफ कहा कि 'किसी ट्रस्टी, कमेटी सदस्य, अधिकारी या प्रशासनिक अधिकारी को बख्शा न जाए।' यह घटना अयोध्या के विकास मॉडल, धार्मिक भावनाओं, भूमि अधिग्रहण और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की नई बहस को जन्म दे रही है। 11 जून 2026 को अयोध्या के ककराही बाजार में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण के तहत प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई की। इस दौरान 1940 में बना एक गुलाबी शिव मंदिर भी ध्वस्त हो गया। आसपास के कई मकान और निर्माण भी तोड़े गए।

**प्रशासन का पक्ष क्या है?:** मंदिर और मकान परिक्रमा पथ की जद में आ रहे थे। प्रभावितों को पहले मुआवजा दिया जा चुका था। कई बार नोटिस जारी किए गए थे। निर्धारित समयसीमा के बाद कार्रवाई की गई। एडीएम (वित्त एवं राजस्व) अमित कुमार भट्ट, सदर एसडीएम अरविंद कुमार और क्षेत्राधिकारी यश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस बल की भारी तैनाती के साथ शांतिपूर्ण कार्रवाई हुई।

**विपक्ष और स्थानीय लोगों का आरोप क्या है?:** 1940 का प्राचीन मंदिर (लगभग 86 साल पुराना) विकास के नाम पर तोड़ा गया। मुआवजा पर्याप्त नहीं या कई लोगों को नहीं मिला। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची। समाजवादी पार्टी के नेता अरुण निषाद ने मौके पर पहुंचकर विरोध दर्ज कराया।

**अखिलेश यादव का हमला: 'बाबा के बुलडोजर' पर सवाल:** अखिलेश यादव ने पोस्ट में लिखा कि बीजेपी सरकार के हर कॉरिडोर और चौड़ीकरण प्रोजेक्ट में घपला-घोटाला है। उन्होंने मांग की है कि बहुसदस्यीय न्यायिक जांच हो। ट्रस्टी, कमेटी सदस्य, अधिकारी किसी को बख्शा न जाए। अवैध कमाई और काली संपत्ति की जांच आम जनता, ईमानदार पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों की निगरानी में हो।

### आजादी से पहले का था मंदिर अयोध्या राम की नगरी है

अखिलेश यादव लगातार सक्रिय हैं। हाल ही में राम मंदिर चढ़ावे के गायब होने के आरोप पर भी उन्होंने सवाल उठाए थे। इस घटना को उन्होंने ब्रॉडर घोटाले का हिस्सा बताते हुए जोड़ा है। यह मुद्दा यूपी की सियासत में हिंदू वोट, यादव-मुस्लिम समीकरण और विकास नैरेटिव को प्रभावित कर सकता है। 14 कोसी परिक्रमा प्राचीन परंपरा है। 1940 का मंदिर ब्रिटिश काल या आजादी से पहले का है। ऐसे मंदिरों का संरक्षण सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा माना जाता है। हालांकि, प्रशासन का तर्क है कि पथ की जरूरत ज्यादा व्यापक है। विशेषज्ञ कहते हैं कि विकास परियोजनाओं में हेरिटेज इम्पैक्ट असेसमेंट जरूरी होना चाहिए।

# अयोध्या राम मंदिर चंदा विवाद: SIT ने 11 लोगों से की पूछताछ, चंपत राय के पूर्व ड्राइवर से भी सवाल-जवाब

**लोक तंत्र की आवाज़**




**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावे की राशि में कथित हेराफेरी और चोरी के मामले में SIT जांच में जुटी है. रविवार के दिन एसआईटी ने चंदा गिरने वाले 11 लोगों से पूछताछ की है. जिसमें चंपत राय के पूर्व ड्राइवर से भी जवाब-सवाल हुए हैं. बताया जा रहा है कि अब SIT बैंक कर्मचारियों और मंदिर के पुजारियों से भी पूछताछ कर सकती है. क्योंकि राम मंदिर में चढ़ावे का मुद्दा तेजी से चर्चा में बना हुआ है. मामला सामने आने के बाद जांच एसआईटी को सौंपी गई थी।

**गोपाल राव समेत 11 लोगों से पूछताछ:** एसआईटी ने जिन लोगों से पूछताछ की है. उनमें रामशंकर उर्फ टिन्नू यादव, गोपाल राव, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, रवि मिश्रा, अवनीश, करुणेश, मनीष यादव, राजेश पाठक, रूपल मिश्रा और केडी तिवारी शामिल हैं. रामशंकर उर्फ टिन्नू यादव ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय के ड्राइवर भी थे, इसके अलावा वो चंदा गिनने के काम में लगाए जाते थे. वहीं गोपाल राव गिनती के काम में लगे सदस्यों के मुखिया रहे है और ट्रस्ट के सदस्यों के बेहद करीबी भी माने जाते हैं. बाकि लोग भी ट्रस्ट के सदस्यों के करीबी रहे और पैसों की गिनती के काम में लगे रहते थे।

**बैंक कर्मचारियों और पुजारियों से भी होगी पूछताछ:** SIT चंदा गिनने वालों से पूछताछ के बाद अयोध्या के तुलसीनगर स्थित SBI के अधिकारियों और कर्मचारियों से पूछताछ करेगी. साथ ही मंदिर के पुजारियों और ट्रस्ट के सदस्यों से भी पूछताछ होगी. मंदिर में इकट्ठा हुए पैसों की गिनती के बाद उसका हिसाब करके बैंक में जमा कराने के लिए जिस आउटसोर्सिंग एजेंसी को लगाया गया था. उसके भी अधिकारी जांच के दायरे में हैं। अयोध्या राम मंदिर चंदा विवाद मामले में SIT को जांच 15 दिन में पूरी करनी है.

# कतर की पाबंदी के बाद सहम गया था हिंदुस्तान, कैसे इस एक जहाज ने बचा ली देश की साख!

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा नईदिल्ली।** पश्चिम एशिया (Middle East) में पिछले साढ़े तीन महीने से जारी भीषण युद्ध और बारूदी दौर के बीच भारत के लिए एक बहुत बड़ी और राहत भरी ऐतिहासिक कामयाबी सामने आई है। अमेरिका और ईरान के बीच हुए शुरुआती सीज़फ़ायर (युद्धविराम) समझौते के तुरंत बाद, 'LNG कैरियर दिशा' नाम के विशालकाय भारतीय जहाज़ ने दुनिया के सबसे खतरनाक और रणनीतिक रूप से संवेदनशील 'होर्मुज़ जलडमरूमध्य' को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। यह कदम इसलिए बेहद चौंकाने वाला है क्योंकि युद्ध शुरू होने के बाद से इस रूट पर कमर्शियल जहाजों की आवाजाही पूरी तरह ठप थी। यह टैंकर गुजरात के दहेज टर्मिनल के लिए रवाना हो चुका है, जिसने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चल रही सांसों को एक नई जिंदगी दे दी है।

कतर की 'फोर्स मेज्योर' और भारत की आधी जरूरत पर संकट क्यों थम गई थीं देश की धड़कनें?

आखिरकार इस एक भारतीय जहाज के सुरक्षित निकलने पर पूरी सरकार और उद्योग जगत क्यों जश्न मना रहा है? इसका जवाब भारत की ऊर्जा निर्भरता में छिपा है। भारत अपनी जरूरत की लगभग आधी नेचुरल गैस (LNG) विदेशों से आयात करता है, जिसका तकरीबन 65 फीसदी हिस्सा कतर जैसे खाड़ी देशों से इसी होर्मुज़ जलडमरूमध्य के रास्ते भारत आता है। 28 फरवरी को जब अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर घातक सैन्य हमले किए थे, तब जवाबी कार्रवाई में तेहरान ने इस रूट को बंद कर दिया था। हालात इतने बदतर हो गए थे कि कतर ने भारत सहित दुनिया भर के खरीदारों को गैस देने के मामले में 'फोर्स मेज्योर' (अप्रत्याशित आपातकाल) की घोषणा कर दी थी।

# भारत ने किया 'लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल' का सफल परीक्षण, चीनी और पाकिस्तानी शहर अब सीधे निशाने पर

**लोक तंत्र की आवाज़**



**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा नईदिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन- DRDO ने सोमवार, 15 जून 2026 को ओडिशा के तट पर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से अपनी स्वदेशी 'लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल' (LRLACM) का पहला सफल फ्लाइट टेस्ट किया

इस अत्याधुनिक मिसाइल के परीक्षण के दौरान तय किए गए सभी सामरिक और तकनीकी उद्देश्य पूरी तरह सफल रहे. चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) द्वारा तैनात किए गए विभिन्न रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री उपकरणों ने मिसाइल के पूरे सफर और सटीकता के पुख्ता आंकड़े दर्ज किए हैं। यह परीक्षण ऐसे समय में हुआ है जब भारत अपनी सीमाओं पर दोतरफा सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है. रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह मिसाइल पूरी तरह से भारतीय उद्योगों और डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं के सहयोग से 'मेक इन इंडिया' के तहत विकसित की गई है. बेंगलुरु स्थित वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (ADE) इस पूरी स्वदेशी परियोजना की नोडल प्रयोगशाला है। इस सफल प्रक्षेपण को डीआरडीओ के शीर्ष वैज्ञानिकों के साथ भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के उपयोगकर्ता प्रतिनिधियों ने खुद अपनी आंखों से देखा, क्योंकि यह मिसाइल आने वाले समय में तीनों सेनाओं का मुख्य मारक हथियार बनने वाली है।

**क्या है LRLACM और क्यों इसे कहा जा रहा है भारत का 'गेमचेंजर'?:** लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (LRLACM) जमीन पर मार करने वाली एक बेहद लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल है. यह पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइलों की तरह अंतरिक्ष में जाकर नीचे नहीं गिरती, बल्कि सतह से बहुत कम ऊंचाई पर उड़ती है. इसका फायदा यह होता है कि दुश्मन के बड़े से बड़े रडार और डिफेंस सिस्टम भी इसका पता लगाने में नाकाम हो जाती हैं। यह मिसाइल हवा में ही अपना रास्ता बदलने और दुश्मन के ठिकानों को ढूंढकर उन पर सटीक सर्जिकल स्ट्राइक करने की अद्भुत क्षमता रखती है. इस मिसाइल की मारक क्षमता 1,000 किलोमीटर से लेकर 1,500 किलोमीटर तक है. इसका मतलब यह है कि भारत अपनी सीमा के भीतर सुरक्षित रहकर भी दुश्मन के घर में घुसकर तबाही मचा सकता है.

## संक्षिप्त खबरें ।

### वारिसलीगंज : ऑपरेशन मुस्कान के तहत पांच धारकों के बीच लौटाया गया मोबाइल



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :-**आपरेशन मुस्कान के तहत सोमवार को वारिसलीगंज थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने एक साथ पांच लोगों का खोया मोबाइल फोन देकर उन लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौटाई। बात दें की चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन को वारिसलीगंज पुलिस ने बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस लौटा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी या गुम हुए 13 मोबाइल फोन को बरामद किया गया ।है। इनमें से पांच मोबाइल फोन धारक सोमवार को थाना पर पहुंचे,जिन्हें बरामद किया गया मोबाइल वापस दिया गया या है ।पुलिस ने आईएमईआई नंबर ट्रैकिंग जैसी तकनीक से मोबाइल बरामद किए। काशीचक के खखरी निवासी गुलशन कुमार, महादेव बीघा के रामगोपाल कुमार, काशीचक अंचल के कार्यपालक सहायक बबलू कुमार, काशीचक थाना के पार्वती ग्रामीण रामबल्लम सिंह, मोतालिफ़ चक निवासी रीता कुमारी को थाना परिसर स्थित अपने चेम्बर में बुलाकर मोबाइल दिए गए ।थानाध्यक्ष ने कहा कि मोबाइल फोन की चोरी या गुम हो जाना लोगों के जीवन में एक बड़ी समस्या बन चुकी है। ऐसे में किसी का खोया हुआ मोबाइल फोन वापस मिल जाए तो यह किसी सौगात से कम नहीं होती है। मोबाइल फोन मिलने पर उनके धारकों के चेहर पर मुस्कान देखी गई।

### शेखपुरा समर स्पेशल ट्रेन से 5 तस्कर गिरफ्तार, 177 लीटर शराब बरामद



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :-**गर्मी की छुट्टियों में लोगों को दिल्ली, यूपी आने-जाने में दिक्कत नहीं हो इसलिए रेलवे ने समर स्पेशल ट्रेन चलाया लेकिन शराब माफियाओं ने इसे शराब लाने का साधन मान लिया ।गुप्त सूचना के आधार पर पकरीबरावां उत्पाद थाना की पुलिस ने रविवार को आनंद बिहार से शेखपुरा जा रही समर स्पेशल ट्रेन संख्या 03698 में वारिसलीगंज रेलवे स्टेशन पर छापेमारी की गई। इस दौरान वारिसलीगंज नगर के पांच आरोपितों को गिरफ्तार करते हुए एक ट्राली बैग समेत चेन लगा विभिन्न थैला में रखा बियर एवं अंग्रेजी शराब बरामद की गई ।शराब की बरामदगी शेखपुरा स्पेशल ट्रेन के स्लीपर बोगी से 142.5 लीटर बियर तथा 35.250 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई ।उत्पाद थानाध्यक्ष रामेश्वर टुडू ने बताया कि शराब तस्करी के आरोपित वारिसलीगंज नगर के कोइरी टोला निवासी मदन प्रसाद का पुत्र भोला कुमार, लिट्टी गली निवासी स्व. ब्रह्मदेव प्रसाद के पुत्र सावन कुमार, सिमरी गली बढ़ई टोला निवासी प्रमोद प्रसाद का पुत्र सौरभकुमार, संगत पर मोहल्ला निवासी फंटूश उर्फ अरुण दास का पुत्र सुजीत कुमार, उत्तर बाजार सोनार टोली निवासी विजय सिंह का पुत्र अंकित कुमार शामिल रहे।

### चोरी का आरोपित गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :-**वारिसलीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के मय ग्रामीण बालू चोरी के आरोपित दीपक कुमार को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय भेज दिया। बताया गया आरोपित के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 118/26 दर्ज है।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी सह प्रमाण-पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**नवाद।** मॉडर्न शैक्षणिक समूह, नवादा के संयुक्त तत्वावधान में गुरु बिंदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, त्रिवेणी कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा नवादा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, नवादा के सभागार में ₹डिजिटल हेल्थ एवं नर्सिंग प्रैक्टिस₹ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सह प्रमाण-पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न नर्सिंग पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार झ सह अध्यक्ष झ सह प्रभारी मंत्री जिला कार्यान्वयन समिति, नवादा के माननीय मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने अपने संबोधन में कहा कि यदि विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ना है तो उन्हें निरंतर संघर्ष एवं परिश्रम करना होगा। उन्होंने कहा कि ₹नर्स का दूसरा स्वरूप माँ के समान होता है।₹ समाज में नर्सों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कोरोना काल में नर्सों ने जिस समर्पण, सेवा और त्याग का परिचय दिया, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। जब लोग अपने परिजनों से भी दूर हो रहे थे, उस समय नर्सों ने मानवता की सेवा कर मातृत्व और करुणा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने नर्सिंग पेशे से जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें सेवा के इस महान कार्य में और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि नर्सों को सेवा की प्रतिमूर्ति भी माना जाता है। वे अस्पतालों में मरीजों की देखभाल करने के साथ-साथ चिकित्सकों की सहायता करती हैं तथा रोगियों के स्वास्थ्य एवं आराम का विशेष ध्यान रखती हैं। मॉडर्न शैक्षणिक समूह, नवादा के सचिव डॉ. शैलेश कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि संस्थान नर्सिंग शिक्षा के विकास एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर समर्पित है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं सेवा-भाव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को धन्यवाद दिया ।समारोह में बड़ी संख्या में प्रशिक्षु, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिसमें गुरु बिंदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से शोभा कुमारी, विभा कुमारी, शिवानी कुमारी, मोतीमणि, रविकांत कुमार, शंकर कुमार, अक्षय कुमार एवं गौरव कुमार उपस्थित रहे। त्रिवेणी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से निशु कुमारी, कुंदन कुमार, रमेश कुमार एवं संजय कुमार कश्यप तथा नवादा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से प्रीति कुमारी, सोनामणि एवं बालवीर भूषण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन डॉ. मनीराम ने किया, जबकि प्रीति कुमारी एवं शिवानी कुमारी ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

# बिस्कोमान में डीएपी नहीं मिलने से किसान परेशान



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-**वारिसलीगंज प्रखण्ड में खेती किसानी का कार्य शुरू हो गया है। किसान अपने खेतों की जुताई से लेकर बिचड़ा डालने तथा अन्य खरीफ फसलों की बोआई शुरू कर दिए हैं। किसानों को अभी से ही कुछ-कुछ रासायनिक खाद की आवश्यकता पड़ने लगी है। चैनपुरा एवं मकनपुर गांव के कुछ किसान बताते हैं कि धान के बिचड़ा डालने से पूर्व खेतों की तैयारी में तड़ी वाला खाद अर्थात डीएपी अथवा एनपीके डालने से नर्सरी काफी उत्तम कोटि का तैयार होता है। लेकिन जब जिस उर्वरक की आवश्यकता किसान को होती है, विस्कोमान में वह उर्वरक उपलब्ध नहीं होता है। जैसे अभी यूरिया तथा एनपीके की उपलब्धता विस्कोमान में है लेकिन डीएपी नहीं है। जबकि बाजार के लाइसेंसी दुकानदारों के पास डीएपी उपलब्ध है जो निर्धारित कीमत से अधिक राशि भुगतान पर मिलती है। बता दें कि वारिसलीगंज प्रखण्ड के किसानों को खरीफ फसलों के लिए निर्धारित लक्ष्य धान के लिए 8631 हेक्टेयर, मक्का 97.10, दलहनी अनाज 273.25, तेलहन 34.60., मोटा अनाज 77.90 बोआई के साथ कुल 9113.85 हेक्टेयर भूमि पर आच्छादन का लक्ष्य निर्धारित है। जिसकी बोआई से लेकर तैयार होने तक डीएपी एवं यूरिया की आवश्यकता होती है ।किसानों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से धान और गेहूं के मौसम में उर्वरकों की कमी की समस्या बनी हुई है और इस बार भी इसकी शुरुआत बिचड़ा गिराने के समय से ही हो गई है ।उधर सरकारी दुकानों पर धान के बीज की अनुपलब्धता भी किसानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। क्षेत्र के कई किसानों ने बताया कि अच्छी उपज देने वाली तथा देर से पकने वाली कुछ पारंपरिक किस्मों की बुआई रोहिणी नक्षत्र में कर ली गई है, लेकिन कम अवधि में तैयार होने वाली और नवीनतम हाइब्रिड किस्मों के धान बीज अब तक उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। परिणामस्वरूप किसानों को निजी दुकानों से महंगे दामों पर बीज खरीदना पड़ रहा है ।इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी कपिलदेव प्रसाद ने बताया कि विभाग को डीएपी का आवंटन नहीं मिलने के कारण विस्कोमान में फिलहाल डीएपी उपलब्ध नहीं है। हालांकि गोदाम में एनपीके खाद मौजूद है। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह डीएपी का रैक आने की संभावना है, जिसके बाद किसानों को खाद उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विस्कोमान में डीएपी नहीं है, लेकिन बाजार की दुकानों में इसकी उपलब्धता बनी हुई है।

# सोमवती अमावस्या पर महिलाओं ने पीपल वृक्ष के लगाए फेरे



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-**वारिसलीगंज प्रखंड एवं नगर परिषद क्षेत्र में सोमवती अमावस्या के मौके पर सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखकर पीपल वृक्ष में कच्चा सुता बंधवाकर अमर सुहाग की कामना की। इस क्रम में अल सुबह स्नान के बाद सुहागिन महिलाओं ने पूजा की थाल सजाकर निकट के पीपल वृक्ष की जड़ के पास पूजा अर्चना कर तना में कच्चा सुत लपेटकर पारंपरिक तरीके से पूजा की। सुहागिनों ने ब्राह्मणों से व्रत की कथा सुनी। पतियों के दीर्घायु जीवन की कामना को ले दिनभर फलाहार रहकर भगवान का ध्यान किया।वारिसलीगंज नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं पीपल वृक्ष की पूजा करती देखी गई। इस अवसर पर आचार्य राहुल पाण्डेय ने बताया कि सोमवती अमावस्या को चंद्रमा में काफी शीतलता होती है।

# बाबा दुर्वासा धाम की तलहटी में गूंजा जयकारा, गिरगी में भव्य नवचण्डी महायज्ञ व देवी प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत ऐतिहासिक बाबा दुर्वासा धाम की तलहटी में बसे गिरगी गांव में सनातन धर्म के महापर्व श्री श्री 108 श्री नवचण्डी महायज्ञ एवं देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का अत्यंत भव्य और श्रद्धापूर्ण शुभारंभ हो गया है। जिसके प्रथम दिन पूरे क्षेत्र में अभूतपूर्व धार्मिक उत्साह और 'दुर्गा महारानी की जय' के उद्घोष देखने को मिले। पुराने देवी मंडप के नवनिर्माण के पावन उद्देश्य से आयोजित इस दस दिवसीय अनुष्ठान के पहले दिन गांव और आसपास के हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई,जिसमें पवित्र धनार्जय नदी से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल उठाकर श्रद्धालु महिला-पुरुषों और कुंवारी कन्याओं ने गाजे-बाजे के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया और इस मंगलकारी पवित्र जल को गिरगी स्थित नवनिर्मित देवी मंडप में स्थापित कर यज्ञ मंडप का पूजन व संध्याकालीन मंडप प्रवेश संपन्न किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने माता दुर्गतिनाशिनी से समस्त क्लेश, दुख और दरिद्रता को दूर कर असीम कृपा बरसाने की मंगल कामना की। आगामी 25 जून 2026 तक चलने वाले इस महान धार्मिक महायज्ञ में प्रतिदिन भव्य कलश यात्रा, मंडप पूजन, रात्रि प्रवचन, महाआरती, हवन और विभिन्न अधिवासों जैसे दिव्य कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी जिसमें श्री धाम वृन्दावन से पधारीं प्रख्यात कथावाचिका संध्या पाण्डेय के मुखारविंद से संगीतमय दिव्य कथा की रसवर्षा होगी तथा डूमरकोल के लाल बाबा मठ से पधारे संन्यासी बाबा संत नागेन्द्र दास जी महाराज का दिव्य सानिध्य और आशीर्वाद समस्त भक्तों को प्राप्त होगा। इस पूरे अनुष्ठान को वैदिक रीति-रिवाज और पूर्ण शुद्धता के साथ संपन्न कराने के लिए मुख्य यज्ञाचार्य राधेश्याम पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय और उपेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में ब्राह्मणों की टोली जुटी हुई है जिसमें गुड्डू पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय एवं बिट्टू पाण्डेय जैसे विद्वान शामिल हैं वहीं मुख्य पुजारी के रूप में रामजतन पाण्डेय, हीरिल राम, कामेश्वर यादव और अनिल राम अनवरत सेवा दे रहे हैं,जबकि महायज्ञ के सफल संचालन और व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में ग्राम देवी मंडप सेवा समिति गिरगी एवं समस्त ग्रामवासियों के साथ-साथ विजय यादव, भूषण विश्वकर्मा, रामस्वरूप राम, रविन्द्र कुमार, रवि रंजन कुमार, चन्द्रिका यादव, संतोष कुमार, पप्पू कुमार, शंभू कुमार, सूरज कुमार, पवन कुमार, सरजू राम और राहुल पाण्डेय सहित सभी तन-मन-धन से समर्पित हैं। आगामी 24 जून को मुख्य अनुष्ठान के तहत भव्य देवी प्राण प्रतिष्ठा, हवन, कन्या पूजन व ब्राह्मण भोजन कराया जाएगा।

# रजौली के लाल हिमांशु सिंह जमशेदपुर में सम्मानित, नेशनल वन-स्टार बॉक्सिंग रेफरी व जज बनने पर क्षत्रिय संघ ने किया सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** रजौली के एक छोटे से गांव छपरा से निकलकर राष्ट्रीय मंच पर पहचान बनाने वाले हिमांशु सिंह नवादा जिले का पहला नेशनल वन-स्टार बॉक्सिंग रेफरी व जज बनने पर जमशेदपुर के माइकल जॉन ऑडिटोरियम में झारखंड क्षत्रिय संघ द्वारा सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों समेत बिहार-झारखंड के खेल जगत में खुशी की लहर है। इस कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम विधायक सरयू राय, डिप्टी मेयर अंकुर सिंह, झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शम्भू नाथ सिंह, संघ के महिला इकाई के अध्यक्ष डॉ. कविता परमार, कार्यक्रम समन्वयक मंजू सिंह एवं एपी सिन्हा मौजूद रहे। बीते मार्च माह में आंध्र प्रदेश में आयोजित 'सामी रामकृष्णम राजू ट्रॉफी 2026' यू-23 पुरुष एवं महिला ओपन बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इसी दौरान इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा नेशनल 'वन-स्टार' रेफरी एवं जज की परीक्षा ली गई। हिमांशु ने तकनीकी और व्यावहारिक दोनों चरणों में बेहतरीन अंकों के साथ सफलता प्राप्त की थी।

**नवादा के पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी:** हिमांशु की यह जीत कई मायनों में ऐतिहासिक है। वे नवादा जिले के पहले ऐसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने अब जिले के पहले नेशनल रेफरी और जज बनने का गौरव भी हासिल कर लिया है। झारखंड मुक्केबाजी संघ से जुड़े होने के कारण वे राज्य के छठे ऐसे अधिकारी बन गए हैं, जिन्होंने आईबीएफ के अंतर्गत नेशनल लेवल वन-स्टार का दर्जा प्राप्त किया है।

**अब राष्ट्रीय मंचों पर निभाएंगे भूमिका:** इस कामयाबी के साथ हिमांशु अब राष्ट्रीय स्तर के मैचों में आधिकारिक निर्णायक की भूमिका निभाने के लिए अधिकृत हो गए हैं। एक खिलाड़ी के रूप में रिंग के भीतर जलवा बिखेरने के बाद अब वे बाहर एक निष्पक्ष निर्णायक के रूप में देश के मुक्केबाजों के भविष्य का फैसला करेंगे।

**गांव में जश्न का माहौल:** हिमांशु की इस दोहरी सफलता की खबर जैसे ही उनके पैतृक गांव छपरा पहुंची, जश्न का माहौल बन गया। ग्रामीणों और स्थानीय खेल प्रेमियों ने इसे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक पल बताया। लोगों का कहना है कि हिमांशु ने साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प हो, तो संसाधनों की कमी और छोटे शहर की सीमाएं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में बाधा नहीं बन सकतीं। उनकी यह उपलब्धि रजौली और नवादा के उभरते खिलाड़ियों के लिए ऊर्जा का नया संचार करेगी।

# नव निर्मित सभागार का विधायक विमल राजवंशी ने किया उद्घाटन, जनकल्याण शिविर में 95 मामलों का निष्पादन

लोकतंत्र की आवाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा)।** सिरदला प्रखंड परिसर में नवनिर्मित सभागार कक्ष का उद्घाटन मंगलवार को रजौली विधायक विमल राजवंशी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपेश कुमार, अंचलाधिकारी भोला कुमार, बीपीआरओ पुरुषोत्तम चौधरी समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद सभागार में सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया, जहां विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों पर लोगों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया गया। शिविर में कुल 95 मामलों का निपटारा हुआ। इनमें आयुष्मान कार्ड के 16, वृद्धा पेंशन के 5, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 17, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के 12, मुख्यमंत्री विवाह योजना के 14, प्रधानमंत्री आवास योजना के 7, मनरेगा जॉब कार्ड के 6, किसान क्रेडिट कार्ड के 5, किसान सम्मान निधि के 7, परिवार योजना के 1 तथा लेबर कार्ड के 7 मामले शामिल रहे। विधायक विमल राजवंशी ने कहा कि सरकार आम लोगों को सरकारी सेवाएं सरल, पारदर्शी और सुलभ तरीके से उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नए सभागार से प्रखंड स्तरीय बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं जनसुनवाई के आयोजन में सुविधा होगी। बीडीओ दीपेश कुमार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को कार्यालयों के चक्कर से राहत देकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर योजनाओं का लाभ उठाया।

# गयाजी : श्रेयसी सिंह ने कहा - न राजनीति,न निशानबाजी,विरासत में मिली है संस्कार

लोकतंत्र की आवाज

**गयाजी।** गया सेन्ट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स के 64 वी वार्षिक आमसभा के शुभारंभ के पहुची बिहार सरकार के लोकप्रिय मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि उन्हें किसी पद की लालसा नही की जिंदगी में,लेकिन परिवार के लोग पोलिटिकल जुड़ाव जरुर लगी कि मेरी मा पुतुल देवी सांसद रही और मेरे पिता जी राष्ट्रीय नेशनल राइफल एसोशिएशन के अध्यक्ष भी रहे हैं। बहुत लोग कहते हैं कि आपको तो निशेनाबाजी और राजनीतिक दोनो विरासत में मिली है, लेकिन आप सभी गया वासियों को को स्पष्ट बता दू कि न तो मुझे राजनीति और न ही मुझे निशानबाजी विरासत में मिली,अगर मुझे कुछ विरासत मिला तो वह है पिता स्व दिग्विजय सिंह व मा पुतुल कुमारी का संस्कार,आज उन्हीं के संस्कार के साथ में राजनीति में आई हू मेरे जमुई विधानसभा श्रेत्र है जहा भाजपा कभी भी नही जीती थी पर जमूई की जनता का आभार व्यक्त करती हू की मुझे 2020 मे 41 हजार वौटो देकर सदन भेजने का काम किया था।2025 में दुसरी बार 54 हजार सात सौ वोटो से जीत दिलाकर मुझे सदन भेजने का काम किया है। आगे बताया कि गया में उधोग जगत के कयी बढे बढे काम किए जा रहे हैं।डोभी में 13 सौ एकड में इंटीग्रिटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी बनने जा रहा है जहा पर हर चिजो का मैन्युफैक्चरिंग होगा,इस सभा में उन्होंने गया जिला के डीआईसी एवं बीआईएडीए के जीएम को सख्त निर्देश दिए कि अगले हफ्ते या जुलाई में सेन्ट्रल बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ आइएमसी की बैठक में बुलाए एवं





साथ में बैठक किजीए।इन लोगों का सुझाव भी ले, इनके सुझाव को मेरे पास वाइस नोट बनाकर मंत्रालय को भेजे। सिंगल विंडो सिस्टम पर भी बिहार में डिले की बात सुनते थे। लाइसेंस के लिए अक्सर फाइल अटक जाती थी पर अब उधोग विभाग फाइल को अप्रूवल के लिए जो भी सबमिट करेगा तो तिस दिन के अंदर उन्हें लाइसेंस मिल जाएगा।अगर 30 दिन के अंदर लाइसेंस नही मिला तो 31 वा दिन ओटोमेटिक प्राप्त हो जाएगा।

**उद्योग विभाग में दलालों पर करवाई करने के लिए मंत्री सख्त:** इस समारोह में मंत्री श्रेयसी सिंह ने गया जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि समय समय पर मोरटेनिग आवश्यक है। जानकारी मिलती है कि कुछ पार्टिकुलर लोगो के माध्यम से ही सिर्फ उनका एप्लिकेशन लिए जा रहे हैं इसकी सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं।एक आदमी बार बार उधोग विभाग कार्यालय क्यु आ रहा है उस पर करवाई कीजिए कि वह अपना काम कराने आता है या अपना पोकेट भरने,हम किसी भी हालत में करप्शन को टालरेट नही करेगे, कोई भी गड़बड़ी करे तो मुझे अवश्य सुचना दे।

**सुब्रमणियन स्टेडियम का जल्द होगा जीर्णोद्धार:** गया के गाधी मैदान स्थित हरिहर सुब्रह्मण्यम स्टेडियम का काया कल्प जल्दी जीर्णोद्धार किया जा रहा है।अपने जीवन पर भी लोगों को जानकारी दी। आगे कहा कि मेरा लक्ष्य स्पष्ट है और निशाना कभी नही चुकता है।एक निशानेबाज के अपने अनुभव को भी साझा किया है। वही गया जिला अध्यक्ष प्रमोद भदानी ने कहा कि जिलाधिकारी एवं पती पत्नी को सम्मानित किया उनका भी स्वागत किया हु। चेम्बर्स आफ कामर्स ने मुझे चुना है उसके लिए धन्यवाद देता हूं।आज तक चेम्बर्स आफ कामर्स के परम्परा मे कमी आने नही दुगा। मंत्री श्रेयसी का योशस्वी संसोधन के भाषण से मे बहुत ही प्रभावित हुई है। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का स्थापना किया गया है।सभी लोग जाएगे और काम करेगे,सिगल विडो स्सिसटम तिस दिन से एकतीस दिस नही होगा,राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा गया जी तोफा का भरमार है।प्लाइवोर का जाल बिछ रहा है।गया जी के लिए गर्व और खुशी का विशय है।

# देवबंद में किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

**लोक तंत्र की आवाज**

**असद सिद्दीकी**

**देवबंद, सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) के पदाधिकारियों ने किसानों एवं आम जनता की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी देवबंद के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि तहसील क्षेत्र में किसानों से जुड़ी समस्याओं के समाधान में प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि तहसील देवबंद के कुछ लेखपाल भोले-भाले किसानों को आपस में विवाद में उलझाकर उनका शोषण कर रहे हैं। कृषि भूमि की पैमाइश के लिए कथित रूप से निजी व्यक्तियों को लगाया गया है, जो किसानों से पैमाइश के नाम पर अवैध रूप से धन उगाही करते हैं। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा संबंधित व्यक्तियों को तत्काल हटाने की मांग की।

इसके अलावा तहसील संग्रह कार्यालय के संग्रह अमीनों पर झूठी रिकवरी रिपोर्ट लगाकर मामलों को लंबित रखने का आरोप लगाया गया।



ज्ञापन में कहा गया कि राजस्व परिषद, लखनऊ के आदेशों के बावजूद भवन धनराशि से संबंधित रिकवरी प्रकरण लंबित पड़े हैं। संगठन ने अमीनों की कार्यप्रणाली की जांच कर कार्रवाई की मांग की।


किसान यूनियन ने देवबंद फ्लाईओवर के नीचे फैले अतिक्रमण को भी गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि इससे लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। साथ ही फ्लाईओवर में बरसाती पानी की निकासी के लिए लगाए गए पाइप टूटे होने के कारण बारिश का पानी नीचे गुजरने वाले लोगों पर गिरता है। संगठन ने बरसात से पहले पाइपों को बदलवाने की मांग की।

ज्ञापन में भयाला रोड पर निर्माणाधीन रेलवे फ्लाईओवर के कारण पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से भयाला फाटक बंद होने का मुद्दा भी उठाया गया किसानों का कहना हे कि इससे स्थानीय लोगों को शहर आने जाने के लिए लगभग 2 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है उन्हें राहत के लिए फाटक की एक साइड खोलने की मांग की

संगठन ने आरोप लगाया कि तहसील देवबंद में लेखपाल कानूनगो ओर अमीन किसानों की समस्याओं का समाधान करने के बजाए उन्हें टालते रहते हे ऐसे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की गई ज्ञापन में शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक तथा ग्रामीण क्षेत्र में आवारा पशुओं द्वारा पहलुओं को पहुंचाई जा रहे नुकसान के भी उल्लेख किया गया है संगठन ने ग्रामीण क्षेत्र में आवरा पशुओं द्वारा फसलों को पहुंच जा रहे नुकसान का भी उल्लेख किया गया संगठन ने प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

इसके अलावा किसानों की भूमि पर भू माफियाओं द्वारा किए गए कथित कब्जों का मुद्दा उठाते हुए कहा गया कि शिकायतों के बावजूद संबंधित अधिकारी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं संगठन ने भू माफियाओं के द्वारा किए गए कथित कब्जों का मुद्दा उठाते हुए कहा गया कि शिकायतों के बावजूद संबंधित अधिकारी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं संगठन ने भू माफियाओ के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अपर जिलाधिकारी राजीव राज ने एन्यूटी लेने इच्छुक धार्मिक संस्थाओं के आवेदन पत्र आमंत्रण किए जा रहे



**लोकतंत्र की आवाज**

**उरई जालौन।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राजीव राज ने एन्युटी लेने की इच्छुक धार्मिक संस्थाओं के दावा/आवेदन पत्र आमंत्रण के विषय में बताया कि कार्यालय आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0, अनुभाग-5, लखनऊ के पत्र दिनांक 10.02.2026 के माध्यम से आगामी वित्तीय वर्षों में वार्षिकी (एन्युटीज) भुगतान प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं वास्तविकता सुनिश्चित करने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। इस क्रम में एन्युटी भुगतान हेतु पात्र, जनपद की समस्त धार्मिक संस्थाएं, जो जनपद के एन्युटी रजिस्टर में दर्ज हों और राजस्व परिषद स्तर से डीबीटी प्रणाली के अन्तर्गत एन्युटी प्राप्त करना चाहती हैं, से अपेक्षा है कि वे इस विज्ञप्ति की प्रकाशन की तिथि से अगले 2 सप्ताह के भीतर अपने दावे एवं अद्यतन विवरण (इच्छा पत्र, बैंक खाता विवरण-कैंसिल चैक / पासबुक की प्रमाणित छायाप्रति, संस्था विवरण) जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में दावा प्रस्तुत न करने की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि संबंधित धार्मिक संस्था एन्युटी लेने की इच्छुक नहीं है, और उसकी सूचना शून्य मानी जायेगी। अधिक जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय भूलेख कार्यालय, कलेक्ट्रेट उरई, जनपद जालौन से सम्पर्क कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर देसी शराब की दुकान पर सेल्समैन और ग्राहकों में मारपीट, दो का शांति भंग में चालान



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट पायल कुमारी

नजीबाबाद। थाना मंडावली क्षेत्र के टेंपो स्टैंड रोड स्थित देसी शराब की दुकान पर शराब खरीदने को लेकर हुए विवाद ने अचानक उग्र रूप धारण कर लिया। विवाद के दौरान सेल्समैन और कुछ ग्राहकों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शराब की दुकान के समीप स्थित कैंटीन में बैठे कुछ ग्राहकों और सेल्समैन के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान लाठी-डंडे भी चले, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।घटना की सूचना मिलते ही थाना मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि मामले में दो व्यक्तियों के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई करते हुए चालान किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### समाज को सही सामाजिक और राजनीतिक दिशा नहीं मिली इसलिए सत्ता से दूर रहा : संजय गुर्जर



लोक तंत्र की आवाज

असद सिद्दीकी

देवबंद ।16 जून गुर्जर समाज का चित्रकूट में तीन दिवसीय चिंतन सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है, जिसमें देश व प्रदेश के गुर्जर समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के संयोजक भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन तथा पीडीएमएम गठबंधन के प्रमुख संजय गुर्जर ने पत्रकारों से चर्चा में कहा है कि गुर्जर समाज देश की आजादी में अग्रणी कौम है। सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से गुर्जर समाज को और मजबूत होने की आवश्यकता है। समाज में फैल रही बुराइयां और समाज के युवाओं को सामाजिक और राजनीतिक चेतना देने के लिए देश की राजनीति में गुर्जर समाज उभर कर आए और नई विचारधारा उत्पन्न हो ताकि समाज को प्रभावशाली बनाया जाए। आजादी से लेकर अब तक गुर्जर समाज राजनैतिक नेतृत्व विहीन रहा है इसलिए समाज के सभी लोग दलगत राजनीति से ऊपर उठकर गहन चिंतन, मनन और अध्ययन करें और समाज में एक बड़ा बदलाव हो इसलिए इस तरह के चिंतन शिविरों का आयोजन होना चाहिए और आगामी समय में होता रहेगा। बुंदेलखंड क्रांतिकारियों की भूमि है, यहां की भूमि ऐतिहासिक है। यहां महापुरुषों ने और योद्धाओं ने जन्म लिया है इसलिए चित्रकूट में गुर्जर चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।चित्रकूट शांति, सद्भावना, धार्मिकता, प्रबुद्धता, धैर्यता और संतों की भूमि है श्री रामचंद्र जी ने यहां वनवास का समय व्यतीत किया था इसलिए अच्छे कार्य के लिए और समाज को सामाजिक और राजनीतिक दिशा देने के लिए चित्रकूट सबसे बेहतर स्थान है। चित्रकूट के आसपास के सभी जिलों के लोग और बुंदेलखंड के सभी लोग इसमें पूर्ण सहयोग, समर्थन और सम्मान दे रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रम हमेशा समाज में बदलाव लाते हैं।

### बिजनौर नारायणपुर रतन में मिट्टी खनन से सड़क को नुकसान, ग्रामीणों ने उठाई तत्काल कार्रवाई की मांग




लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

नजीबाबाद। थाना मंडावली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर रतन उर्फ टांडा भगत सिंह स्टेडियम के निकट जेसीबी मशीनों एवं ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से किए जा रहे कथित मिट्टी खनन को लेकर क्षेत्र में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़े पैमाने पर मिट्टी उठान के कारण न केवल कृषि भूमि प्रभावित हो रही है, बल्कि हाल ही में सरकारी धन से निर्मित सड़क भी क्षतिग्रस्त होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से शिकायतें उठाए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। भारी वाहनों के लगातार संचालन से सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बनने लगे हैं, जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी संपत्ति को हो रहे नुकसान के बावजूद प्रभावी रोकथाम नहीं हो रही। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि मिट्टी उठान पूरी तरह नियमों के तहत हो रहा है तो संबंधित अनुमति और मानकों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। वहीं यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले में केवल औपचारिकता न निभाई जाए, बल्कि सड़क को हुए नुकसान, भारी वाहनों के संचालन तथा मिट्टी उठान क्षेत्र में भारी वाहनों के संचालन पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि जनता अब केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं है। क्षेत्रवासी चाहते हैं कि सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई कर प्रशासन अपनी जवाबदेही साबित करे।

### तहसील सदर निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दिए गुणवत्तापूर्ण न्यायिक कार्यवाही के निर्देश




लोकतंत्र की आवाज

करीम खान

गोण्डा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सोमवार को तहसील सदर गोण्डा का निरीक्षण कर राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसीलदार सदर के न्यायालय का निरीक्षण किया तथा न्यायिक कार्यों के संचालन संबंधी अभिलेखों एवं फाइलों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को निर्देशित किया कि सभी वादों एवं प्रकरणों की सुनवाई पूर्ण पारदर्शिता एवं नियमानुसार सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना शासन की प्राथमिकता है। इसलिए अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करते हुए न्यायालय की कार्यक्षमता को और बेहतर बनाया जाए,जिससे आमजन को त्वरित न्याय प्राप्त हो सके तथा वादकारियों को किसी प्रकार की असुविधा या शिकायत का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि न्यायालय में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को पूरा अवसर प्रदान किया जाए तथा उनकी बातों को निष्पक्षता के साथ सुना जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को राजस्व संबंधी मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी रिंकी जायसवाल, तहसीलदार सदर मनीष कुमार, नायब तहसीलदार सदर चंदन जायसवाल सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## देवबंद-मंगलौर चौकी क्षेत्र में अवैध खनन का खेल जारी, रात में गुजर रही मिट्टी से भरी ट्रालियां



**लोक तंत्र की आवाज**

**असद सिद्दीकी**

**देवबंद/मंगलौर।** क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार देवबंद-मंगलौर चौकी क्षेत्र में देर रात तक मिट्टी का अवैध खनन जारी है। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन रात्रि लगभग 10 बजे के बाद मिट्टी से भरी ट्रालियां पुलिस चौकी के सामने से होकर गुजरती हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लगातार हो रहे इस अवैध खनन से राजस्व विभाग को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं प्रशासनिक कार्रवाई पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।


क्षेत्रवासियों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले का संज्ञान लेकर अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाता है।

## बिजनौर जहर देकर गर्भवती महिला की जान लेने की कोशिश, अजन्मे बच्चे पर भी खतरा

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**नजीबाबाद।** नगर के मोहल्ला मुगलुशाह से एक बेहद संवेदनशील और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 8 माह की गर्भवती महिला को कथित रूप से जहर देकर मारने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और पीड़ता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार आईसीयू में चल रहा है। पीड़िता रुखसार पत्नी मारूफ के परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा लंबे समय से उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि आए दिन पैसों की मांग की जाती थी और मांग पूरी न होने पर मानसिक



व शारीरिक रूप से परेशान किया जाता था। परिजनों का यह भी कहना है कि गर्भवती होने के बावजूद रुखसार की उचित देखभाल नहीं की जा रही थी।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 8 बजे रुखसार की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसकी हालत तेजी से खराब होने लगी, जिसके बाद परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर

- 8 माह की गर्भवती महिला को जहर देकर मारने की कोशिश ससुराल पक्ष पर लगे गंभीर आरोप

पहुंचे। चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे आईसीयू में भर्ती कर लिया।

बताया जा रहा है कि उपचार के दौरान जहर दिए जाने की आशंका भी जताई गई, जिसके बाद मामला और गंभीर हो गया। घटना को लेकर पीड़ति के पिता रियाजुल हक उर्फ भोलू (डिश वाले) ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर ससुराल पक्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि उनकी बेटी को योजनाबद्ध तरीके से नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया है, जिससे उसकी और गर्भ में पल रहे बच्चे की जान खतरे में पड़ गई। सूत्रों के अनुसार घटना के समय घर में पीड़ति की सास और बड़ी ननद मौजूद थीं। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चिकित्सकीय रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह घटना एक बार फिर महिलाओं, विशेषकर गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा और घरेलू प्रताड़ना जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर कई सवाल खड़े कर रही है। क्षेत्र में इस घटना को लेकर लोगों में चर्चा का माहौल है और आरोपी पक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है। यह समाचार पीडति पक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों पर आधारित है। आरोपों की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

## मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद से महिलाओं की समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

**लोकतंत्र की आवाज**

**करीम खान**

**गोण्डा।** मंडलायुक्त कार्यालय में आयोजित मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम महिलाओं की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण का सशक्त माध्यम बन रहा है। सोमवार को आयोजित संवाद कार्यक्रम में 35 महिलाओं ने आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के समक्ष अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। आयुक्त ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार फोटोग्राफ सहित आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



आयुक्त ने कहा कि शक्ति संवाद कार्यक्रम के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाना चाहिए। सोमवार को आयोजित महिला शक्ति संवाद कार्यक्रम में भूमि विवाद, राशन, आवास, वृद्धा पेंशन पुलिस विवाद, पारिवारिक विवाद आदि समस्याएं प्राप्त हुई जिनको आयुक्त द्वारा तत्काल संबंधित अधिकारियों को भेज कर एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए विगत शक्ति संवाद कार्यक्रमों में प्राप्त कई शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण कराया जा चुका है। समस्या का समाधान हो गया। कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई की जा रही है, जिससे महिलाओं को त्वरित न्याय एवं राहत मिल सके। माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा महिलाओं की जनसमस्याओं सुना गया और तत्काल संबंधित अधिकारियों कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

## बिजनौर मुस्सेपुर में खूनी वारदात, पति ने लाइसेंसी बंदूक से पत्नी को उतारा मौत के घाट

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

**मंडावली।** थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मुस्सेपुर में सोमवार को हुई एक सनसनीखेज घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। पारिवारिक विवाद के बीच एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी को लाइसेंसी दो नाली बंदूक से गोली मार दिए जाने की घटना से गांव में दहशत और शोक का माहौल व्याप्त हो गया। गोली लगने से महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतका मीनू (लगभग 45 वर्ष) पत्नी पुष्पेंद्र थीं। घटना सोमवार दोपहर लगभग तीन बजे की बताई जा रही है। मीनू हरिद्वार जनपद के बहादराबाद क्षेत्र में नौकरी करती थीं और एक दिन पूर्व ही अपने पैतृक गांव मुस्सेपुर पहुंची थीं। मृतका के पिता राम सिंह ने बताया कि सोमवार



सुबह ही पुष्पेंद्र का फोन आया था, जिसमें उसने किसी पारिवारिक विवाद का अंतिम निर्णय करने की बात कही थी। पक्षों को समझाने का प्रयास कर लौटे थे, लेकिन कुछ ही घंटों बाद यह दुखद घटना घटित हो गई। ग्रामीणों के अनुसार मीनू, पुष्पेंद्र की दूसरी पत्नी थीं। बताया जाता है कि करीब 21 वर्ष पूर्व पुष्पेंद्र की पहली पत्नी का निधन हो गया था, जिसके बाद उसने मीनू से न्यायालय में विवाह किया था। पहली पत्नी से उसके चार बच्चे हैं, जबकि मीनू का एक पुत्र है। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य भी घर पर मौजूद बताए जा रहे हैं।

दिनदहाड़े हुई इस वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल घटनास्थल का रुख किया। एसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह, एएसपी गौतम राय, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद आकांक्षा गौतम तथा थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों व ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है था कि पारिवारिक विवाद इतना भयावह रूप ले लेगा कि एक महिला को अपनी जान गंवानी पड़ेगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद दोषी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बिजनौर स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से दम तोड़ती चिकित्सा व्यवस्था

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**बिजनौर।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते जनपद में स्वास्थ्य सेवाएं बद से बदतर होती जा रही है गरीब इंसान अगर बीमार पड़ जाए तो उसके जहन में यह सवाल उठता है कि सरकारी अस्पताल में जाकर उसका तजुर्बेकर डॉक्टरों द्वारा निशुल्क इलाज हो जाएगा परंतु जिले के अनेक अस्पतालों में उल्टी गंगा बह रही है।

सूत्रों के अनुसार यहां पर गरीब मरीजों की ऐसी जेब काटी जाती है कि वह गरीब मरीज प्राइवेट अस्पताल को ही याद करने लग जाते है क्योंकि जिला संयुक्त चिकित्सालय बिज सरकारी अस्पतालों में प्राइवेट अस्पतालों से भी ज्यादा लूट मची हुई है कमीशनखोरी के

- मरीजों को बाहर से दवाइयां खरीदने के लिये किया जा रहा मजबूर, स्वास्थ्य तंत्र कटघरे में

चलते लाखों रुपए का बंदरबांट जिले भर के अस्पतालों में होता है सरकारी अस्पतालों में एक्सरे मशीन ईसीजी मशीन ब्लड टेस्ट करने के लिए लैब उपलब्ध है लेकिन भ्रष्टाचार के चलते मरीज निशुल्क सरकारी सेवाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे है सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि जिले के कई शहरों में सरकारी अस्पतालों में यदि सीरियस मरीज को रात में एडमिट कर दिया जाए तो रात्रि में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं रहता है जिससे तीमारदार डॉक्टर को ढूंढते ढूंढते थककर बैठ जाते हैं अंजाम यह होता है कि मरीज की सांस रुक जाती है जिससे गरीब का घर लुट जाता है अब सवाल यह पैदा होता है कि प्रतिवर्ष सरकार अरबों खरबो रुपए स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च करती है जिसका कुछ ही प्रतिशत लाभ अच्छे डॉक्टरो की सेवाओं के चलते मरीजों को मिल जाता है।

जिले के जिला मेडिकल अस्पताल का सच उस समय सामने आ गया जब मरीज के तीमारदारों ने बाहर की दवाई डॉक्टर द्वारा मंगाने पर हंगामा खड़ा कर दिया और डॉक्टर वे नर्स से इस बीच तीखी नोकझोंक भी हुई सवाल यह भी है कि जहां पर स्वास्थ्य विभाग के सबसे आला अधिकारी, सीएमओ, एडिशनल सीएमओ व नोडल अधिकारी की ड्यूटी के चलते बाहर से दवाइयां मंगाई जा रही है, इससे यह साबित होता है कि आलाधिकारियों का भी इन भ्रष्ट डॉक्टरों को संरक्षण प्राप्त है।

## थाना देहात कोतवाली क्षेत्र में नशीले इंजेक्शन व स्मैक का सेवन करने का वीडियो हुआ वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**लोकतंत्र की आवाज़**

**साजिद सलमानी ब्यूरो चीफ**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से नशीले इंजेक्शन व स्मैक का सेवन करने का वीडियो सामने आया है। वीडियो बनाने वाले व्यक्ति का दावा है कि पूछताछ में नशा करने वालों ने सामग्री दानिश कॉलोनी स्थित एक मेडिकल स्टोर से लाने की बात कही है।

**पुलिस को सौंपा वीडियो:** मामले की जानकारी पर जन जागरण संदेश के रिपोर्टर शादाब चौधरी ने वीडियो की प्रति एसएसपी कार्यालय व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सौंप दी है। पुलिस ने वीडियो की जांच शुरू कर दी है।



**क्या है वीडियो में:** वीडियो में कुछ लोग नशा करते दिख रहे हैं। उनका दावा है कि सामग्री स्थानीय मेडिकल स्टोर से खरीदी गई है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि दुकान पर सीसीटीवी होने के कारण सामग्री दुकान से बाहर से दी जाती है। पुलिस इन बयानों की सत्यता की जांच कर रही है।

**प्रशासन का रुख:** एसएसपी सहारनपुर ने बताया, "वीडियो मिली है। ड्रग इंस्पेक्टर व थाना पुलिस को संयुक्त जांच के निर्देश दिए गए हैं। तथ्यों

- स्थानीय लोगों ने मेडिकल स्टोर से नशे की सामग्री मिलने का लगाया आरोप

की पुष्टि के बाद NDPS Act व Drugs & Cosmetics Act में नियमानुसार कार्रवाई होगी।"

**CMO का बयान:** CMO कार्यालय के अनुसार, "शिकायत गंभीर है। ड्रग इंस्पेक्टर को स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक व CCTV फुटेज चेक करने भेजा जा रहा है। बिना डॉक्टर की पर्ची के नशे की दवा बेचना अपराध है।"

**आरोपी पक्ष का वर्जन:** हसीन मेडिकल स्टोर के संचालक से संपर्क करने पर उन्होंने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया। उनका कहना है, "हम नियमानुसार ही दवा बेचते हैं। शेड्यूल H व H1 दवाएं बिना पर्ची नहीं दी जातीं। हमें फंसाने की साजिश है।"

**बच्चे की मौत का आरोप:** वीडियो बनाने वाले व्यक्ति द्वारा एक बच्चे की मौत का आरोप भी लगाया गया है। इस संबंध में थाना देहात कोतवाली ने कहा कि "अभी तक किसी परिवार ने लिखित शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी।"

**नोट:** वीडियो में दिख रहे व्यक्तियों के बयान व लगाए गए आरोप जांच का विषय हैं। पुलिस जांच व फॉरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही सत्यता स्पष्ट होगी। नशा बेचना व करना दोनों कानूनन अपराध हैं। जन जागरण संदेश किसी भी पक्ष के दोषी होने की पुष्टि नहीं करता।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गलवान घाटी के अमर शहीद कुंदन ओझा की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



लोकतन्त्र की आवाज़
साहिबगंज । लद्दाख की गलवान घाटी में 16जून 2020 को चीनी सेना के साथ हुई हिंसक झड़प में मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले साहिबगंज के वीर सपूत शहीद कुंदन ओझा की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शहीद के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को नमन किया। भारत माता की जय, वीर शहीद अमर रहें का जोरदार नारा लगाया गया। इस कार्यक्रम में एसडीओ अमर जॉन आइन्द, एसडीपीओ सुशील कुमार, सदर सीओ बासुकीनाथ टुडू, मंडरो बीडीओ मेघनाथ उरांव, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडे, झामुमो जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामदरश यादव, पूर्व सैनिकों सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि शहीद कुंदन ओझा का बलिदान राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है और उनकी वीरगाथा सदैव युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी।

### साहिबगंज: नशा मुक्ति को लेकर संकुल संगठन की सभी दीदी ने निकाली रैली



लोकतंत्र की आवाज़
साहिबगंज। सदर प्रखंड के हाजीपुर पूरब पंचायत के पटवरटोला गांव में संकुल संगठन की सभी दीदी ने मिलकर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सखी मंडल की दीदियां नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी आस पास के रहने वाले बुढ़े बच्चे जवान पुरुष महिला सभी को एक साथ मिलकर नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने नशा से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को नशा मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प लेते हुए नशा मुक्ति शपथ ग्रहण किया। समाज के विकास में नशा सबसे बड़ी बाधा है, इसलिए सभी लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक होकर इसके उन्मूलन में सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में जी सी आर पी प्रेमलता देवी, पुनम देवी दिदीया मधु कुमारी, प्रतिमा, देवी, रेखा देवी एवम रुतीन कुमार सभी ने नशा मुक्त गांव एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### अवैध तस्करी के खिलाफ आर पी एफ़ का अभियान जारी, ट्रेन से तस्करी के अवैध विदेशी शराब बरामद



लोकतन्त्र की आवाज़
साहिबगंज/बरहरवा। आरपीएफ़ की टीम द्वारा अवैध तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। और इसी क्रम में बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाली ट्रेनों में अवैध रूप से ले जाए जा रहे विदेशी शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व मे 13409 अप इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन सीट के नीचे से एक बैग में भरा काफी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान ट्रेन संख्या 13409 समय 07 :15 बजे बरहरवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-01 पर आई। ट्रेन के गार्ड साइड स्थित जनरल कोच संख्या ER/125012/C की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कोच की सीट के नीचे एक काले रंग का पिट्ठू बैग रखा हुआ पाया गया। उक्त बैग के संबंध में कोच में उपस्थित यात्रियों से पूछताछ की गई, परंतु किसी भी यात्री ने बैग पर अपना दावा नहीं किया। इसके उपरांत यात्रियों की उपस्थिति में बैग का चैन खोलकर देखा गया, जिसमें विदेशी शराब रखी हुई पाई गई। उक्त बैग में विभिन्न ब्रांड के 4.875 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया. जिसकी अनुमानित कीमत 4680 रुपैया हैं। जब्त विदेशी मदिरा को आवश्यक कार्रवाई हेतु आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया तथा इस संबंध में उत्पाद विभाग,साहेबगंज को सूचित किया गया।आरपीएफ़ इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।तस्करी के खिलाफ ये अभियान लगातार जारी रहेगी।

### खेग्रामस ने शुरू किया सदस्यता अभियान



लोकतंत्र की आवाज
समस्तीपुर। जिले के ताजपुर प्रखंड के मुर्गियाचक में मंगलवार को अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा (खेग्रामस) द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व खेग्रामस प्रखंड सचिव प्रभात रंजन गुप्ता एवं भाकपा (माले) प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने किया। जिस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नेताओं ने संगठन को मजबूत करने तथा गरीबों,खेत मजदूरों और मेहनतकश लोगों के अधिकारों की लड़ाई समेत भूमिहीन को वासभूमि-आवास,जरूरतमंदों का रद्द राशनकार्ड को बहाल करने,शिक्षा-चिकित्सा एवं बुलडोजर राज के खिलाफ आंदोलन को तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने ताजपुर थाना कांड संख्या 98/26 के तहत मोटरसाइकिल मिस्त्री संजीव सहनी हत्याकांड के आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर गहरी चिंता व्यक्त की। नेताओं ने कहा कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल पा रहा है। हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं न्याय की मांग को लेकर 22 जून को ताजपुर थाना का घेराव किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से भाग लेकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। मौके पर मो. कादीर, मो. अख्तर, सुखिया खातून,रुखसाना खातून, जहाना खातून,मो.सितारे सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।सदस्यता अभियान के दौरान संगठन विस्तार और जनसमस्याओं को लेकर आगामी संघर्षों पर भी चर्चा की गई।

# बिंदुधाम दुर्गा मंदिर निर्माण कार्य में रोक लगने से ग्रामीण आक्रोशित, कार्यवाही की मांग

लोकतंत्र की आवाज़

■ सैकड़ो ग्रमीणों ने रांगा थाना व अंचलाधिकारी को की लिखित शिकायत



**साहिबगंज/ पतना।** प्रखंड के झिकटिया बिंदुधाम से एक अनोखा मामला प्रकाश में आया है,जो सामाजिक और धार्मिक दृष्टिकोण से लोगों की आस्था पर सीधा प्रहार है। दरअसल मामला यह है कि बिंदुधाम मंदिर के प्रवेश द्वार के समीप स्थित दुर्गा मंदिर जो वर्षों से अर्धनिर्मित स्थिति में हैं,सालो से यहाँ हर वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जाती है दुर्गा मंदिर कमिटी द्वारा लाखो रुपये का चंदा भी संग्रह किया जाता है परंतु दुर्गा पूजा के बाद कमिटी के लोग गहरी नींद में सो जाते है,मंदिर में न ही छत है न ही दीवार।चंदे की राशि का कोई लेखा जोखा नहीं,और न ही वर्षो से इस मंदिर में एक ईंट तक जोड़ी गई है,

माता रानी के इस अधूरे और खुले पड़े मंदिर प्रांगण में पशु- पक्षियों द्वारा मल-मूत्र कर गंदगी फैलाने से स्थानीय ग्रमीण काफी नाराजगी जता रहे थे। ग्रमीणों को उम्मीद थी कि मंदिर का निर्माण कार्य जल्द सम्पन्न किया जाएगा परन्तु वर्षो बीतने के बाद भी कुछ नहीं होने के बाद झिकटिया के ग्रामीण समाजसेवी दिनेश कर्मकार से अधूरे पड़े दुर्गा मंदिर का निर्माण करवाने का आग्रह किया।जिसके बाद समाजसेवी दिनेश कर्मकार ने ग्रमीणों से कहा कि जल्द से मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों के आग्रह के बाद समाजसेवी दिनेश कर्मकार दुर्गा मंदिर पहुँचकर मंदिर का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य के लिए ईंट इत्यादि की व्यवस्था कर दुर्गा मंदिर प्रांगण में गिराने का काम किया।

परन्तु किसे पता था कि सामाजिक जनप्रतिनिधि के परिवार ही धर्मविरोधी कार्यशैली कर लोगों की आस्था को ठेस पहुँचायेंगे। (15 जून) सोमवार को जैसे ही मंदिर का कार्य शुरू करने की प्रकिया शुरू होने ही वाली थी कि झिकटिया के एक ही परिवार के सदस्यगण मंदिर निर्माण कार्य में रोक लगा दिया।जिससे ग्रामीणों की आस्था को ठेस तो पहुँची ही साथ ही लोग आश्चर्यचकित भी हुए की एक जनप्रतिनिधि ( मुखिया )के परिवार के द्वारा धार्मिक और सामाजिक कार्य बाधा डालना समझ के परे है।

हलाँकि स्थानीय मामले को लेकर सैकडो ग्रमीणों ने रांगा थाना एवं पतना अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देते हुए तलामय टुडु पति-स्व.चांदु सोरेन, जय सोरेन पिता-स्व.चांदु सोरेन एवं पार्वती सोरेन पिता-स्व चांदु सोरेन सभी साकिन-झिकटिया थाना-रांगा के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्यवाही करने की माँग की है।

## रेलवे कर्मचारी द्वारा आपराधिक मामला छुपाने का आरोप, उठ रहे कई सवाल

लोकतंत्र की आवाज

■ वार्ड पार्षद ने महाप्रबंधक पूर्व रेलवे से की निष्पक्ष कार्रवाई की मांग, समान मामले में एक कर्मचारी की सेवा समाप्ति का दिया हवाला

**रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह**
**मुंगेर।** जमालपुर रेल इंजन कारखाना, जमालपुर में कार्यरत एक रेलकर्मी पर नियुक्ति के दौरान अपने विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामले की जानकारी छुपाने का आरोप लगाते हुए वार्ड पार्षद मुकेश कुमार शर्मा ने पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक एवं मुख्य कारखाना प्रबंधक को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि चक्काघर में हेल्पर खलासी के पद पर कार्यरत नवनीत कुमार (टिकट संख्या-4619) ने नियुक्ति के समय भरे गए सत्यापन प्रपत्र (Attestation Form) में अपने ऊपर दर्ज आपराधिक मामले का उल्लेख नहीं किया। ज

बकि उन्होंने कार्यपालक दंडाधिकारी, मुंगेर के समक्ष शपथ पत्र देकर यह घोषणा की थी कि उनके विरुद्ध भारत या विदेश में कहीं भी कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है, न ही वे किसी मामले में दोषसिद्ध हैं और यदि भविष्य में ऐसी कोई जानकारी सामने आती है तो रेलवे प्रशासन उनकी सेवा समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होगा। वार्ड पार्षद ने दावा किया है कि उन्होंने इस मामले की जानकारी रेलवे प्रशासन को लिखित एवं मौखिक रूप से दी थी। इसके बाद गठित जांच समिति ने मामले की जांच की, जिसमें कथित रूप से यह तथ्य सामने आया कि संबंधित कर्मचारी ने अपने विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामले की जानकारी सत्यापन प्रपत्र में नहीं दी थी। आरोप है कि कर्मचारी ने जांच समिति के समक्ष भी इस तथ्य को स्वीकार किया। मुकेश कुमार शर्मा ने प्रश्न उठाया है कि जब जांच में आरोप सही पाए गए, तब भी संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध अब तक सेवा से पृथक करने की कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने आशंका जताई कि कहीं नियमों की अनदेखी कर मामले को दबाने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। उन्होंने अपने पत्र में भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण संस्थान (इरमी), जमालपुर के एक अन्य कर्मचारी सोनू कुमार का उदाहरण भी दिया है।

उनके अनुसार, सत्यापन प्रपत्र में आपराधिक मामले की जानकारी छुपाने के आरोप में संस्थान द्वारा 16 मई 2025 को जारी पत्र के माध्यम से सोनू कुमार को रेलवे सेवा से मुक्त कर दिया गया था। वार्ड पार्षद का कहना है कि यदि एक कर्मचारी के विरुद्ध नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की गई है, तो दूसरे मामले में भी समान नियम लागू होने चाहिए। उन्होंने मांग की है कि या तो दोनों मामलों में एक समान कार्रवाई हो । ।उन्होंने महाप्रबंधक पूर्व रेलवे से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर रेलवे नियमों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

## पीरपैंती: श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भक्ति की महिमा का वर्णन



**लोकतंत्र की आवाज**
**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के सुदूरवर्ती दियारा क्षेत्र रामनगर अठनिया में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचिक खुशी किशोरी जी ने श्रीमद् भागवत कथा की महिमा,भक्ति की महिमा, राजा परीक्षित का वर्णन सहित अन्य विषयों पर प्रकाश डाला।आसपास के गांव से हजारों की संख्या में भक्त लोग श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर रहे हैं।इस अवसर पर मुखिया कुंदन कुमार ने बताया कि सार्वजनिक सहयोग से इसको यह आयोजित किया जा रहा है। भागवत कथा श्रवण करने से मानव मात्र का कल्याण होता है। इस कलयुग में भवपार करने के लिए भगवान की भक्ति जरूरी है। भक्ति में शक्ति होती है।वृंदावन धाम से पधारी कथा वाचिका खुशी किशोरी जी ने बताया कि समय-समय पर यज्ञ का आयोजन होने से वातावरण स्वच्छ रहता हैं।

## शिक्षक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर बैठक सम्पन्न

लोकतंत्र की आवाज

पात्र शिक्षकों से प्रपत्र 19 भरने की अपील




**समस्तीपुर।** जिले के विभूतिपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति भवन के सभागार में मंगलवार को दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षक मतदाताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्रियरंजन ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षक मतदाता सूची के अद्यतन एवं अधिक से अधिक पात्र शिक्षकों का नाम सूची में दर्ज कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रामदेव राय ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित शिक्षक मतदाता सूची में अर्हता प्राप्त कई शिक्षकों के नाम अब तक शामिल नहीं हो सके हैं।

उन्होंने ऐसे सभी शिक्षकों से निर्धारित प्रपत्र 19 भरकर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, समस्तीपुर के कार्यालय में शीघ्र जमा करने की अपील की, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में प्रभावी एवं सशक्त प्रतिनिधित्व के लिए प्रत्येक पात्र शिक्षक का मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक है। संस्कृत साहित्य परिषद के अध्यक्ष बाबू प्रसाद शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज लोकतांत्रिक मूल्यों का संवाहक और जागरूक प्रहरी है। उन्होंने शिक्षकों से मतदाता पंजीकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा अपने सहकर्मी शिक्षकों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

बैठक को समाजसेवी दिलीप नारायण सिंह उर्फ पप्पू जी, प्रधानाध्यापक डॉ.ललितेश्वर प्रसाद,बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रखंड सचिव विनोद प्रभाकर,गणेश कपूर,नीरज कुमार चौधरी,दुर्गा प्रसाद, दिनेश सहनी,राज किशोर शर्मा, चंदन कुमार,अमरजीत ठाकुर, घनश्याम कुमार राय,अमरेश कुमार,अमरजीत कुमार,राम निहोरा साह,भोला चौधरी,धर्मेंद्र कुमार सहनी तथा अन्य शिक्षकों एवं शिक्षाविदों ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों पर एकजुट रहने और अधिकाधिक पात्र शिक्षकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की आवश्यकता पर बल दिया।बैठक के अंत में उपस्थित शिक्षकों ने शिक्षक मतदाता सूची के व्यापक अद्यतन अभियान को सफल बनाने तथा पात्र शिक्षकों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित कराने का सामूहिक संकल्प लिया।

## बिहपुर प्रखंड मैदान में सहयोग शिविर आयोजित, विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सुनीं लोगों की समस्याएं



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** बिहार सरकार के निर्देश पर मंगलवार को बिहपुर प्रखंड मैदान में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निष्पादन करना तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना था। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण की दिशा में आवश्यक पहल की गई।

शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सत्यानारायण पंडित, बीपीआरओ काजल कुमारी सहित कई विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन लेकर शिविर में पहुंचे।

ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, भूमि विवाद एवं दाखिल-खारिज, पेयजल, जल निकासी, सड़क निर्माण, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र सहित अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के आवेदन अधिकारियों को सौंपे। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में पहुंचे लोगों ने बताया कि एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपलब्धता से उन्हें अपनी समस्याएं रखने में काफी सहूलियत हुई। इससे अलग-अलग सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से भी राहत मिली।

प्रखंड प्रशासन की ओर से बताया गया कि बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। सहयोग शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निर्धारित प्रक्रिया के तहत समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आम लोगों की समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके। सहयोग शिविर के आयोजन से स्थानीय लोगों में संतोष का माहौल देखा गया और उन्होंने बिहार सरकार की इस पहल की सराहना की।

## जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, मुंगेर की समीक्षात्मक बैठक में संग्रहालय सभागार में

लोकतंत्र की आवाज



**रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह**
**मुंगेर।** श्री संजय कुमार माननीय मंत्री गन्ना उद्योग विभाग, बिहार-सह-प्रभारी मंत्री, मुंगेर की अध्यक्षता में आयोजित हुई।बैठक में जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल , मुंगेर विधायक कुमार प्रणय, विधान् परिसद्, लाल मोहन गुप्ता, मुंगेर जदयु जिलाअध्यक्ष भाई सौरभ निधि, मेयर कुमकुम देवी, जिलाधिकारी निखिल धनराज, निप्पाणीकर, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, समिति के सदस्य बबिता राय मंडल सहित समिति के सभी सदस्यों एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सभी ने जिले मे चल रहे योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ भारत अभियान, जीविका, मनरेगा, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, उर्जा, राजस्व एवं भूमि सुधार, उद्योग, नगर विकास एवं आवास, श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर बिंदुवार चर्चा करते हुए उसकी समीक्षा की गई। इसके पूर्व मुख्य मंत्री समग्र शहरी विकास योजना की समीक्षा की गई, जिसमें जिले के विकास के लिए संचालित एवं कार्यान्वित योजनाओं के गुणवत्ता पूर्ण कार्य करते हुए उसे ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया। तथा बबिता राय मंडल ने जिले सहित धरहरा प्रखंड के विकास से जड़े योजना मे चल तीव्रगति पुरा करने की माँग रखी तथा विभिन्न क्षेत्रों के समस्या को बैठक मे माँग रखी।

## पीरपैंती के गरीबों की जमीन लेकर विकास नहीं, न्याय के साथ विकास चाहिए: ई. ललन कुमार

लोकतंत्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** भागलपुर, 16 जून। पूर्व विधायक, पीरपैंती एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक फोरम (रजि.) के संस्थापक सह अध्यक्ष ई. ललन कुमार ने पीरपैंती अंचल के मोहनपुर-मधुबन पंचायत अंतर्गत मौजा फौजदारी में सलेमपुर घाट एच.एल. पुल एवं संपर्क पथ निर्माण कार्य से प्रभावित अनुसूचित जाति एवं भूमिहीन परिवारों को उचित मुआवजा एवं पुनर्वास उपलब्ध कराने की मांग की है।इस संबंध में उन्होंने जिला पदाधिकारी, भागलपुर को एक विस्तृत आवेदन देकर मामले की जांच तथा आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

ई. ललन कुमार ने कहा कि वर्ष 1988 में बिहार सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के भूमिहीन एवं गरीब परिवारों को जीविकोपार्जन एवं कृषि कार्य हेतु भूमि आवंटित की गई थी। वर्तमान में मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के अंतर्गत सलेमपुर घाट पर एच.एल. पुल एवं संपर्क पथ का निर्माण कराया जा रहा है। संपर्क सड़क निर्माण कार्य में कई लाभुक परिवारों की कृषि भूमि का बड़ा भाग अथवा संपूर्ण भूमि उपयोग में आ गया है, जिससे उनके समक्ष गंभीर आर्थिक एवं सामाजिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बताया कि मौजा फौदारी के निवासी सत्यनारायण रविदास सहित लगभग दस परिवार ऐसे हैं जिनकी कृषि भूमि सड़क निर्माण कार्य में चली गई है।

अधिकांश प्रभावित परिवार अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित अत्यंत गरीब परिवार हैं, जिनकी आजीविका का मुख्य आधार यही भूमि रही है। ई. ललन कुमार ने कहा कि सलेमपुर घाट एच.एल. पुल एवं संपर्क पथ निर्माण कार्य उनके विधायक कार्यकाल (2020-2025) के दौरान प्रारंभ हुआ था तथा इसका शिलान्यास भी उसी अवधि में संपन्न हुआ था। इस महत्वपूर्ण जनहितकारी परियोजना को स्वीकृति दिलाने एवं निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किए थे तथा सदन एवं सरकार के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने कहा, "हम विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं। सलेमपुर घाट एच.एल. पुल क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण और बहुप्रतीक्षित परियोजना है। लेकिन विकास की कीमत गरीबों की आजीविका छीनकर नहीं चुकाई जा सकती। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि सभी प्रभावित परिवारों का तत्काल सर्वेक्षण कराया जाए, उनकी सूची तैयार की जाए, भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा संबंधी अभिलेखों की जांच की जाए तथा प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा एवं पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए।

## पूसा सहयोग शिविर में महिला वार्ड सदस्य की बात नहीं सुने जाने पर उठे सवाल, नल-जल और मनरेगा की समस्याएं भी गूंजीं

लोकतंत्र की आवाज



**रामजी कुमार**
**पूसा/समस्तीपुर।** पूसा प्रखंड के दिघरा पंचायत स्थित औद्योगिक उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर के दौरान एक ऐसा घटनाक्रम सामने आया, जिसने जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और जनसुनवाई की प्रक्रिया को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए।

शिविर में जहां विभिन्न विभागों द्वारा लोगों की समस्याओं के समाधान और योजनाओं के लाभ पहुंचाने का दावा किया गया। वहीं एक महिला वार्ड सदस्य की समस्या नहीं सुने जाने को लेकर चर्चा का विषय बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शिविर के दौरान एक महिला वार्ड सदस्य ने पंचायत की समस्या को लेकर विधायक के समक्ष अपनी बात रखने का प्रयास किया। आरोप है कि विधायक के आगे बढ़ जाने के बावजूद महिला अपनी बात कहती रहीं, लेकिन इसी दौरान उनका माइक बंद कर दिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा होती रही कि यदि पंचायत स्तर के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का अवसर नहीं मिलेगा, तो आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई किस प्रकार सुनिश्चित होगी।

शिविर में भीषण गर्मी के बीच विभिन्न वार्डों में पेयजल संकट और नल-जल योजना की समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने कई स्थानों पर जलापूर्ति बाधित होने और लोगों को परेशानी झेलने की जानकारी दी। वहीं पंचायत मुखिया ने मनरेगा से संबंधित समस्याओं और योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों को प्रशासन के समक्ष रखा। हालांकि, शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए स्टॉल पर लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई तथा चिकित्सकीय परामर्श और दवाइयों का लाभ लिया। विभिन्न विभागों के कई कार्य का निस्पादन भी किया गय। मौके पर समाधान किए गये कार्यों की जानकारी भी प्रखंड विकास अधिकारी ने रखी। स्थानीय स्तर पर हुई इस घटना ने सहयोग-सह-जन कल्याण शिविरों की प्रभावशीलता, जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और जनसुनवाई की पारदर्शिता को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

# रजौली और अमावां पूर्वी में सहयोग शिविर का आयोजन, 159 आवेदन पहुंचे, सुविधा के लिए लगाए गए 18 काउंटर

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मंगलवार को रजौली प्रखंड में दो स्थानों पर सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार एवं अमावां पूर्वी पंचायत सरकार भवन में आयोजित इन शिविरों में कुल 159 आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन की सक्रियता से 51 आवेदनों को मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन का भरोसा दिया गया। सहयोग शिविर में जिला स्तर के वरीय पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। डीटीओ नवादा नवीन कुमार पाण्डेय व जिला उद्योग केंद्र से राहुल कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। इनके अलावा बीडीओ संजीव झा, सीओ मो. गुफरान मजहरी, सीडीपीओ सीता कुजूर, बीपीआरओ हरिमोहन कुमार समेत राजस्व, आपूर्ति, पंचायती राज, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा सहित सभी विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने टेबल लगाकर एक-एक कर आवेदकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

**अमावां पूर्वी में 78 आवेदन, 51 का निष्पादन:** अमावां पूर्वी पंचायत सरकार भवन में आयोजित शिविर में कुल 78 आवेदन पहुंचे। शिविर से पूर्व प्राप्त 36 आवेदनों में से 34 का निपटारा शिविर



में ही कर दिया गया। वहीं शिविर के दिन 42 नए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 17 का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। इस तरह पंचायत में कुल 51 आवेदनों का तत्काल समाधान हुआ। शेष 27 आवेदनों को संबंधित विभाग को भेज दिया गया है और अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर निपटारे का आश्वासन दिया।

**प्रखंड मुख्यालय में 81 आवेदन दर्ज:** रजौली प्रखंड सभागार में आयोजित शिविर में कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें जमीन विवाद, राशन कार्ड, पेंशन, आवास योजना, नल-जल, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, म्यूटेशन और उद्योग विभाग से जुड़े मामले प्रमुख थे। अधिकतर मामलों में कागजी कार्रवाई पूरी कर आवेदकों को रिसीविंग दी गई।

**शिविर में रही बेहतर व्यवस्था:** गर्मी को देखते हुए शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीणों के लिए दोनों शिविर स्थलों पर बैठने के लिए टेंट, कुर्सी और शुद्ध पेयजल की उत्तम व्यवस्था की गई थी। टोकन सिस्टम से लोगों को बारी-बारी से बुलाया गया, जिससे किसी को असुविधा नहीं हुई। शिविर में शिकायतकर्ताओं की सुविधा के लिए 18-18 काउंटर लगाए गए थे। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर आयोजित होनेवाली सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना है। डीटीओ नवीन कुमार पाण्डेय ने कहा कि लंबित आवेदनों की मॉनिटरिंग जिला स्तर से की जाएगी और तय समय में निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासन ने अपील की है कि लोग अपनी समस्या से जुड़े सभी कागजात के साथ शिविर में आएं, ताकि मौके पर ही समाधान हो सके।

## संक्षिप्त खबरें ।

### शिवहर : विश्व बाल श्रम निषेध दिवस को लेकर लेकर चलाया गया अभियान



**शिवहर।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जिले के 208 गांवों को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए प्रशासन और सामाजिक संगठनों ने कमर कस ली है।वहीं फतेहपुर थानाध्यक्ष की मौजूदगी में पुलिस बल ने बैठक कर बाल श्रम मुक्त शिवहर की शपथ ली। नायगांव पूर्वी में माता समूह के साथ भी शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जहां जिला प्रशासन,पुलिस और जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन बिहार ग्राम विकास परिषद के संयुक्त प्रयास से पांचों प्रखंडों में अभियान जारी है। उद्देश्य बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक,सभी बीडीओ,जिला श्रम अधीक्षक और पुलिस विभाग अभियान में सक्रिय हैं। स्कूल से बाहर बच्चों की पहचान कर पुन: नामांकन,बाल श्रम रोकथाम और जागरूकता के लिए नियमित बैठकें हो रही हैं। वहीं बिहार ग्राम विकास परिषद स्कूलों में मीना मंच, किशोरी समूह और बाल संसद के जरिए बच्चों व माताओं को अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहा है। जिला समन्वयक अनिल कुमार और प्रखंड समन्वयक आरती कुमारी के नेतृत्व में गांव स्तर पर बाल संरक्षण समिति की बैठक,स्कूल भ्रमण और अभिभावक संवाद जारी है। इस अभियान से जिले में बाल श्रम मुक्त समाज की नई उम्मीद जगी है।

### करंट लगने से महिला की मौत, दो मासूम बच्चों के सिर से उठा मां का साया



**केदार नाथ पाण्डेय।**

**पीरपैंती/ कहलगांव।** कहलगांव में एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई है। जानकारी के अनुसार, महिला स्नान करने के बाद कमरे में कपड़े बदलने गई थी। काफी देर तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद दरवाजा तोड़कर परिजन अंदर पहुंचे, जहां महिला अचेत अवस्था में मिली। परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए ले जाने की तैयारी करने लगे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गई है। मां की मौत के बाद बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों में मातम पसरा हुआ है। घटना को लेकर पुलिस को भी सूचना दी गई है।

### भागलपुर : सुरक्षा में बड़ी चूक, फुट ओवर ब्रिज छोड़ पटरी पार कर ट्रेन में चढ़े यात्री



**केदार नाथ पाण्डेय।**

**भागलपुर।** भागलपुर। रेलवे स्टेशन पर मंगलवार शाम यात्रियों की लापरवाही और सुरक्षा व्यवस्था की कमी का बड़ा मामला सामने आया। देवघरझसरायगढ़ स्पेशल पैसेंजर ट्रेन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर पहुंचते ही कई यात्री फुट ओवर ब्रिज का इस्तेमाल करने के बजाय प्लेटफार्म नंबर-1 से सीधे पटरी पार कर दूसरे प्लेटफार्म पर पहुंच गए। ट्रेन रुकते ही यात्रियों ने जान जोखिम में डालकर बोगियों में चढ़ना शुरू कर दिया। इस दौरान महिलाओं और छात्राओं की भी भीड़ में मौजूदगी रही। रेलवे की ओर से माइकिंग कर यात्रियों को पटरी पार नहीं करने की अपील की जाती रही, लेकिन इसका असर नहीं दिखा। मामले में सबसे बड़ा सवाल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठा, क्योंकि ट्रेन के आगमन के समय मौके पर फ्ढा और ॅफ्ढ के जवान नजर नहीं आए। सामान्य तौर पर ऐसे समय सुरक्षा कर्मियों की तैनाती रहती है, ताकि यात्रियों को सुरक्षित रास्ते से जाने के लिए रोका जा सके। घटना के बाद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन से स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

## अपनी विभिन्न मांग को लेकर कार्यक्रम पदाधिकारी की मुलाकात



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** बिहार स्टेट टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना भागलपुर से शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुलाकात किया।प्रशिक्षित को प्रशिक्षणचार्य पूर्ण करने की तिथि से प्रशिक्षित वेतनमान सहित वित्तीय लाभ देने की बात कही गई। महोदय से विनम्र अनुरोध किया गया कि इन्हीं शिक्षकों की भांति अन्य सत्र के शिक्षकों को भी वित्तीय लाभ दिया जाना चाहिए।दिव्यांग शिक्षकों को देय दिव्यांग परिवहन भत्ता दिया जाए ।इस संबंध में कई बार महोदय को आवेदन दिया जा चुका है ।परंतु इस पर अभी तक संज्ञान नहीं लिया गया है। अतः इसको गंभीरता से लेते हुए जून महीने में दिव्यांग शिक्षकों को दिव्यांग परिवहन भत्ता दिया जाए। सभी कोटि के शिक्षकों का सभी प्रकार का बकाया भुगतान को शीघ्र करने की कृपा की जाए ताकि शिक्षकों को हो रही आर्थिक परेशानियों से निजात मिल सके।

संघ ने महोदय से अपनी नाराजगी भी जताई जिसमें इस बात का जिक्र किया गया कि पिछले दो बार ज्ञापन दिए जाने के बावजूद कुछ मुद्दे ऐसे रहे हैं जिस पर अभी तक महोदय द्वारा संज्ञान नहीं लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रेम प्रकाश मिश्रा ने कहा कि उम्मीद की जा रही है कि इस बार महोदय द्वारा शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

संघ के प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मिश्रा, प्रदेश महासचिव फिरदौस आलम, प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश कुंदन जिला उपाध्यक्ष अनुपम राजीव,जिला कार्यकारिणी सदस्य राजा कुमार एवं निधि राज,अरविंद कुमार पासवान,सुबोध कुमार, रूपेश कुमार वर्मा,सुषमा कुमारी,रोशन कुमार, पवन कुमार,पूजा कुमारी, रूमी प्रवीण,विवेकानंद,अमितांशु कुमारी संजय कुमार दास, मोहम्मद नसरुल्लाह इत्यादि साइक्लोन शिक्षक उपस्थित थे।

## सीसीटीवी फुटेज से खुला बाइक चोरी का राज, दो आरोपी गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ।** जिले में लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं के बीच सोहसराय थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। मामले में उसके एक सहयोगी को भी गिरफ्तार किया गया है।सोहसराय थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि 14 जून 2026 को पटेल नगर स्थित कारू यादव के घर के पास से एक स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। इस संबंध में सोहसराय थाना में कांड संख्या 178/26 दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच के दौरान आरोपी की पहचान बीच बाजार निवासी धर्मवीर कुमार के रूप में हुई।15 जून को पुलिस ने धर्मवीर कुमार को गिरफ्तार कर पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर मानपुर थाना क्षेत्र के सरबद्दी निवासी रंजन पासवान के घर से चोरी की गई स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई।पूछताछ में धर्मवीर कुमार ने कई अन्य बाइक चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसने आशानगर और बिहार थाना क्षेत्र से ग्लैमर एवं स्प्लेंडर मोटरसाइकिल चोरी करने की बात कबूल की है। पुलिस के अनुसार आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर चोरी की अन्य मोटरसाइकिलों की बरामदगी और गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सरियो जंगली क्षेत्र में पानी के बोतल के नीचे छिपाकर रखे शराब को पुलिस ने किया जब्त, 327.5 लीटर विदेशी शराब बरामद, प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज




**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के धमनी-बुढ़ियासाख सड़क मार्ग के बीच सरियो जंगल से पुलिस बलों ने मंगलवार की शाम पानी के बोतलों के नीचे छिपाकर रखे भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। यह शराब की खेप झारखंड के कोडरमा जिले से रजौली के चटकरी गांव होते हुए चटकरी-बुढ़ियासाख-धमनी सड़क मार्ग से रजौली पहुंचने वाला था। मिली जानकारी के अनुसार एक अज्ञात पिकअप वाहन पर नीचे शराब के कार्टून और ऊपर पानी बोतल की बोतलों को रखकर शराब की खेप लाई जा रही थी। पिकअप वाहन की मदद से शराब तस्कर शराब के दर्जनों कार्टून को पानी की बोतलों से ढककर सरियो जंगल में चला गया था। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि शराब परिवहन की खेप को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर थाने में पदस्थापित एएसआई सहदेव प्रसाद को सशस्त्र पुलिस बलों के साथ भेजा गया। पुलिस बलों ने धमनी-बुढ़ियासाख सड़क से लगभग 500 मीटर दूर जंगली क्षेत्र में रखे विदेशी शराब और पानी के बोतल के दर्जनों पैकेटों को बरामद किया है। बरामद शराब में रॉयल स्टैग एवं रॉयल चैलेंज समेत अन्य विभिन्न कम्पनियों के कुल 327.5 लीटर है। थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब को लेकर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## राबड़ी देवी ने सरकारी बंगला खाली करने के लिए समय सीमा बढ़ाने की मांग की , लालू यादव की सेहत का दिया हवाला

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता विनोद प्रसाद**

पटना । बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास को खाली करने के लिए बिहार सरकार से एक महीने का समय मांगा है। बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग की ओर से दिए गए 15 दिनों की समय सीमा समाप्त होने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर लालू यादव की खराब सेहत और संक्रमण के खतरे का हवाला दिया है। सरकार को लिखे पत्र में उन्होंने बताया है कि जब लालू प्रसाद यादव गंभीर बीमारी के बाद पटना लौटे थे, तब उनकी स्वास्थ्य आवश्यकताओं को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सहमति से सरकारी आवास में विशेष सुविधाओं वाला एक कमरा तैयार कराया गया था। भवन निर्माण विभाग द्वारा भूतल पर बनाए गए इस कमरे को लालू यादव की चिकित्सा जरूरतों के अनुरूप विकसित किया गया था। उनका तर्क है कि मौजूदा परिस्थितियों में उन्हें किसी दूसरे आवास में स्थानांतरित करना स्वास्थ्य के लिहाज से जोखिमपूर्ण हो सकता है। राबड़ी देवी ने अनुरोध किया है कि नए आवास में समान व्यवस्था करने तक उन्हें एक महीने का अतिरिक्त समय दिया जाए। राबड़ी देवी का यह भी कहना है कि वह वर्तमान में बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष हैं और उनका कार्यकाल वर्ष 2030 तक है। कैबिनेट मंत्री के समकक्ष दर्जा प्राप्त नेता प्रतिपक्ष होने के नाते उन्हें सरकारी आवास का अधिकार प्राप्त है। इसी आधार पर उन्होंने मौजूदा आवास का आबंटन 2030 तक जारी रखने का भी अनुरोध किया है।

## दानापुर : बालू लदे वाहनों में आमने-सामने की टक्कर, चालक फरार, पुलिस की जांच जारी

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता विनोद प्रसाद**

**दानापुर ।** पटना जिले के दानापुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। बालू लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में टूट गया, जबकि अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित एक मंदिर की दीवार से जा टकराया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना सोमवार रात करीब 1:30 बजे की है। बताया जा रहा है कि बालू लदा ट्रक तेज गति से दीघा की ओर जा रहा था, तभी दीघा से दानापुर की तरफ आ रहे ट्रैक्टर के साथ उसकी आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे के वक्त वहां से गुजर रहा एक स्कूटी सवार व्यक्ति बाल-बाल बच गया, जो किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहा।

घटना के बाद ट्रक चालक, ट्रैक्टर चालक और उस पर सवार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना का आंखों देखा हाल बयान करते हुए बताया कि रात में 'नो एंट्री' का समय खत्म होने के बाद इस मार्ग पर बालू लदे ट्रक और ट्रैक्टर बेलगाम होकर चलते हैं। बालू खनन पर रोक के बावजूद रात के अंधेरे में बड़ी संख्या में बालू लदे वाहन गुजरते हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में रहती है और सड़क पर चलना तक दूभर हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही दानापुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की जानकारी ट्रैफिक थाना को दे दी गई है। फिलहाल, ट्रैफिक पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है और दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## रजौली में फर्जी ई-चालान पर अवैध पत्थर ले जा रहे दो ट्रक जब्त, 17.34 लाख का जुर्माना, दो लोग गिरफ्तार ,भेजे गए जेल

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** खनन विभाग और रजौली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सोमवार की रात चितरकोली समेकित जांच चौकी के पास अवैध पत्थर लदे दो ट्रकों को जब्त किया गया है। दोनों ट्रक चालक फर्जी ई-परिवहन चालान के आधार पर मध्यप्रदेश से पत्थर लाने का दावा कर रहे थे, जबकि जांच में 650 किमी की दूरी 12 घंटे में तय करना असंभव पाया गया। दोनों चालकों को गिरफ्तार कर लिया गया। जांच चौकी पर अवैध चालान एवं इंट्री माफियाओं के विरुद्ध खनन विभाग लगातार कार्रवाई में जुटा हुआ है। इससे अवैध चालान के साथ चलने वाले ट्रक मालिकों एवं चालकों के साथ-साथ इंट्री माफियाओं में खौफ का माहौल व्याप्त है।

**पहला मामला - 12 चक्का ट्रक:** बीते 15 जून की रात करीब 9:10 बजे कोडरमा की तरफ से आ रहे ट्रक संख्या जेएच12क्यू0558 को रोका गया। चालक रतनपुर दिबौर गांव निवासी कैलाश यादव के पुत्र बिक्कू कुमार ने मध्यप्रदेश का ई-चालान नंबर 2610401862 दिखाया। ई-चालान के अनुसार लोडिंग प्वाइंट सीधी, मध्यप्रदेश से 15 जून सुबह 9:20 बजे पत्थर लोड कर पटना ले जाना था। जांच में पाया गया कि सीधी से नवादा की 650 किमी दूरी 12 घंटे में तय करना भौतिक रूप से संभव नहीं है। ट्रक में लगभग 587 घनफीट पत्थर लदा था। चालक के पास से दो मोबाइल जब्त



किए गए। इस मामले में ट्रक पर 8.62 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

**दूसरा मामला - 14 चक्का ट्रक:** रात करीब 9:50 बजे दूसरे ट्रक संख्या जेएच13एफ4091 को पकड़ा गया। चालक संतोष यादव, निवासी छतनी,ढाब रजौली ने ई-चालान नंबर 2610401513 दिखाया। इसमें 15 जून सुबह 8:10 बजे सीधी से छपरा के लिए लोडिंग दिखाई गई थी। इस ट्रक में 674 घनफीट पत्थर लदा मिला। चालक के पास से भी मोबाइल जब्त किया गया। इस मामले में ट्रक पर 8.72 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

**फर्जी चालान का खुलासा:** थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि खनन निरीक्षक संतोष प्रकाश झा के आवेदन के अनुसार, अवैध चालान के साथ दो ट्रकों को जब्त कर जांच चौकी पर लगाया गया है। साथ ही दो ट्रक चालकों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चालकों में छतनी गांव के संतोष कुमार यादव एवं दिबौर गांव निवासी विकु कुमार शामिल है। उक्त मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं गिरफ्तार दोनों लोगों को मंगलवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## प्रेम प्रसंग में युवक की पीट-पीटकर हत्या, ननिहाल के युवती से चल रहा था प्रेम प्रसंग

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ।** सरमेरा थाना क्षेत्र के बड़ी घरयारी गांव में प्रेम प्रसंग में लाठी-डंडे, लोहे की रॉड और धारदार हथियार से हमला कर एक युवक की हत्या किए जाने की सनसनी खेज घटना घटी है। मृतक पटना जिले के भदौर थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी स्व. रामप्रीत महतो के 20 वर्षीय पुत्र भगवान कुमार है । घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।मृतक के भाई सिंटू कुमार ने बताया कि कुछ माह पूर्व उसके ननिहाल बड़ी घरयारी गांव से दो युवतियां घर छोड़कर चली गई थीं। युवतियों के परिजन प्रेम प्रसंग में इस घटना के लिए भगवान कुमार को जिम्मेदार मानते थे, जबकि उसका इस मामले से कोई संबंध नहीं था। इसी रंजिश को लेकर उसकी हत्या की गई है।दो दिन पहले अपनी चचेरी नानी के ब्रह्मभोज में शामिल होने के लिए दिल्ली से ननिहाल बड़ी घरयारी गांव आया था। सोमवार की रात गांव में भोज का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान वह अपने एक मित्र के साथ गांव से बाहर खेत की ओर शौच के लिए गया। वहां पहले से घात लगाए बदमाशों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर, लोहे की रॉड तथा धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।हमले के दौरान साथ मौजूद युवक किसी तरह वहां से भाग निकला और परिजनों को घटना की सूचना दी। इसके बाद परिजन घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया। सदर अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद आक्रोशित परिजन शव लेकर सरमेरा थाना पहुंचे और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।सरमेरा थानाध्यक्ष साकेत कुमार बिंद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद और पुरानी रंजिश में हत्या किए जाने की बात सामने आई है। चार आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कल्याणपुर विधानसभा अंतर्गत पूरण छपरा में नव स्थापित आदर्श पुलिस चौकी का उद्घाटन करते स्थानीय विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह,व एसपी स्वर्ण प्रभात..



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के पुरण छपरा में आदर्श पुलिस चौकी का उद्घाटन किया गया। इस दौरान लोगों को संबोधित करतें हुए विधायक श्री सचिंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि यह पुलिस चौकी स्थानीय नागरिकों को त्वरित सुरक्षा सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ–साथ क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं विश्वास को और मजबूत करेगी। इस दौरान विधायक श्री सिंह ने एसपी स्वर्ण प्रभात को अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात,चकिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह,चकिया अनुमंडल अधिकारी शिवानी शुभम, डीसीएलआर प्रकाश रजक, प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी कल्याणपुर,चकिया पुलिस इंस्पेक्टर धीरज,थाना प्रभारी चकिया धर्म प्रकाश,कल्याणपुर थाना प्रभारी विनीत कुमार,स्थानीय मुखिया संजय दुबे, रामेश्वर चौधरी,दिनेश पटेल,मो निजाम साहब सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### केसरिया। जनकल्याणकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का उद्देश्य : राधामोहन सिंह



ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी
पूर्वी चंपारण। केसरिया के बुद्धा कैफेटेरिया भवन में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सह मोतिहारी सांसद राधामोहन सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार 12 वर्ष सेवा,सुशासन, गरीब कल्याण और विकास के नए मानक स्थापित करने वाले साबित हुआ है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। जिसमें देश में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। इस अवसर पर पूर्व शिक्षक एवं पूर्व सैनिक को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मोतिहारी सांसद राधा मोहन सिंह ने स्थानीय पत्रकारों एवं इस कार्यक्रम में शामिल सभी कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पवन राज,ललन साहनी,अखिलेश सिंह, आनंद सिंह,सियावर सिंह,मंडल अध्यक्ष मुन्ना साह,जिला मंत्री शंभू महतो,गुड्डी देवी,अग्नीश कुमार पांडेय, गिनी मिश्रा,राकेश रौशन,इम्तेयाज आलम,रवि कुमार शर्मा,अरुण कुमार गिरी,भोला सिंह, संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व शिक्षक बलिराम जी पांडेय,भागीरथ राय,जगदीश यादव, लाल बाबू यादव,मदन सिंह,लाल बाबू सिंह,पूर्व मुखिया राजकुमार प्रसाद समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सुगौली के तीन पंचायतों में ₹सहयोग शिविर₹ का हुआ आयोजन,अधिकांश मामलों का हुआ त्वरित निष्पादन



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**मोतिहारी।** सुगौली प्रखंड क्षेत्र के उत्तरी मनसिंघा,दक्षिणी मनसिंघा एवं उत्तरी छपरा बहास पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर लोगों को राहत पहुंचाई। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक बबलू गुप्ता ने कहा कि सरकार जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर आयोजित ऐसे शिविर लोगों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर रहे हैं। शिविर में बीडीओ नूतन किरण,सीओ कुंदन कुमार थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उत्तरी मनसिंघा पंचायत में कुल 53 मामले प्राप्त हुए, जिनमें से 50 का तत्काल निष्पादन कर दिया गया। वहीं अन्य दो पंचायतों में भी कई मामलों का त्वरित निपटारा किया गया। इस अवसर पर मुखिया शल्लू खानम ने विधायक एवं अधिकारियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। ग्रामीणों ने सहयोग शिविर को जनहित में उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की, जबकि प्रशासन ने लंबित मामलों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

# डीएम ने किया प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का उद्घाटन

## लाभुकों को वितरित किए प्रमाण पत्र, शिविरों में समस्याओं के त्वरित समाधान पर दिया जोर




लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बेतिया।** पश्चिम चम्पारण जिले में आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ सहज एवं सुलभ रूप से उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को चयनित पंचायतों में तीसरे चरण का सहयोग शिविर आयोजित किया गया। साथ ही 16 से 18 जून तक सभी प्रखंड मुख्यालयों पर प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा शिविरों के सफल संचालन के लिए जिलास्तरीय, अनुमंडलस्तरीय एवं प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह ने लौरिया प्रखंड मुख्यालय में आयोजित प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों का निरीक्षण किया तथा वहां मौजूद आवेदकों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक आवेदक की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए और सरकारी योजनाओं की जानकारी स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जाए। इसके बाद जिला पदाधिकारी रामनगर प्रखंड की गुदगुदी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और लाभुकों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई लाभुकों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मनरेगा जॉब कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे। सहयोग शिविर और प्रखंड जन कल्याण शिविर इसी उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को विभिन्न कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े और उनकी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें तथा आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार करें। शिविरों में राजस्व, पंचायती राज, सामाजिक सुरक्षा, मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, कृषि, आधार, जन्म-मृत्यु निबंधन, राशन कार्ड, पेंशन एवं आवास योजना सहित विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए गए, जहां लोगों ने आवेदन देकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। मौके पर विशेष कार्य पदाधिकारी (जिला गोपनीय शाखा) सुजीत कुमार, संबंधित प्रखंडों के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सफाई कर्मियों का फूटा गुस्सा, शोषण के खिलाफ नगर पंचायत कार्यालय का घेराव



लोकतंत्र की आवाज

**अमित कुमार ।**
**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।**
अपने हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रहे सफाई कर्मियों का गुस्सा आखिरकार सड़क पर फूट पड़ा। सहरसा जिले के सौरबाजार नगर पंचायत में सफाई कर्मियों ने पिछले पांच दिनों से कामकाज ठप कर नगर पंचायत कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर प्रशासन, संबंधित एजेंसी और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मियों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत में कुल 107 सफाई कर्मी एवं चालकों की आवश्यकता है, लेकिन केवल 45 से 50 कर्मियों से पूरे नगर क्षेत्र का काम कराया जा रहा है। कम कर्मचारियों पर अधिक काम का बोझ डालकर उनका लगातार शोषण किया जा रहा है। कर्मियों का कहना है कि उन्हें समय पर वेतन तक नहीं दिया जाता, जिससे उनके परिवार के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाता है। इसके अलावा उन्हें काम के दौरान जरूरी सुरक्षा संसाधन जैसे मास्क, दस्ताने, झाड़ू, जूते और वर्दी भी उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं। सफाई कर्मियों ने यह भी आरोप लगाया कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण नहीं होने के कारण उन्हें गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है। गंदगी और कचरे के बीच काम करने वाले कर्मियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने नगर प्रशासन और संबंधित एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी राशि का सही उपयोग नहीं किया जा रहा है और पैसे का बंदरबांट किया जा रहा है, जबकि सफाई कर्मियों को उनके मूल अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। सफाई कर्मियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं, पांच दिनों से सफाई कार्य प्रभावित होने के कारण नगर क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था पर भी असर पड़ने लगा है। अब बड़ा सवाल यह है कि जो कर्मी प्रतिदिन शहर और समाज को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाते हैं, उनकी समस्याओं को आखिर कब सुना जाएगा? और क्या नगर प्रशासन उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगा या फिर यह आंदोलन और बड़ा रूप लेगा।

## सुगौली थाना पहुंचे एसपी स्वर्ण प्रभात, मुस्तैद पुलिसकर्मियों को किया पुरस्कृत



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** मोतिहारी पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने सोमवार को देर रात्रि में सुगौली थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पैदल गश्ती में मुस्तैदी और ईमानदारी से ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को 500-500 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान एसपी ने थाना की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अपराध नियंत्रण,गश्ती बढ़ाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## यूरिया संकट पर फूटा किसानों का गुस्सा, एनएच-727 जाम कर किया प्रदर्शन, दूसरे दिन भी सड़क पर उतरे किसान, आधे घंटे बाधित रहा आवागमन

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा में यूरिया खाद की किल्लत को लेकर किसानों का आक्रोश मंगलवार को दूसरे दिन भी सड़क पर दिखाई दिया। नाराज किसानों ने अनुमंडल कार्यालय के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-727 (ठ्ठ-727) को जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। करीब आधे घंटे तक सड़क जाम रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में किसान यूरिया खाद खरीदने के लिए बगहा-दो स्थित बिस्कोमान केंद्र पहुंचे थे। वहां उन्हें बताया गया कि यूरिया का स्टॉक समाप्त हो चुका है। खाद नहीं मिलने की सूचना पर किसानों का गुस्सा भड़क उठा और वे सड़क पर उतर आए। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि खेती के महत्वपूर्ण समय में खाद की अनुपलब्धता से धान की रोपनी एवं अन्य कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों का कहना था कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में यूरिया की भारी मांग है, लेकिन पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण उन्हें लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई किसान विभिन्न केंद्रों का चक्कर लगा रहे हैं, फिर भी उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। ठ्ठ-727 जाम होने की सूचना मिलते ही पटखौली थाना पुलिस तथा बगहा-दो के अंचलाधिकारी (सीओ) मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और जल्द यूरिया उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने-बुझाने के बाद किसान शांत हुए और जाम समाप्त कर सड़क खाली कर दी। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र पर्याप्त मात्रा में यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो वे आंदोलन को और उग्र करने के लिए बाध्य होंगे। वहीं प्रशासन ने किसानों की समस्या के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिलाया है।

## भुगतान की तारीख से पहले परिवार सहित गायब हुआ कारोबारी, 13 व्यापारियों के करोड़ों रुपये फंसने की आशंका

लोकतंत्र की आवाज



**अमित कुमार**
**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।** सहरसा जिले के सौर बाजार में अनाज कारोबार से जुड़ा एक मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। दर्जनों छोटे व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि एक बड़े अनाज कारोबारी ने उनसे करोड़ों रुपये मूल्य का अनाज खरीदने के बाद भुगतान की तय तारीख से पहले ही परिवार सहित घर छोड़ दिया। पीड़ित व्यापारियों के अनुसार, सौर बाजार निवासी परी ट्रेडर्स के मालिक आशुतोष गुप्ता उर्फ वैष्णवी गुप्ता, जो गोपाल प्रसाद गुप्ता के पुत्र हैं, ने करीब 13 व्यापारियों से अनाज खरीदा था। व्यापारियों का कहना है कि भुगतान की तारीख 15 जून तय की गई थी। व्यापारियों ने बताया कि 15 जून की सुबह जब वे भुगतान लेने संबंधित कारोबारी के घर पहुंचे, तब पता चला कि 14 जून की रात ही पूरा परिवार घर छोड़कर चला गया है। काफी खोजबीन और मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल फोन भी बंद पाया गया। इसके बाद सभी व्यापारी सौर बाजार थाना पहुंचे और लिखित आवेदन देकर मामले की जांच एवं कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि संबंधित कारोबारी अन्य व्यापारियों की तुलना में अधिक कीमत पर अनाज खरीदता था, जिसके कारण कई लोगों ने उस पर भरोसा करते हुए बड़ी मात्रा में अनाज उपलब्ध कराया था। कुछ व्यापारियों ने दावा किया कि उन्होंने 10 से 12 लाख रुपये तक मूल्य का अनाज दिया है। इस घटना के बाद किसानों और छोटे व्यापारियों के बीच चिंता का माहौल है। सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि जिन किसानों से अनाज खरीदकर आगे सप्लाई किया गया था, उन्हें भुगतान कैसे होगा। फिलहाल पूरे इलाके में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि, पूरे मामले की सच्चाई पुलिस जांच और प्रशासनिक कार्रवाई के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। जांच पूरी होने तक किसी भी व्यक्ति को दोषी मानना उचित नहीं होगा।

## नहर में डूबने से किसान की मौत, सिंचाई के दौरान हुआ हादसा

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा पुलिस जिला अंतर्गत चिउटहा थाना क्षेत्र के बैराटी बरियरवा पंचायत में मंगलवार सुबह एक किसान की नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान सेरवा गांव निवासी 48 वर्षीय वीरा यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार वीरा यादव मंगलवार सुबह अपने खेत की सिंचाई करने के लिए दोन नहर के किनारे लगे बिजली मोटर में तार जोड़ रहे थे। इसी दौरान उनका संपर्क अचानक बिजली के तार से हो गया। करंट लगने से वे असंतुलित होकर नहर में गिर पड़े। नहर में पानी अधिक होने के कारण वे बाहर नहीं निकल सके और डूबने से उनकी मौत हो गई।

**खेत में काम कर रहे किसानों ने देखा शव:** घटना के लगभग एक घंटे बाद आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों की नजर नहर में पड़े शव पर पड़ी। इसके बाद उन्होंने तत्काल मृतक के परिजनों और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चिउटहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

**परिवार के मुख्य कमाने वाले थे वीरा यादव:** चिउटहा थानाध्यक्ष राम उदय ने बताया कि शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मृतक वीरा यादव अपने परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पांच बेटियां और एक बेटा हैं। चार बेटियों का विवाह हो चुका है, जबकि एक बेटी और एक बेटा अभी उन पर आश्रित थे। उनकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## 17 व 18 जून को प्रखंड कार्यालय में जनकल्याण शिविर, एक ही छत के नीचे मिलेंगी सरकारी योजनाओं की सुविधाएं

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।**
आम लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 एवं 18 जून को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में दो दिवसीय प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। इसमें केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन, निबंधन, सत्यापन, शिकायतों का निष्पादन तथा स्वीकृत लाभों का वितरण किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी जयकिशन ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराना है। इससे पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए अलग-अलग कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। साथ ही लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि शिविर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लखपति दीदी योजना, पीएम स्वनिधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं तथा



मुख्यमंत्री उद्यमी योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रशासन की ओर से अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई है। अधिकारियों का कहना है कि शिविर के माध्यम से पात्र लाभुकों को उनके घर के नजदीक ही योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया आयुष्मान कार्ड से लेकर आवास, पेंशन व किसान योजनाओं तक की मिलेगी जानकारी और लाभ शिविर को लेकर प्रशासन की तैयारी तेज, प्रखंड परिसर में लगाए जा रहे पंडाल जाएगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। साथ ही लाभ वितरण प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सकेगा। इधर, दो दिवसीय शिविर के सफल आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में पंडाल लगाए जा रहे हैं तथा विभिन्न विभागों के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए जा रहे हैं। शिविर में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाओं की तैयारी भी की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से निर्धारित तिथि पर अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचने का आग्रह किया है, ताकि मौके पर ही आवेदन एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सके।

## एनएच-106 किनारे अतिक्रमण हटाने को लेकर नोटिस जारी, दुकानदारों में चिंता

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।**
जिला के पतरघट प्रखंड क्षेत्र के मधेपुरा-उदाकिशुनगंज एनएच-106 स्थित पस्तपार बाजार के किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग ने संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया है। कार्यकारी अभियंता कार्यालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्रभाग, मधेपुरा द्वारा पत्र संख्या 770 के तहत अतिक्रमणकारियों को नोटिस तामील कर निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को स्वयं हटाना होगा। निर्धारित अवधि के बाद भी अतिक्रमण बरकरार रहने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एनएच विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने की तैयारी भी की जा रही है, जिसमें प्रशासनिक सहयोग लिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण, मरम्मत कार्य तथा यातायात व्यवस्था एनएच विभाग का अतिक्रमण हटाने का अभियान तेज, प्रभावित दुकानदारों ने आजीविका की चिंता जताई को सुचारु और सुरक्षित बनाने के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर विकास कार्यों में सहयोग करें, ताकि आवागमन सुगम बनाया जा सके। इधर, नोटिस जारी होने के बाद स्थानीय दुकानदारों और प्रभावित लोगों में चिंता का माहौल है। वकील कुमार, शिवजी दास एवं संजय कामती ने कहा कि सड़क किनारे पर्याप्त भूमि उपलब्ध होने के बावजूद गरीब दुकानदारों को परेशान किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सीएम सम्राट चौधरी के रोहतास जिले में प्रथम आगमन पर भजपा ने हेलीपैड पर किया भव्य स्वागत



लोकतंत्र की आवाज
सासाराम। बिहार प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के रोहतास जिले के बढ्डी ग्राम में प्रथम आगमन पर रोहतास भाजपा के जिलाध्यक्ष संतोष पटेल के नेतृत्व में जिले के भाजपा पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बढ्डी हैलीपैड पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने अंग वस्त्र एवं बुके से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा श्रीमती शीला सिंह कुशवाहा, प्रदेश कोषाध्यक्ष त्रिविक्रम नारायण सिंह, पूर्व विधायक ललन पासवान, राजेश्वर राज, सत्य नारायण यादव, जवाहर प्रसाद, जिला प्रभारी हिमांशु चतुर्वेदी, मुख्यालय प्रभारी अरुण कुमार पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह, राजेंद्र सिंह भोला, प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, विजय सिंह, सुधीर सिंह, प्यारेलाल ओझा, विवेक सिंह, सत्यनारायण पासवान, कमलेश कुमार सिन्हा, मालती कुशवाहा, आरती गुप्ता, सत्येंद्र दुबे, राजू गुप्ता, दीपक राय, सनी देओल, रितेश राज, जमशेद अहमद, विनोद गौतम, मृत्युंजय शुक्ला, विवेक बहादुर, राधेश्याम पांडेय, गुड्डू सिंह, शशि भूषण प्रसाद, अमित पटेल सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मीटर बायपास मे छः पर प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
कोचस। थाना क्षेत्र के कपसिया गांव में विद्युत विभाग की धावा दल की टीम ने सोमवार की देर शाम छापेमारी किया । जिसमें मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करने वाले छः लोगों के ऊपर जुर्माना लगाते हुए कोचस थाना में प्राथमिकी करायी है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता राहुल रंजन ने बताया कि बिजली चोरी करने वाले कपसिया निवासी बच्चूलाल साह पर 12899 रुपये, अरुण कुमार पर 15007 रुपये,मुस्लिम मियां पर 12804 रुपये, विजय साह पर 11578 रुपये रामजी साह पर 13135 रुपये एवं दशरथ साह 15841 रुपये जुर्माना लगा कोचस थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### अकस करेगा 7 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज
डेहरी। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी अभिनव कला संगम द्वारा डालमियानगर ड्रीम हाउस में 7 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसका निर्णय सोमवार की रात अभिनव कला संगम की बैठक में लिया गया। बैठक में अध्यक्ष कौशलेंद्र कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष अभिनव कला संगम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन होता रहा है। इससे कई जिंदगियां बचती है। किसी को भी रक्त की आवश्यकता होने पर अभिनव कला संगम द्वारा नि:शुल्क रक्त की व्यवस्था की जाती है। इससे बड़ा पुण्य का काम और नहीं हो सकता है। सालों भर अभिनव कला संगम द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें रक्तदान शिविर भी एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। निदेशक कमलेश कुमार ने कहा कि सभी सदस्य रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए अपने-अपने स्तर से प्रचार-प्रसार व रक्तवीरों की सूचित तैयार करें। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जहां एक और अभिनव कला संगम द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किया जाता है, और दिसंबर में राष्ट्रीय स्तर के सांस्कृतिक महोत्सव समेत अन्य कार्यक्रम किए जाते हैं। ऐसे में रक्तदान शिविर को भी ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी तरह से सभी सदस्य प्रयास करेंगे। बैठक में कई अन्य सामाजिक मुद्दों और अभिनव कला संगम द्वारा होने वाले आगामी कई कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। संस्थापक जीवन प्रकाश द्वारा अगस्त में ऑल इंडिया डांस कंपटीशन करने का विचार रखा गया। जिस पर सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति जताई। इसके अलावा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधि जारी रखने का भी निर्णय लिया गया। अन्य सदस्यों ने संस्थागत कई मुद्दों पर चर्चा की, और अपना-अपना विचार रखा। बैठक में कोषाध्यक्ष शिवजी गुप्ता, सचिव प्रो रणधीर सिन्हा, मीडिया प्रभारी इंद्र कुमार बाघा, महासचिव सीमल सिंह, उर्मिला देवी, विनय कुशवाहा, शंभू गुप्ता, मुकुल मणि, संजय गुप्ता नीलू समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### काराकाट में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, खेत बचाओ अभियान पर जोर



लोकतंत्र की आवाज
काराकाट। शारदीय (खरीफ) महा अभियान 2026 के तहत प्रखंड मुख्यालय काराकाट में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अमित कुमार और उपस्थित किसानों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कृषि समन्वयक ने आए अतिथियों का पौधे के गमले देकर स्वागत किया। प्रशिक्षण में धान विशेषज्ञ, वनस्पति अनुसंधान इकाई के डॉ. प्रकाश सिंह, मिट्टी-प्रयोगशाला के तकनीकी विशेषज्ञ प्रवीण कुमार पटेल तथा अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अमित कुमार ने खेत बचाओ अभियान, स्वस्थ मिट्टी, स्वस्थ भोजन और स्वस्थ जीवन से जुड़ी जानकारियाँ दीं। उन्होंने प्राकृतिक नियमों के साथ खेती करने और टिकाऊ कृषि अपनाने पर जोर देते हुए मृदा संरक्षण के अनेक उपाय बताए। साथ ही उर्वरकों के समुचित उपयोग, उनके मापदंड और प्रयोग की विस्तृत निर्देशिका किसानों को समझाई गई। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि किसान आईडी (फार्मर आईडी) बनाना अनिवार्य कर दिया गया है। आगे चलकर बिना फारमर रजिस्ट्रेशन के बीज तथा उर्वरक उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे, इसलिए सभी किसानों से शीघ्र पंजीकरण कराने का आग्रह किया गया। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अजीत सिंह कार्यक्रम के संयोजक द्वारा किसानों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र में किसानों ने कृषि संबंधी तकनीकी मुद्दों पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लिया। कार्यक्रम में आत्मा के अध्यक्ष राम चन्द्र राम, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, आरएएलएम प्रखंड अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी व भाजपा नेता सुनील सिंह उपस्थित रहे। अन्य हिस्सेदार किसानों में बीरेंद्र सिंह, गर्जन सिंह, निखिल प्रकाश, सूरज सिंह, विमला देवी व प्रिया कुमारी शामिल थीं। आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय किसान-प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया और कार्यक्रम को उपयोगी बताया।

# काराकाट प्रखंड मुख्यालय व अमौना में विशेष सहयोग शिविर: 277 आवेदनों में अधिकतर का किया त्वरित निपटारा



लोकतंत्र की आवाज

**काराकाट।** प्रखंड मुख्यालय काराकाट और अमौना पंचायत के पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निपटान के उद्देश्य से विशेष सहयोग शिविर आयोजित किया गया। दोनों स्थलों पर विभिन्न विभागों के स्टाल लगे रहे और कुल 277 आवेदनों का नि-पत्रण/पंजीकरण हुआ, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि अमौना पंचायत के शिविर में आज 109 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि इससे पहले मिले आवेदनों सहित कुल 237 आवेदन पंजीकृत हुए। उन्होंने बताया कि इन आवेदनों में से भौतिक सत्यापन हेतु 13 आवेदन शेष हैं; बाकी सभी का निष्पादन कर दिया गया है।

प्रखंड मुख्यालय काराकाट में आयोजित जन-कल्याण सह सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों को मिलाकर आज तक कुल 168 आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने पुष्टि की कि कुछ मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। प्रखंड मुख्यालय शिविर में प्राप्त प्रमुख आवेदनों में पंचायत राज विभाग से हरीओम पंडित (बेनसगर पंचायत) की सोलर समस्या, फूलवन्ती कुमारी (अमरथा पंचायत) की सौर ऊर्जा संबंधी शिकायतें शामिल हैं। राजस्व विभाग के माध्यम से किरही के मंगल राम की भूमिहीनता से संबंधित शिकायत और मुंजी के रामनाथ सिंह का प्लॉट सुधार से संबंधित आवेदन भी उठाए गए। कुल मिलाकर प्रखंड मुख्यालय से सिविल प्रकरणों के 168 मामले सामने आए। राहुल कुमार सिंह ने बताया कि बिहार सरकार के निर्देशानुसार प्रखंड स्तर पर और भी सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रखंड मुख्यालय पर 16, 17 व 18 जून को विशेष शिविर की रूपरेखा तैयार की गई है; वर्तमान में 17 और 18 जून के शिविर बचे हैं। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग 17 व 18 जून को प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर अपनी समस्याओं का निस्तारण कराएँ। शिविरों का उद्देश्य समस्याओं को सरल रूप में स्वीकार कर उनका समयबद्ध और प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित करना है। इसके लिए एक विस्तृत माइक्रोप्लान तैयार किया गया है, जिसके तहत शिविर से 30 दिन पहले ही आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। प्राप्त आवेदनों का विधिवत पंजीकरण कर संबंधित विभागों के समन्वय से शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।

### बिक्रमगंज प्रखंड के जमोढ़ी में पंचायत में सहयोग शिविर कार्यक्रम का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज
**बिक्रमगंज।** दिनांक 16 जून 2026 दिन मंगलवार को बिक्रमगंज प्रखंड के जमोढ़ी में पंचायत सहयोग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन वरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि गण के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात जनप्रतिनिधि के उमरिया पदाधिकारी का अंग वस्त्र एवं फूलमाला से स्वागत किया गया। तदोपरांत राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान सामूहिक रूप से हुआ। सहयोग सिविल कार्यक्रम की अध्यक्षता जमोढ़ी पंचायत के मुखिया मनोज मंजिल संचालन जिला बीस सूत्री सदस्य रोहतास नवीन चंद्र शाह ने की। सहयोग शिविर का प्रभारी डीसीएलआर बिक्रमगंज संतोष कुमार सिंह शिविर के उद्देश्य एवं कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी प्रदान किया। कल्याण पदाधिकारी बिक्रमगंज रविंद्र कुमार यादव ने सरकार की योजनाओं एवं जन कल्याण कारी कार्यों पर प्रकाश डाला। वरीय पदाधिकारी ने आवेदकों की आवेदन निष्पादन प्रमाण पत्र एवं स्वीकृति पत्र वितरण किया। उपस्थित जनप्रतिनिधि प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार शिविर में प्रस्तुत किया उनमें मोहिनी पंचायत की मुखिया रामचंद्र नट खैराभूधर पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं विनय प्रकाश चौधरी इत्यादि। आवेदकों से शिविर के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया गया उपस्थित जनों ने प्रचार प्रसार तंत्र को धीमी गति के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की। शिविर में जनप्रतिनिधि वार्ड सदस्य पंच सहित ग्रामीण जनता उपस्थित थे। अंचलाधिकारी अलका कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत की। शिविर का समापन बिहार गीत एवं राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

## हरे रामा-हरे कृष्णा के जयघोष से गूंज उठा मां शीला भवन, स्व. इंजीनियर ललन सिंह की पुण्यतिथि पर अखंड हरिकीर्तन

लोकतंत्र की आवाज

**डेहरी।** रोहतास जिले में 'गार्जियन' के नाम से विख्यात स्वर्गीय इंजीनियर ललन सिंह की सप्तम पुण्यतिथि श्रद्धा, संकल्प और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाई गई। इस अवसर पर डेहरी स्थित मां शीला भवन में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। पूरे परिसर में "हरे रामा हरे कृष्णा, राम राम हरे हरे" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

पुण्यतिथि के अवसर पर स्व. ललन सिंह के पुत्र एवं डेहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, उनकी पत्नी पूर्व जिला पार्षद नीतू सिंह तथा परिवार के सदस्य सौरभ सिंह, सुरभि सिंह, सुरुचि सिंह, आरती सिंह, माला सिंह, अश्वनी सिंह और निरंजन सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन किया। इसके बाद बारह घंटे का अखंड हरिकीर्तन आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अखंड हरिकीर्तन में अकोढ़ीगोला, बहुरी बिगहा, चंदा बिगहा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए कीर्तन मंडली के कलाकारों ने पूरी रात भजनों की अमृतवर्षा की। व्यास परमानंद यादव, संतोष कुमार, संजय यादव तथा ढोलक वादक ददन पासवान समेत दो दर्जन से अधिक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भक्ति संगीत की मधुर धुनों पर उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।

इस अवसर पर विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कीर्तन मंडली एवं आगंतुक अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्व. इंजीनियर ललन सिंह ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा, शिक्षा और जनकल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता करना उनकी पहचान थी। विधायक ने कहा, "पिताजी भले ही आज शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, आदर्श और आशीर्वाद सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का सपना साकार किया जा सकता है।"

कार्यक्रम में डेहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, अधिवक्ता अमरनाथ सिंह, संजय गुप्ता, कुंवर सिंह, विधायक प्रतिनिधि अरुण शर्मा, दीपक शर्मा, सोना कुमारी, आराध्या कुमारी, प्रमोद महतो सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। गौरतलब है कि स्व. इंजीनियर ललन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब में श्रद्धांजलि सभा सह प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया, जहां क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## कोचस : चोरी करते देख महिला चिल्लई, चोरों ने महिला के साथ मार पीट कर समान फेंक भागे

लोकतंत्र की आवाज

**कोचस।** कोचस प्रखंड के नरवर गांव में सोमवार की देर रात अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी करने का प्रयास घर के सदस्य के जागने के कारण टल गया. घटना के बाद घर के सभी सदस्य भयभीत हो पूरी रात जगे रह गए. घटना के बारे में बताया जाता है कि ग्राम पंचायत नरवर मे सीटू चौबे के घर मे बीती रात अज्ञात चोरों ने चारदीवारी फान घर के खुले दरवाजे के रस्ते प्रवेश किया, चोरों ने चोरी का कार्य शुरू ही किया था कि घर मे सोई सीटू चौबे की मां पानी पीने के लिए जगी और छत से उतर नीचे जाने लगी तभी समान गिरने की आवाज आई, जब उन्होंने आंगन मे पहुंचा तो देखा कि दो चोर बैग तथा घर मे रखे अन्य सामान लेकर भाग रहे हैं तभी उन्होंने शोरगुल मचाना शुरू किया जहां एक चोर ने बैग तथा कुछ सामान फेंक कर भाग निकला, जब की उन्होने दूसरे चोर को पकड़ने के लिए काफी प्रयास किया लेकिन चोर ने उनके साथ मारपीट उनको घायल कर हाथ छुड़ा भागने में कामयाब रहा। इतने में सीटू चौबे तथा परिवार जग कर आए तब तक वहां से चोर भाग निकले थे, सभी घरों में देखा गया कि समान तीतर वितर पड़ा हुआ है, वहीं इसकी जानकारी सीटू चौबे ने स्थानीय थाने को दी जहां सूचना पर पहुंचे दिनारा थाना एस आई राधेश्याम सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## उदयपुर पंचायत भवन में सहयोग शिविर का शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

**संझौली।** प्रखंड क्षेत्र के उदयपुर पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रभा कुमारी एवं उदयपुर पंचायत की मुखिया संगीता चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में आम लोगों की समस्याओं के समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 17 विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इनमें आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, वृद्धा पेंशन, आयुष्मान भारत योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, लखपति दीदी योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना सहित अन्य विभागों के काउंटर शामिल थे।



शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए तथा अपनी समस्याओं का समाधान कराया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभा कुमारी ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों को मिलाकर कुल 78 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निष्पादन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बीडीओ प्रभा कुमारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 16 जून से 18 जून तक प्रखंड कार्यालय में अधिक से अधिक संख्या में ऐसे शिविरों में भाग लेने की अपील की। सहयोग शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रभा कुमारी ने

**■ 17 विभागों के स्टॉल पर उमड़ी भीड़**

राशन कार्ड 5 लोगों को वितरण किया गया, लेबर कार्ड 4 लोगो को मिला, वही जन्म प्रमाण एवं मृत्यु प्रमाण पत्र 6 लोगो को मिला, एक लाभार्थी को आय जाति निवास प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं उदयपुर पंचायत के मुखिया संगीता चौधरी ने कहा कि एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध होने से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिल रही है तथा उन्हें कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। मौके पर उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अफरोज आलम, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी दीपक कुमार दीपंकर सहित कई लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कोचस में बाबा गंगेश्वर नाथ मंदिर परिसर में महायज्ञ की तैयारी पर मंथन, कार्यों के विभाजन पर बनी रणनीति

लोकतंत्र की आवाज

**कोचस।** वर्ष 2027 में आयोजित होने वाले चातुर्मास व्रत सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की तैयारियों को लेकर मंगलवार को स्थानीय गंगवलिया बन स्थित बाबा गंगेश्वर नाथ मंदिर परिसर में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में लिए गए निर्णयों और अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी तैयारियों को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई।



बैठक में सर्वसम्मति से महायज्ञ समिति के नाम से बैंक खाता संचालन एवं समिति गठन को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा महायज्ञ की तैयारियों को जमीनी स्तर पर गति देने, विभिन्न कार्यों के विभाजन, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा जनसहयोग सुनिश्चित करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। उपस्थित लोगों ने आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए सामूहिक प्रयास पर बल दिया।

निर्णय लिया गया कि महायज्ञ से संबंधित प्रत्येक कार्य को सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि यह आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन श्रद्धालुओं के लिए यादगार बन सके। साथ ही सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी बंधुओं से इस पुण्य कार्य में तन, मन एवं धन से सहयोग करने की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता ललन चौबे ने की, जबकि संचालन सुरेंद्र दुबे ने किया। इस अवसर पर निरंतर पांडेय, दीनानाथ ओझा, मुन्ना तिवारी, अरविंद ओझा, अशोक राय, सोनू शर्मा, वंश नारायण ओझा, रविकांत दुबे, रविंद्र तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक में महायज्ञ की तैयारियों की अगली समीक्षा के लिए 15 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई।

## नारायण नर्सिंग कॉलेज के नर्सिंग फाउंडेशन विभाग द्वारा "रक्तदाता दिवस" का सफलतापूर्वक आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज के नर्सिंग फाउंडेशन विभाग, द्वारा "विश्व रक्तदाता दिवस 2026" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

**इस वर्ष की थीम :** "मानवता की एक बूंद – रक्तदान करें, जीवन बचाएँ।" को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता एवं पैम्फलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ओपीडी परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व तथा इस महान कार्य के माध्यम से जीवन बचाने के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था।

आयोजित गतिविधियों में पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता , 100 पैम्फलेटों का वितरण तथा स्वैच्छिक रक्तदान के संबंध में लगभग 400 ओपीडी आगंतुकों को जन-जागरूकता प्रदान की गई। प्रो. डॉ. के. लता , डीन-सह-प्राचार्या एवं प्रो. डॉ. श्वेता शर्मा , उप-प्राचार्या के निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष धन्यवाद डॉ. निकी मिन्ज, विभागाध्यक्ष, नर्सिंग फाउंडेशन विभाग; दिनेश कुमावत, सहायक प्राध्यापक; तथा अक्षय दीप दीवान, नर्सिंग ट्यूटर एवं सभी विद्यार्थियों को दिया गया जिनके उत्साह, समर्पण एवं सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



**■ आयोजन नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ओपीडी परिसर में किया गया**

साथ ही बी.एससी. नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर के सभी प्रतिभागियों एवं स्वयंसेवकों को उनके सामूहिक प्रयासों के लिए विशेष सराहना, जिन्होंने जागरूकता अभियान को सफल बनाने तथा वैश्विक संदेश "मानवता की एक बूंद – रक्तदान करें, जीवन बचाएँ।" को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## प्रथम गटका गोल्ड कप बिहार राज्य चैंपियनशिप 2026 में रोहतास का शानदार प्रदर्शन, खिलाड़ियों ने जीते पदक

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** पटना स्थित मोइन-उल-हक स्टेडियम में 14 जून 2026 को आयोजित प्रथम गटका गोल्ड कप बिहार राज्य चैंपियनशिप 2026 में रोहतास जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। बता दें कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों के साथ-साथ रोहतास जिला गटका संघ के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

वही कार्यक्रम के दौरान रोहतास जिला गटका संघ के कोषाध्यक्ष सुधाकर मिश्रा को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के सहायक निदेशक (क्रीड़ा) संजय कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं संघ की सचिव एवं खिलाड़ी शालू सिंह राजपूत को अररिया की महापौर नीतू कुमारी ने सम्मानित किया। रोहतास जिला गटका संघ के कोषाध्यक्ष सुधाकर मिश्रा ने बताया कि अंडर-23 वर्ग में शालू सिंह राजपूत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक (द्वितीय स्थान) हासिल किया। वहीं अंडर-14 वर्ग में अमृत कुमार ने कांस्य पदक (तृतीय स्थान) जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया।प्रतियोगिता की विशेष उपलब्धि यह रही कि रोहतास जिला गटका संघ की सचिव शालू सिंह राजपूत ने 26 प्रतिभागी बालिकाओं के बीच कड़े मुकाबले में रजत पदक अपने नाम किया।



इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राष्ट्रीय गटका प्रतियोगिता के लिए भी सुनिश्चित हो गया है।अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए शालू सिंह राजपूत ने कहा कि जिले में गटका खेल के विकास की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए बच्चों को कम उम्र से ही व्यवस्थित प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। उनका लक्ष्य है कि रोहतास की अधिक से अधिक बेटियां इस खेल में आगे बढ़ें और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा, हम सभी का सपना है कि हमारे बच्चे भविष्य में ओलंपिक जैसे बड़े मंच पर देश के लिए पदक जीतें। इसके लिए खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग, बेहतर प्रशिक्षण और निरंतर प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

इस अवसर पर खिलाड़ियों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। रोहतास जिला गटका संघ के पदाधिकारियों ने भी शालू सिंह राजपूत और अमृत कुमार की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में रोहतास के खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और उचित मार्गदर्शन मिलने पर वे बड़े स्तर पर सफलता हासिल कर सकते हैं।

## जिले के विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** दिनांक 16.06.2026 को रोहतास जिले विभिन्न पंचायतों में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से "सहयोग शिविर" का आयोजन किया गया। शिवसागर प्रखंड के नाद पंचायत सरकार भवन में जिला पदाधिकारी, रोहतास श्रीमती उदिता सिंह की अध्यक्षता में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उप विकास आयुक्त भी शामिल हुए। शिविर के दौरान लाभुकों के बीच राशन कार्ड, विभिन्न प्रमाण पत्र एवं शौचालय निर्माण की राशि का वितरण किया तथा कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान कराया।

सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं लाभुकों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन एवं समस्याएं प्रस्तुत कीं। प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया तथा लाभुकों को इसकी जानकारी दी गई। डीपीआरओ आशीष रंजन ने बताया कि जिले में आयोजित सहयोग शिविरों के माध्यम से अब तक कुल 6,255 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 5,489 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष आवेदनों पर भी संबंधित विभागों द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।



उन्होंने बताया कि सहयोग शिविर में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाएगा। इसके अलावा नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं, ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

बताया कि आज शिवसागर प्रखंड के नाद पंचायत, नोखा के दक्षिणी बरांव, रोहतास के अकबरपुर, सासाराम के दरिगांव, दिनारा के भुई, अकोढ़ीगोला के तेतराढ़, बिक्रमगंज के जमोढ़ी, चेनारी के सदोखर, दावथ के सहिनाव, डेहरी के मथुरी, काराकाट के अमौना, करगहर के सेनुआर, कोचस के रेडिया, नासरीगंज के अमियावर, नौहट्टा के तिलोखर, संझौली के उदयपुर एवं तिलौथू के रामडीहरा में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इन सभी शिविरों में वरीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में आमजन की समस्याओं का समाधान किया गया तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराया गया।

शिविर में अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। इसी उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### धनबाद जेल की शिफ्टिंग पर लगी मुहर, पंडुकी में बनेगा नया कारा परिसर



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ,पप्पु गुप्ता। सब कुछ अगर ठीक–ठाक रहा तो धनबाद मंडल कारा बहुत जल्द बड़ी आबादी के बीच से शिफ्ट हो जाएगा। इस काम में सबसे बड़ी जो बाधा थी, वह भी अब दूर हो गई है. जानकारी के अनुसार इसे पंडुकी में शिफ्ट करने का रास्ता साफ हो गया है. बताया जाता है कि गोविंदपुर अंचल के पंडुकी में 25 एकड़ जमीन ट्रांसफर कर दी गई है. इससे अब अंतिम बाधा भी दूर हो गई है.

**पहले बलियापुर अंचल में देखी गई थी जमीन** : पहले धनबाद जेल को शिफ्ट करने के लिए बलियापुर अंचल में जमीन देखी गई थी, लेकिन पर्याप्त जमीन नहीं मिलने की वजह से वहां जेल शिफ्टिंग की योजना अधूरी रह गई थी. उसके बाद गोविंदपुर अंचल के पंडुकी में जगह चिन्हित की गई है. अब राज्य सरकार पर निर्भर करता है कि वह कब टेंडर निकलेगी और निर्माण कार्य शुरू होगा। उल्लेखनीय है की घनी आबादी के बीच होने की वजह से इसे शिफ्ट करने की योजना 2015 में ही बनी थी. धनबाद जेल में कई कुख्यात कैदी भी रहते है.

**जेल की दीवार से बड़ी आबादी सटी है**: सूत्र बताते हैं कि जेल के अंदर मोबाइल फोन रोकने के लिए जैमर लगाने की योजना भी घनी आबादी की वजह से बाधित होती रही है. झारखंड के अधिकारी जब भी निरीक्षण को आते, तो बताते कि जेल की दीवार से बड़ी आबादी सटी है. धनबाद जेल 2023 में उसे समय खूब चर्चे में आया जब कुख्यात गैंगस्टर अमन सिंह की जेल में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस हत्याकांड के बाद धनबाद से लेकर रांची तक के अधिकारियों की परेशानी बढ़ गई थी. रांची से भारी भरकम टीम जाँच को धनबाद पहुंची थी.

### धनबाद भूली के आजाद नगर में बंद घर से लाखों की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ,पप्पु गुप्ता। भूली ओपी क्षेत्र के आजाद नगर स्थित अमन सोसायटी गेट नंबर—1 में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, हाउस नंबर—135 निवासी रॅंल्लं69 डॅंल्ल के घर में बीती रात चोरी हुई। पीड़ित परिवार के अनुसार, इलाज के लिए बैंक से लिया गया करीब 5 लाख रुपये का ऋण घर के लॉकर में रखा गया था। आरोप है कि चोर नकदी के साथ—साथ सोने के झुमके और चांदी के कुछ आभूषण भी अपने साथ ले गए। इस घटना का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि चोरी की पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति घर में प्रवेश करता और घटना को अंजाम देता दिखाई दे रहा है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलने के बाद भूली ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच—पड़ताल शुरू की। मामले की जांच कर रहे टल्लङ्म्न ड्नँ ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले के खुलासे के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच जारी है। वहीं वार्ड संख्या—17 के पार्षद के*89 अल्ल21 ने बताया कि चोरी की जानकारी मिलते ही उन्होंने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में चिंता और नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। चोरी गई संपत्ति की वास्तविक कीमत और घटना में शामिल लोगों की संख्या का पता जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा।

### चतरा: गिद्धौर में महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी; बच्चों की मौत के बाद खो बैठी थी मानसिक संतुलन



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चतरा( झारखंड)। चतरा जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के दवारी गांव में एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची गिद्धौर थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की तफ्तीश में जुट गई है। मृतका की पहचान दवारी गांव निवासी गांगों भारती की पत्नी राधो देवी के रूप में हुई है। सुबह जब उसकी सहेली महुआ का फल चुनने के लिए उसे बुलाने घर गई, तब उसने राधो देवी का शव साड़ी के फंदे से लटकता पाया। सूत्रों के मुताबिक, कुछ साल पहले घर में लगी भीषण आग में महिला के कई बच्चों की जान चली गई थी, जिसके बाद से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था और वह अत्यधिक शराब का सेवन करने लगी थी। घटना के वक्त उसका पति दिल्ली में था। थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने बताया कि पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# पीएम मोदी के 12 वर्षों का कार्यकाल रहा देश के नवनिर्माण, अंत्योदय और वैश्विक गौरव का स्वर्णिम काल: मनीष जायसवाल





**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार सबसे लंबे समय तक पीएम बने रहने और उनके कार्यकाल के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार से क्षेत्र में विशेष प्रवास कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पीएम मोदी के राष्ट्रहित और जनकल्याणकारी कार्यों को जन—जन तक पहुंचाना है। मंगलवार को सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के नगर पूर्वी, सदर पश्चिम और पूर्वी मंडल के विभिन्न वार्डों व एक दर्जन से अधिक गांवों का अहले सुबह से लेकर देर रात तक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डेढ़ दर्जन विशिष्ट जनों के आवास पर जाकर सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित किया।

सांसद मनीष जायसवाल ने प्रबुद्ध जनों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 12 वर्षों का कार्यकाल देश के नवनिर्माण, अंत्योदय और वैश्विक गौरव का स्वर्णिम काल रहा है। उनके नेतृत्व में हुए जनकल्याणकारी और साहसिक कार्यों ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन को बदला है। इस ऐतिहासिक विकास यात्रा को जन—जन तक पहुंचाना और देशहित की नीतियों से हर नागरिक को जोड़ना हम सभी का दायित्व है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का यही अपार स्नेह और प्रबुद्ध जनों का यह सीधा संवाद ही विकास की इस गति को निरंतर बनाए रखने की हमारी ताकत बनकर उभरेगा।

सांसद ने शुरुआत हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 5 स्थित दीपूगढ़ा में डीएमएफटी मद से नाली निर्माण के शिलान्यास के साथ की। इसके बाद उन्होंने नगर पूर्वी क्षेत्र के भाजपा मंडल मीडिया प्रतिनिधि श्रेष्ठ उपाध्याय के आवासीय परिसर में स्थानीय विशिष्टजनों के साथ बैठक की। तत्पश्चात सदर प्रखंड के सिंघानी में सांसद मद की 5 लाख रुपए की राशि से बनने वाले सांस्कृतिक भवन का विधिवत नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। अपने सदर विधानसभा क्षेत्र प्रखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय गणमान्य और विशिष्ट जनों के आवास पर जाकर आत्मीय मुलाकात की। वे जगदीशपुर में उदय नारायण सिंह, बड़ासी में नंदलाल मेहता, डंडई कला में शंकर पाठक, अमनारी में सुरेश प्रसाद, सिलवार खुर्द में केदार रविदास, सिलवार कला में मुखिया रुक्मिणी देवी व सामाजिक कार्यकर्ता उमेश कुमार, अमृतनगर में दिनेश प्रसाद कुशवाहा, बैहरी में मोसोमात शोभा देवी, बभनबै में लालेंद्र साव उर्फ लखपति साव व युवा अधिवक्ता उदय प्रसाद, डेमोटांड़ में गोपाल प्रसाद साहू, मोरांगी में गोपाल नारायण दास व शंभू मेहता, हत्यारी में रवि कश्यप और तुम्बा में सुरेश राम के आवास पहुंचे।

मौके पर विशेषरूप से हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, सदर विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा, सांसद प्रतिनिधि विनोद झुनझुनवाला, रेणुका साहू, दामोदर प्रसाद, कृष्णा मेहता, दीपू यादव, अनिल पांडेय,विधायक प्रतिनिधि दिनेश कुशवाहा, महेंद्र राम बिहारी, कौलेश्वर रजक, अनेश्वर प्रसाद, अनूप कुमार, महेश प्रसाद, सदर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत कुशवाहा, दिनेश यादव, वार्ड पार्षद रेखा सिंह, राजू सिंह, नगर पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष रिंकू वर्मा, धर्मेंद्र कुमार, लेखराज कुमार सहित अन्य दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता साथ रहें ।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश



**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिला दंडाधिकारी—सह—उपायुक्त श्री रवि आनंद ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिए। जनता दरबार के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में भूमि विवाद, पेयजल आपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, चापाकल, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मामले शामिल थे।

उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों का क्रमवार अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों का नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाए। इस अवसर पर उपायुक्त ने जनशिकायत कोषांग के नोडल पदाधिकारी श्री रितेश कुमार को निर्देशित किया कि जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का विधिवत पंजीकरण सुनिश्चित करते हुए उन्हें अविलंब संबंधित विभागों को अग्रसारित किया जाए। साथ ही प्रत्येक मामले की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण कर निष्पादन की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए।

उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आमजनों एवं प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का एक प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान पारदर्शी, संवेदनशील एवं जवाबदेह तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक समाहरणालय परिसर में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। आमजन अपनी समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान हेतु जनता दरबार में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## कतरास के खरखरी कार्यालय मे कार्यकर्ताओ द्वारा पूर्व सांसद ए के राय की जयंती मनाई गई



**लोकतंत्र की आवाज़**
**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ,पप्पु गुप्ता।** कतरास खरखरी कार्यालय में बीसीकेयू एवं माले कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व सांसद एवं मजदूर नेता ए के राय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने उनके विचारों और संघर्ष के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि ए के राय ने मजदूरों, गरीबों और शोषितों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।मौके पर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष शेख रहीम, गोपाल महतो, राजेश महतो, संजीव महतो, याकूब अंसारी, संजय चौहान, शेख मोविन, सुभाष बाउरी, रामसमुझ हरिजन,मो ताजमूल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ट्रांसजेंडर समुदाय के सम्मान में गरिमा गृह का उद्घाटन

**लोकतंत्र की आवाज़**

**धनबाद कतरास**
**ब्योरो चीफ,पप्पु गुप्ता।** दिनांक 15 जून 2026 को ट्रांसजेंडर समुदाय के सम्मान, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से स्माइल योजना के अंतर्गत मंथन संस्था द्वारा संचालित गरिमा गृह का उद्घाटन उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन के निर्देशानुसार जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती स्नेह कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है तथा गरिमा गृह ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को सुरक्षित आश्रय, सामाजिक सुरक्षा, परामर्श, कौशल विकास एवं मुख्यधारा से जुड़ने के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।




अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय लंबे समय से सामाजिक चुनौतियों का सामना करता रहा है।ऐसे में गरिमा गृह न केवल उन्हें सुरक्षित आवास उपलब्ध कराएगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी सहायता, मानसिक परामर्श, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण तथा आत्मनिर्भर बनने के अवसर भी प्रदान करेगा। इससे समुदाय के सदस्यों को सम्मानजनक जीवन जीने और समाज की मुख्यधारा में स्त्रिरय भागीदारी निभाने में सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने गरिमा गृह का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों की रक्षा एवं उनके समग्र विकास के लिए सरकार एवं सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। मंथन संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि गरिमा गृह के माध्यम से ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ—साथ उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित समुदाय के सदस्यों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया।

कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी सदस्य ममता अरोड़ा, चाइल्ड प्रोविजनल ऑफिसर आनंद कुमार ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के श्वेता किन्नर, मंथन के सचिव बिपलब महतो कोषाध्यक्ष द्विज पद महतो प्रबंधक धनंजय कुमार पंकज कुमार, शक्ति कुमार नीलकमल महतो सूरज कुमार रणजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे।

## विष्णुगढ प्रखंड के एक पंचायत अलपिटो जहां दो विधायक दो सांसद होने के बावजूद अब तक नहीं बन सकी सड़क

**लोकतंत्र की आवाज़**

**ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग और गिरिडीह जिले पर के अवस्थित विष्णुगढ प्रखंड का अल्पिटो पंचायत दोनो जिलों का मध्य भाग मे पडता है जहां के ग्रामीणों को आवागमन का सुलभ रोड भी नसीब नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि अल्पिटो पंचायत बहुत हीं विस्तार व घनी आबादी वाला पंचायत है। इस पंचायत के ग्रामिनो का यह खुशनसीबी है कि पंचायत के कुछ गाँव बगोदर विधानसभा व कुछ गाँव मांडू विधानसभा क्षेत्र में पड़ते हैं। इसी प्रकार लोकसभा मे भी कोडरमा व हजारीबाग में पढ़ते हैं। संयोग से इलाके के चारो प्रतिनिधि विधायक व सांसद चुनावी अभियान के पुरजोर आंकडे मे बाजी मारी मतदाताओं ने इनके वायदों पर भरोसा कर एनडीए समर्थित उम्मीदवारों को जिताया।

यहाँ के चारों एनडीए समर्थित चुनाव जीते है चुनाव के पूर्व चुनावी



प्रचार की घोषणाओं में गाँव आकर ग्रामीणो कि उपस्थित मे सभा कर सभी प्रतिनिधियों ने वायदा किया कि चुनाव जीतने के बाद दो महीने के भीतर आपका यह रोड व्यवस्थित कर दिया जाएगा, लेकिन यह दुर्भाग्य भी कहिए कि दो वर्षों के बीत जाने के बाद भी अब तक कोई प्रतिनिधि विधायक न सांसद इस गाँव की ओर कभी झलक तक नही दिखाए हैं। बताया जाता है कि ग्राम अल्पिटो से कोनार नहर होते हुए हेठली बोदरा , मायापुर तक एक मार्ग गया है जिस मार्ग से होकर सैकड़ों की संख्या में लोग रोज आवागमन करते हैं। इस भाग का आधे हिस्सा बगोदर विधानसभा मे पडता है जिसके विधायक नागेन्द्र महतो हैं व कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में पड़ता है। जिसके सांसद सह केन्द्रीय मंत्रि अन्नपूर्णा देवी हैं। लेकिन माननीय विधायक व सांसद कभी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। दूसरी भाग एनएच 522 उपरैली बोदरा से होकर ग्राम हेठली बोदरा होते हुए गुन्डरो, बराई पंचायत जिसमें दर्जनों गाँव के लोग आवागमन करते हैं। यह पथ पूर्ण रूप से मांडू विधानसभा व हजारीबाग लोकसभा में पड़ता है, जिसके प्रतिनिधि माननीय विधायक निर्मल महतो (उर्फ) तिवारी महतो हैं। एवं सांसद भारतीय जनता पार्टी के कदावर नेता मनीष जासवाल हैं, जिन्होंने चुनाव से पूर्व राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों के बीच खुली घोषणा किए हुए थे कि चुनाव में अगर हमको यहां के मतदाता अपनी मत देते हैं तो दो महीनों के भीतर इस पथ को सुदृढ़ कर दूंगा, लेकिन लाजमी है कि बड़ी बड़ी डींगे हांकने वाले सभी चुपी साधे हुए हैं।

## नियमित और स्वैच्छिक रक्तदाताओं को मिला सम्मान, बढ़ाया गया रक्तदान के प्रति उत्साह

**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा ।** झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी के तत्वावधान में नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदाताओं के सम्मान में रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिले के चिन्हित 16 समर्पित रक्तदाताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर अस्पताल चतरा के उपाधीक्षक डॉ. पंकज कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव धर्मेंद्र पाठक ने की। उन्होंने कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए रक्तदान के महत्व और समाज में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस के कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. पंकज कुमार ने कहा कि रक्तदाताओं का सम्मान करना झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी की सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजनों से रक्तदान करने वाले लोगों का मनोबल बढ़ता है और दूसरे युवा भी प्रेरित होकर रक्तदान के लिए आगे आते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान है। रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती, बल्कि जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है। समाज के हर स्वस्थ व्यक्ति को समय—समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

इस दौरान रक्तवीर मृत्युंजय सिंह, विवेक केशरी, डॉ. पंकज कुमार, पंकज राज, चंद्रशेखर कुमार यादव, शुभम राज, मोनाल कुमार सिन्हा, प्रिंस कुमार,गोल्डन कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह,उमेश राज, पंकज यादव,अक्षत जैन, नंदकिशोर सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने मेंरेड क्रॉस के रत्नेश कुमार, विजय कुमार, रमेश कुमार, मधुलता कुमारी, तापेश्वर प्रसाद सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कुसुम सोलर मे लगे समर्सिबल मोटर हुआ चोरी,पीड़ित ने दिया थाने मे आवेदन

**लोकतंत्र की आवाज़**

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**हंटरगंज (चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत अंतर्गत पचमो गांव मे समर्सिबल मोटर चोरी होने से एक बार फिर ग्रामीणों मे दहसत का माहौल है। पचमो निवासी पीड़ित सनोज यादव ने आवेदन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया की मैने अपने कुए पर कुसुम सोलर योजना के द्वारा 3 एचपी का मोटर लगाया था जिससे प्रत्येक दिन उससे खेत की सिचाई का कार्य करता था विगत 14 जून की शाम को हर रोज की तरह मोटर बंद करके अपने घर चला आया।अगले दिन सुबह जब मै कुए के पास मोटर चालु करने के



लिए पहुंचा तो पाया की मोटर मे लगा पाइप बाहर निकाल कर फेका हुआ है और कुए मे लगा मोटर चोर चोरी कर चुके थे। सनोज कुमार ने जानकारी साझा करते हुए बताया की मैने मोटर चोरी की जानकारी आवेदन के माध्यम से पाण्डेयपुरा पुलिस पिकेट और हंटरगंज थाना दोनो को दी गयी है उनके द्वारा ये आश्वासन दिया गया है की वो जल्द ही चोरो को पकड़ लेंगे।इस मोटर चोरी की घटना से क्षेत्र के लोगो मे दहसत का माहौल है क्योंकि क्षेत्र मे बहुत जगहों पर कुसुम सोलर योजना का मोटर लगा है।

# जनसमस्याओं को ले भाकपा माले ने डाडी प्रखंड मुख्यालय में किया धरना-प्रदर्शन

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** जिले के डाडी प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को आम जनता की ज्वलंत समस्याओं को लेकर भाकपा माले ने व्यापक धरना—प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया।



धरना—प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने पीडीएस में अनाज कटौती, व्याप्त भ्रष्टाचार, कोयला तस्करी, बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं तथा जनविरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों के अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि राशन वितरण प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, गरीबों के हक में कटौती करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, क्षेत्र में हो रही कोयला तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जाए। अरगड्डा में हुए हादसे से हुए हादसा मृतक परिजनों को 50—50 लाख मुआवजा दिया जाए

धरना के दौरान उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि गरीबों के अधिकारों की रक्षा और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में "गरीबों का हक नहीं कटने देंगे" और "भ्रष्टाचार और लूट के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा" जैसे नारों के साथ जनसमस्याओं के समाधान की मांग उठाई गई।

वक्ताओं ने कहा कि जनहित के मुद्दों पर जनता की एकजुटता ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। डाडी की धरती से उठी यह आवाज व्यवस्था में सुधार, पारदर्शिता और आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक मजबूत संदेश है। अध्यक्षता कॉमरेड अशोक गुप्ता संचालन विनोद प्रसाद ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाकपा—माले केंद्रीय सदस्य कॉमरेड आर.डी. मांझी, राज्य सदस्य कॉमरेड राजेंद्र गोप, धनेश्वर तुरी, मजदूर नेता बैजनाथ मिस्त्री, जिला सचिव पच्चू राणा, जिला सदस्य मनीष यादव, शहीद अंसारी, सोहराय किस्कू, सुरेश बेदिया, अजीत प्रजापति, धनु महतो राजकुमार लाल, उमेश राम,अमृत राणा ,कालेश्वर रजवार सुनील किस्कू धानू टुटू रामप्रवेश गोप महेश गोप बबन गोप कन्दु गोप बहादुर गोप डोमन राणा प्रभु गोप राजेश गोप जलेश्वर रजवार देवनारायण गोप, मझला मांझी , हकीम अंसारी, आजाद अंसारी, कैलाश महतो, ललित महतो, खेमलाल बेदिया, जगदीश महतो, फागु बेदिया ,महेश बेदिया,चेतन बेदिया, मो. होसेन, हरखु बेदिया, राजेश कुमार, विरेन्द्र गंझू, महेश मुंडा, मो. मजहर, रामधनी मुंडा, मेकलाल महतो, शिशुपाल महतो, केसु महतो, इन्द्रजीत महतो, रामु सिंह, चमन गंझू, तुलसीदास मांझी, काली दा, रसका हेंब्रम, लाला मांझी, शिवकुमार टुडू, जगमोहन महतो, धनेश्वर महतो, खिरोधर करमाली, दशरथ सिंह, सत्यनारायण प्रसाद, महेश बेदिया विकास प्रसाद,रूपा बेसरा बुधनी देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नाबालिग से दुष्कर्मः कैमूर कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा

**लोकतंत्र की आवाज**

**भभुआ (कैमूर):** स्पीडी ट्रायल पॉक्सो कोर्ट में कैमूर जिला पॉक्सो न्यायालय के विशेष न्यायाधीश सह एडीजे-6 प्रमोद कुमार पाण्डेय की अदालत ने एक 14 वर्षीय पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषी पाते हुए 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 60 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं देने पर 2 साल का अतिरिक्त कारावास भुगतने का निर्णय सुनाया गया।

**25 वर्षीय आरोपी को सजा:** दोषी 25 वर्षीय शंकर कुमार कैमूर जिला के दुर्गावती थाना क्षेत्र का रहने वाला है। कैमूर जिला पॉक्सो नंबर 2 के विशेष लोक अभियोजक शशिभूषण पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुसूचित जाति की किशोरी के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। घटना 11 दिसम्बर 2024 की है, जब पीड़िता खेत की तरफ गई थी। उसी दौरान अभियुक्त शंकर कुमार ने उसके साथ दुष्कर्म किया। अभियोजन पक्ष की ओर से 7 गवाहों एवं दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को दोषी पाते हुए न्यायालय ने धारा 64(1) इठर एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4(1) के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई। साथ ही पीड़िता की मानसिक और सामाजिक क्षति को देखते हुए अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) को उचित मुआवजा (प्रतिकर राशि) देने का आदेश भी दिया।

### पी.एम.श्री. स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं में दाखिला शुरू

**कैमूर ।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अधीन संचालित स्वायत्त संस्थान, पी.एम.श्री. स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चौरसिया (कैमूर) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की है। विद्यालय प्रशासन द्वारा जनहित में जारी इस नोटिस के अनुसार, कक्षा ग्यारहवीं (क) के विज्ञान और कला संकाय में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए योग्य छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जून 2026 तय की गई है।

**आवेदन के लिए आवश्यक पात्रता :** नवोदय विद्यालय में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए प्रशासन ने निम्नलिखित कड़े मानदंड और पात्रता शर्तें निर्धारित की हैं।

**शैक्षणिक सत्र एवं बोर्ड:** आवेदक ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा दसवीं (10वीं) की परीक्षा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) या किसी अन्य मान्यता प्राप्त राज्य शिक्षा बोर्ड से उत्तीर्ण की हो।

**न्यूनतम अंक (सामान्य):** अभ्यर्थी ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक (प्रथम श्रेणी) प्राप्त किए हों। आयु सीमा अभ्यर्थी की जन्म तिथि 01 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होनी चाहिए। इसमें यह दोनों तिथियाँ भी शामिल हैं। ऑनलाइनः नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भी आवेदन फॉर्म डाउनलोड किया जा सकता है। किसी भी अन्य पूछताछ के लिए विद्यालय के आधिकारिक ईमेल पर संपर्क किया जा सकता है।

### कर्णपुरा पंचायत भवन में सहयोग शिविर आयोजित, कई आवेदनों का हुआ त्वरित निष्पादन



**दुर्गावती ।** कर्णपुरा पंचायत भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंचायत के मुखिया अंगद यादव सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की कार्रवाई की गई। शिविर में जॉब कार्ड से संबंधित 32 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि राजस्व विभाग से संबंधित 5 आवेदन लंबित पाए गए। वहीं खाद्य आपूर्ति विभाग का एक आवेदन प्राप्त हुआ, जिसका निष्पादन कर दिया गया। इसके अलावा श्रम विभाग से जुड़े दो आवेदन भी शिविर में आए, जिनका संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अधिकारियों ने शेष लंबित मामलों के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। ग्रामीणों ने शिविर के माध्यम से अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान पर संतोष व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की जन सभा में प्रखंड के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

**चांद।** प्रखंड भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री की सभा में भाग लेने के लिए सभा स्थल पंहुचे। मंगलवार को मां मुण्डेश्वरी का दर्शन के बाद बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की जन आशीर्वाद यात्रा में सभा का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में भाजपा जदयू एवं अन्य ग्रामीण गए। सभा में जाने वालों में जिविका दीदीओ की बड़ी संख्या थी।

# भभुआ : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कैमूर को दी 196 करोड़ की सौगात

**लोकतंत्र की आवाज**



**विनोद कुमार राम**

**भभुआ** कैमूर-बिहार के माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कैमूर जिले के दौरे के दौरान विकास, जनकल्याण एवं जनसंवाद कार्यक्रमों में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित लगभग 196 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया तथा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं सहायता राशि के चेक वितरित किए।

**मुंडेश्वरी धाम में पूजा, फिर जनसंवाद :** निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर पहड़िया पंचायत स्थित मुंडेश्वरी धर्मशाला के समीप बने हेलीपैड पर उतरा। इसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध माँ मुंडेश्वरी धाम पहुंचकर माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की तथा बिहार राज्य और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। माँ मुंडेश्वरी धाम से प्रस्थान करने के बाद मुख्यमंत्री सहयोग शिविर एवं सभा स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता राशि एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

**लाभुकों को करोड़ों के चेक बंटे :** कार्यक्रम के दौरान आनंदी देवी एवं सुशीला देवी को बैंक ऋण योजना के तहत 68 करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया गया। वहीं हिरोशिमा देवी एवं आशा देवी को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 10 लाख रुपये का चेक दिया गया। गणेश कुमार एवं सुनीता कुमारी को अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 1 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। अन्नू देवी को मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को सुना। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उसकी प्राथमिकता है। जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री के आगमन



को लेकर सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं कार्यक्रम संचालन की व्यापक व्यवस्था की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री का यह दौरा कैमूर जिले के विकास को नई गति देने के साथ-साथ शासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## चैनपुर की सड़कों पर ओवरलोड ट्रकः मंत्री ने सीएम से लगाई गुहार



**लोकतंत्र की आवाज**

**विनोद कुमार राम**

**भभुआ** कैमूर-अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान ने भारतमाला परियोजना के तहत चैनपुर विधानसभा क्षेत्र की क्षतिग्रस्त ग्रामीण सड़कों के जीर्णोद्धार और दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग मुख्यमंत्री से की है। मंत्री ने दिनांक 16/06/2026 को पत्रांक 4691/आ0 के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र लिखा।

**भारताला एक्सप्रेस-वे से सड़कें तबाह :** मंत्री ने पत्र में लिखा कि वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण के कारण चैनपुर एवं आसपास के 3-4 प्रखंडों की 100 से अधिक ग्रामीण सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। इनमें से 50 से 60 सड़कें वर्ष 2020 के बाद ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बनी थीं। ग्रामीण सड़कों की क्षमता 12 टन है, लेकिन एक्सप्रेस-वे का सामान ढोने वाले 50 टन तक ओवरलोड वाहन तेज गति से गुजर रहे हैं।

**13-14 युवकों की मौत का जिक्र :** मंत्री ने लिखा कि अनियंत्रित ओवरलोडिंग के कारण पिछले कुछ समय में क्षेत्र के 13 से 14 स्थानीय लड़कों, जिनकी उम्र 25 वर्ष से कम थी, की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो चुकी है। इस विषय को लेकर पूर्व में जिलाधिकारी कैमूर के साथ बैठक कर सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए थे, पर स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

**मुआवजा और सड़क निर्माण की मांग :** मंत्री ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि ग्रामीण सड़कों पर भारी वाहनों की अवैध ओवरलोडिंग पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और दोषी कंपनियों/चालकों पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही सड़क दुर्घटना में मृत सभी पीड़ित परिवारों को मृत्युपोषण हेतु कम से कम 1-1 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाए। चैनपुर विधानसभा क्षेत्र की क्षतिग्रस्त मुख्य और संपर्क सड़कों की सूची के आधार पर तत्काल जीर्णोद्धार एवं नए सिरे से निर्माण की स्वीकृति देने की कृपा की जाए।

## चैनपुर के ईसिया में पैक्स चुनाव को लेकर तैयारियां हुई पूरी

**लोकतंत्र की आवाज**

**चैनपुर।** प्रखण्ड में एक पंचायत का पैक्स चुनाव को लेकर प्रशासन की ओर तैयारियां पूरी कर ली गई है। चैनपुर प्रखण्ड के इसिया पंचायत का पैक्स चुनाव 17 जून को होगी। जिसमें किसी भी प्रकार का व्यवस्था में कोई कमी नहीं रह जाएं। जिस पर पुलिस प्रशासन का भी सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा इंतजाम रहेगा। जिसको लेकर विशेष जानकारी देते हुए चैनपुर के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश ने बताया चैनपुर प्रखण्ड के ईसिया पंचायत का पैक्स चुनाव 17 जून को होगी। जिसको लेकर चुनाव कर्मी एवं चुनाव सामग्री के साथ गाड़ी से ईसिया पंचायत के लिए रवाना किया गया है। वोटिंग सुबह में 7 से 4/30 बजे तक मतदाता अपना वोट दे सकते हैं। इसके लिए दो बूथ स्थापित की गई है। दोनों बूथ कुल मिलाकर 1418 वोटिंग शामिल होंगे। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने बताया कि इसमें एक मदरा बूथ है और दूसरा एक अन्य बूथ शामिल हैं। इसमें पैक्स अध्यक्ष के लिए दो उम्मीदवार का फैसला होगा। जिसमें कि एक वर्तमान पैक्स अध्यक्ष राम भजन बिंद और दूसरा अन्य व्यक्ति उम्मीदवार शामिल हैं। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश ने बताया कि यह पैक्स चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराया जायेगा। और असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखा जायेगा। कोई शिकायत नहीं मिले। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है।

## जनसुराज जिला अध्यक्ष बंसलोचन राम बोले- प्रखंडों में झोंकी ताकत, प्रशांत किशोर बांकीपुर से लड़ें चुनाव

**लोकतंत्र की आवाज**

**रामगढ़ : प्रखंड स्तर पर महाअभियान जारीः** जनसुराज पार्टी के कैमूर जिला अध्यक्ष बंसलोचन राम ने रामगढ़ में मीडिया से बातचीत करते हुए आगामी चुनावों को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि कैमूर की चारों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए पार्टी ने ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। जिले के 5 से 6 प्रखंडों में संगठन का विस्तार पूरा हो चुका है, और शेष 3-4 प्रखंडों में काम अंतिम चरण में है। सांगठनिक ढांचा मजबूत होते ही इसकी अंतिम रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को सौंपी जाएगी।



**'गरीब-गुरबा' तबके से सीधा संवादः** बंसलोचन राम ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता जिले के कोने-कोने में जाकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों से मिल रहे हैं। सुदूर ग्रामीण इलाकों में प्रशांत किशोर के विचारों और बिहार नवनिर्माण के विज़न को पहुँचाया जा रहा है, जिसे जनता का भारी समर्थन मिल रहा है।

**प्रशांत किशोर से चुनाव लड़ने की अपीलः** जिला अध्यक्ष ने एक बड़ा राजनैतिक प्रस्ताव रखते हुए कहा कि जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर को बांकीपुर की खाली सीट से खुद चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने समीकरण समझाते हुए कहा, ₹इस एक सीट से न भाजपा सरकार गिरेगी और न राजद की बनेगी, लेकिन विधानसभा में प्रशांत जी के पहुँचने से बिहार के युवाओं और पलायन की आवाज़ बुलंद होगी।

**कोचिंग विवाद पर बोले- निर्दोषों को न फंसाया जाएः** राज्य में कोचिंग सेंटरों और खान सर जैसे चर्चित शिक्षकों पर हो रही कार्रवाई पर जिला अध्यक्ष ने बेबाकी से राय रखी। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उचित जांच होनी चाहिए। जो वास्तव में नियमों के उल्लंघन का दोषी हो, केवल उसी पर कानूनी कार्रवाई की जाए; प्रशासनिक दबाव में किसी निर्दोष शिक्षक या संस्थान को प्रताड़ित न किया जाए।

## कुदरा में बसपा की संगठन समीक्षा बैठक, बूथ तक मजबूती का संकल्प

**लोकतंत्र की आवाज**



**भभुआ कैमूर**-बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में मोहनियां विधानसभा के प्रखंड कुदरा में प्रखंड स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा, प्रखंड, सेक्टर, बूथ स्तर के पदाधिकारियों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने की, जबकि संचालन विधानसभा अध्यक्ष नागमणि बौद्ध ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत कर सुश्री बहन कुमारी मायावती जी के हाथ मजबूत करने का निर्णय लिया गया।

**पंचायत से लोकसभा तक की रणनीति तय :** बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचायती चुनाव में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को जिताया जाए और आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक सांसद जीताकर बहन जी के हाथ मजबूत किए जाएं। पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक संगठन विस्तार का जिम्मा दिया गया।

**पदाधिकारी रहे मौजूद :** बैठक में बसपा जिलाध्यक्ष कैमूर अयोध्या कुमार, बसपा नेता महावीर राम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मोती राम, विधानसभा प्रभारी रणविजय भारती, जिला उपाध्यक्ष भागीरथ पाल, महेंद्र राम, गोपी किशन, शिवपरसन राम, राजेन्द्र राम, कृष्ण बैठा, ललन राम, फिरोज राम, राजेश कुमार, मोहर राम सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 26 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, उत्पाद विभाग की कार्रवाई, शराब और टेंपो जब्त

**लोकतंत्र की आवाज**



**मोहनिया।** थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार की शाम बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 26 लीटर 8 पीएम विदेशी शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान शराब ढोने में प्रयुक्त एक टेंपो को भी जब्त कर लिया गया। जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब की खेप लेकर कुछ तस्कर क्षेत्र से गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर उत्पाद पुलिस ने कैथियां गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान एक टेंपो को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से करीब 26 लीटर 8 पीएम विदेशी शराब बरामद हुई। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के कंजर गांव निवासी आनंद सिंह के पुत्र राजकुमार चौहान तथा बक्सर जिले के बरुना थाना क्षेत्र निवासी छोटेलाल चौहान के पुत्र निरंजन कुमार के रूप में की गई है। उत्पाद विभाग के एएसआई रौशन कुमार ने सोमवार की शाम फोन पर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि शराब की खेप उत्तर प्रदेश के जमानिया से लाकर रोहतास जिले के कोचस में डिलीवरी देनी थी। उत्पाद विभाग ने बरामद शराब और टेंपो को जब्त कर लिया है। वहीं दोनों आरोपियों के खिलाफ बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद विभाग का कहना है कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## एक झाड़ू ने दिया स्वच्छता का संस्कार, एक पौधे ने सिखाई पर्यावरण की जिम्मेदारी

**लोकतंत्र की आवाज**







**कैमूर।** जहां आज के दौर में शिक्षा अक्सर सिर्फ किताबों और परीक्षा के अंकों तक सिमट कर रह गई है, वहीं नुआंव प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बराढ़ी की प्रधान शिक्षिका सुनीता कुमारी ने एक अनूठा नवाचार कर शिक्षा को सीधे जीवन से जोड़ दिया है। सुनीता कुमारी के कुशल नेतृत्व में पिछले तीन वर्षों से चल रहे सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि आज स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण इस विद्यालय की एक जीवंत पहचान बन चुके हैं। प्रधान शिक्षिका, सहायक शिक्षकों और बच्चों की त्रिवेणी ने मिलकर इस अभियान को विद्यालय की चहारदीवारी से निकालकर गाँव-गाँव तक पहुँचा दिया है।

**घर-घर जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख, स्कूल बना मिसालः** शिक्षकों और बच्चों की इस टोली ने केवल स्कूल को ही सुंदर नहीं बनाया, बल्कि गाँव के हर घर का दरवाजा खटखटाया। टीम ने ग्रामीणों को स्वच्छता, सघन वृक्षारोपण, जल संरक्षण और एक स्वच्छ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसका असर यह हुआ कि जो लोग पहले पर्यावरण के प्रति उदासीन थे, आज वे खुद आगे बढ़कर इस जन आंदोलन का हिस्सा बन रहे हैं।

**'एक विद्यार्थी, एक पौधा' पहल से आया बदलावः** विद्यालय परिसर को हरा-भरा करने के लिए एक व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इसके तहत 'एक विद्यार्थी, एक पौधा' नाम की एक अनूठी पहल शुरू की गई।

जिम्मेदारी का अहसासः हर बच्चे को एक पौधे को गोद लेने और उसकी पूरी देखभाल करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। श्रमदान की भावनाः शिक्षिका सुनीता कुमारी खुद बच्चों के साथ झाड़ू उठाकर सफाई और श्रमदान में शामिल हुईं। इससे बच्चों में श्रम के प्रति सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना गहराई से विकसित हुई।

**परीक्षा का उद्देश्य सिर्फ अंक पाना नहींः सुनीता कुमारी** ₹स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हमारे लिए कोई सरकारी कार्यक्रम या औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह वह संस्कार है जो हम अपनी आने वाली पीढ़ी को सौंप रहे हैं। जब शिक्षक, विद्यार्थी और समाज एक साथ संकल्प लेते हैं, तो धरातल पर बदलाव निश्चित रूप से संभव होता है।

**सुनीता कुमारी, प्रधान शिक्षिका**

उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा का असली उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं है, बल्कि ऐसे संवेदनशील और जागरूक नागरिक तैयार करना है जो समाज, प्रकृति और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें और उनका निर्वहन करें।

**बदली विद्यालय की तस्वीर, बच्चों ने लिया बड़ा संकल्पः** तीन साल पहले की तुलना में आज इस विद्यालय की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। पूरा परिसर अब एक स्वच्छ, हरित और बेहद आकर्षक स्वरूप में नजर आता है। इस सकारात्मक माहौल से प्रेरित होकर अब स्कूल के बच्चों ने भी एक सुर में संकल्प लिया है। ₹हम पढ़ेंगे, हम बढ़ेंगे और अपने विद्यालय तथा पर्यावरण की रक्षा करेंगे। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बराढ़ी की यह अनूठी पहल आज आसपास के अन्य विद्यालयों और समाज के लिए एक बेहतरीन नजीर (मिसाल) बन चुकी है। यह कहानी साबित करती है कि अगर एक शिक्षक ठान ले, तो वह पूरे समाज की सोच को बदल सकता है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### श्री राधा-कृष्ण भगवान मंदिर डोरा एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक । जिले की नवसृजित ग्राम पंचायत रतनपुरा के याकुबपुरा (खातोला) गांव में करीब 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित नए श्री राधा–कृष्ण भगवान मंदिर में डोरा एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 13 जून से 17 जून तक किया जा रहा है। समाजसेवी आशाराम नागर, विनोद धाकड़, जितेंद्र, गौतम, नरेश (अडानी ग्रुप), चेतन, राकेश सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 13 जून को विशाल भव्य कलश यात्रा के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। महोत्सव के दौरान यज्ञारंभ, गणपति पूजन सहित विभिन्न धार्मिक एवं वैदिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 16 जून की रात्रि में विशाल भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। वहीं 17 जून को भगवान श्री राधाकृष्ण की प्राण प्रतिष्ठा, शिव परिवार की मूर्तियों का वास तथा अन्य वैदिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। महोत्सव के समापन पर पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण का आयोजन भी किया जाएगा।आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### अपराध नियंत्रण को लेकर डी एम, एस पी ने समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश



लोक तंत्र की आवाज
इरफान पठान
उरई जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अभियोजन, अपराध नियंत्रण एवं भूमि विवाद निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में हत्या, लूट, महिला अपराध, पॉक्सो एवं गैंगस्टर एक्ट के मामलों की प्रगति का परीक्षण करते हुए निर्देश दिए गए कि गंभीर अपराधों की विवेचना निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर प्रभावी पैरवी सुनिश्चित की जाए, जिससे दोषियों को शीघ्र सजा मिल सके। भूमि विवादों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकांश कानून–व्यवस्था संबंधी समस्याओं की जड़ भूमि विवाद होते हैं। इसलिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें नियमित रूप से मौके पर पहुंचकर पैमाइश, सीमांकन एवं कब्जा विवादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। आईजीआरएस, जनसुनवाई एवं थाना समाधान दिवस में प्राप्त भूमि विवादों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए गए।

### डीएम, एसपी की अध्यक्षता में मोहर्रम के त्यौहार को मुद्दे नजर रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई



लोकतंत्र की आवाज
उरई जालौन। आगामी मुहर्रम पर्व की तैयारियों, शांति समिति बैठकों एवं एन–कॉर्ड के अंतर्गत मादक पदार्थों की रोकथाम संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए ।बैठक में ताजिया मार्गों की स्थिति, साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। शांति समिति बैठकों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि सभी थाना क्षेत्रों में नियमित बैठकें आयोजित कर धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से संवाद स्थापित किया जाए। वहीं एन–कॉर्ड के अंतर्गत नशा तस्करी एवं अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने तथा युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए।

### घर में अकेली किशोरी से छेड़छाड़ विरोध करने पर बेरहमी से पीटा और दी जान से मारने की धमकी

लोकतंत्र की आवाज
जालौन । कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहाँ घर में अकेली सोलह वर्ष की किशोरी को देखकर गांव के ही एक युवक ने जबरन घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी की। जब किशोरी ने हिम्मत दिखाकर इसका कड़ा विरोध किया तो आरोपी ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। शोर शराबा सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे तो आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से भाग निकला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। छोटे भाई ने सूझबूझ से बनाया वीडियो पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार दोपहर उसके परिवार के सभी सदस्य काम के सिलसिले में बाहर मजदूरी करने गए हुए थे। घर पर वह अपने छोटे भाई के साथ अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर गांव का ही रहने वाला रोहित नाम का युवक जबरन घर के भीतर दाखिल हो गया और किशोरी को दबोचकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। घटना के वक्त घर में मौजूद किशोरी के छोटे भाई ने बड़ी सूझबूझ दिखाते हुए पूरी वारदात का अपने मोबाइल से वीडियो बना लिया। यह वीडियो अब पुलिस को पुख्ता सबूत के तौर पर सौंप दिया गया है। पीड़िता ने बताया कि इस खौफनाक घटना के बाद से वह बेहद डरी हुई है और उसे अपनी जान का खतरा सता रहा है। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की शिकायत को पूरी गंभीरता से लेते हुए आरोपी रोहित के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### घर में अकेली किशोरी से छेड़छाड़ विरोध करने पर बेरहमी से पीटा और दी जान से मारने की धमकी

लोकतंत्र की आवाज
जालौन। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहाँ घर में अकेली सोलह वर्ष की किशोरी को देखकर गांव के ही एक युवक ने जबरन घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी की। जब किशोरी ने हिम्मत दिखाकर इसका कड़ा विरोध किया तो आरोपी ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। शोर शराबा सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे तो आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से भाग निकला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। छोटे भाई ने सूझबूझ से बनाया वीडियो पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार दोपहर उसके परिवार के सभी सदस्य काम के सिलसिले में बाहर मजदूरी करने गए हुए थे। घर पर वह अपने छोटे भाई के साथ अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर गांव का ही रहने वाला रोहित नाम का युवक जबरन घर के भीतर दाखिल हो गया और किशोरी को दबोचकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। घटना के वक्त घर में मौजूद किशोरी के छोटे भाई ने बड़ी सूझबूझ दिखाते हुए पूरी वारदात का अपने मोबाइल से वीडियो बना लिया। यह वीडियो अब पुलिस को पुख्ता सबूत के तौर पर सौंप दिया गया है। पीड़िता ने बताया कि इस खौफनाक घटना के बाद से वह बेहद डरी हुई है और उसे अपनी जान का खतरा सता रहा है। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की शिकायत को पूरी गंभीरता से लेते हुए आरोपी रोहित के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शहीद स्मारक जयपुर में कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके पर प्रदर्शन के दौरान हमल

लोकतंत्र की आवाज




**शिवराज बारवाल मीना**
**जयपुर/टोंक** । राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित शहीद स्मारक पर सोमवार को आयोजित राजनीतिक प्रदर्शन उस समय हंगामे में बदल गया, जब कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके पर मंच पर पहुंचते ही एक अज्ञात युवक ने हमला कर दिया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से प्रदर्शन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया।

**प्रदर्शन के बीच अचानक हुआ हमला–समर्थकों में मची भगदड़:** जानकारी के अनुसार, कॉकरोच जनता पार्टी के कार्यकर्ता अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जयपुर के शहीद स्मारक पर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान अभिजीत दीपके जैसे ही मंच की ओर बढ़े, भीड़ में मौजूद एक युवक अचानक आगे आया और उन पर ताबड़तोड़ थप्पड़ जड़ दिए। अप्रत्याशित हमले से मंच पर मौजूद लोग हैरान रह गए और कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई।

**आरोपी को पकड़ने की कोशिश में बढ़ा विवाद:** हमले के तुरंत बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने आरोपी युवक को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान धक्का-मुक्की और हल्की झड़प भी हुई। कुछ समर्थकों ने आरोपी के साथ मारपीट की, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई। हालांकि मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर माहौल को शांत कराने का प्रयास किया।

**भीड़ का फायदा उठाकर फरार हुआ हमलावर:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, समर्थकों के कब्जे में आने के बावजूद आरोपी युवक किसी तरह भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हलचल मच गई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस:** सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। पुलिस अधिकारियों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद लोगों से पूछताछ कर हमलावर की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

■ समर्थकों और आरोपी के बीच हुई धक्का-मुक्की,सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**लोकतांत्रिक विरोध को कमजोर करती हैं ऐसी घटनाएं : अभिजीत दीपके:** घटना के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई। वहीं अभिजीत दीपके ने समर्थकों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शन की भावना को कमजोर करती हैं और कानून को अपना काम करने देना चाहिए। यह घटना अब केवल हमले तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि सार्वजनिक आयोजनों की सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है ।पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि भारी भीड़ के बीच आरोपी मंच तक कैसे पहुंचा और घटना के बाद आसानी से फरार होने में कैसे सफल रहा।

## गोण्डा :बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**करीम खान**
**गोण्डा।** जनपद में हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन वह शक्ति सदन की टीम द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सम्मय माता मन्दिर, परेड सरकार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को शिक्षा का महत्व, महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों 112, 1098, 1090, 1076, 1930, पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बालिकाओं के भविष्य को प्रभावित करता है।

समाज के सहयोग से ही बाल विवाह मुक्त भारत का लक्ष्य साकार हो सकता है। जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने बताया कि

■ डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि बाल विवाह एक दण्डनीय अपराध है तथा बालिकाओं के भविष्य को प्रभावित करता है

बालिकाओं की शिक्षा उन्हें आत्मनिर्भर बनाती है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएँ बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा, सहायता और प्रोत्साहन प्रदान करती हैं। जेण्डर स्पेशलिस्ट ज्योत्स्ना सिंह द्वारा निराश्रित महिला पेंशन, बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना के पैम्पलेट वितरित किए गए व पात्रता की शर्तों को बताकर आवेदन करने के लिए प्रेरित किया गया ।इस अवसर पर शक्ति सदन से अधीक्षिका प्रियंका सिंह, राजकीय दत्तक ग्रहण से मैनेजर अंकित चन्द्र, सोशल वर्कर रंजू देवी, आदि मौजूद रहे।

## जून-जुलाई माह की जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

**लोकतंत्र की आवाज**
**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक।** राज्य सरकार के जन अभियोग निराकरण विभाग के निर्देशानुसार जिले में जून एवं जुलाई माह के दौरान आयोजित होने वाली जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया है। जिला प्रशासन टोंक द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, जिले में संचालित ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के आयोजन को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।


इस अवधि में नियमित रूप से आयोजित होने वाली जनसुनवाई नहीं होगी। जिला प्रशासन ने बताया कि जनसुनवाई की आगामी तिथियों की सूचना अलग से जारी की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि वे जनसुनवाई से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए जिला प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा जारी सूचनाओं पर नजर बनाए रखें। यह निर्णय प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने तथा सेवा शिविरों के प्रभावी संचालन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।



■ ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के आयोजन के मद्देनजर जिला प्रशासन ने लिया निर्णय

## सड़क हादसे में युवा महिला अधिवक्ता सबीहा बी का निधन, अभिभाषक संघ एवं अलीगढ़ कस्बे में शोक की लहर

**लोकतंत्र की आवाज**



**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/उनियारा** ।उनियारा एडीजे कोर्ट से जुड़ी युवा अधिवक्ता सबीहा बी (पुत्री मोहम्मद सलीम, निवासी अलीगढ़, जिला टोंक) का जयपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। बीते दिनों 11 जून को न्यायिक कार्य के लिए जाते समय हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनका कई दिनों तक इलाज चला, लेकिन मंगलवार तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली ।उनके निधन से उनियारा अभिभाषक संघ, न्यायिक क्षेत्र और पैतृक गांव अलीगढ़ में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 जून 2026 को दोपहर लगभग 2:15 बजे अधिवक्ता मोहम्मद लईक खान अपने स्कूटर से एसीजेएम कोर्ट उनियारा से कार्य निपटाकर एसडीओ कोर्ट की ओर जा रहे थे। स्कूटर पर उनके पीछे उनकी जूनियर अधिवक्ता सबीहा बी भी सवार थीं। जब वे टोंक–सवाईमाधोपुर हाईवे पर गलवा पुलिया के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे वाहन संख्या एमपी 09 बीजी 6098 से टक्कर हो गई ।परिवाद में अंकित तथ्यों के अनुसार, संबंधित वाहन चालक तेज गति एवं कथित लापरवाही से गलत दिशा में वाहन चलाते हुए आया और स्कूटर को टक्कर मार दी। हादसे के बाद सबीहा बी सड़क पर गिर गईं, जिससे उनके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के तुरंत बाद उन्हें उनियारा अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद टोंक के सहादत अस्पताल रेफर किया गया ।हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए जयपुर रेफर कर दिया। पांच दिनों तक उपचार चलने के बाद मंगलवार तड़के उनका निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही अधिवक्ता साथी जयपुर अस्पताल पहुंचे और गहरा शोक व्यक्त किया। उअभिभाषक संघ के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने इसे न्यायिक परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। दूसरी ओर, उनके पैतृक गांव अलीगढ़ में निधन का समाचार पहुंचते ही शोक की लहर फैल गई।

मंगलवार दोपहर पार्थिव देह गांव पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठ और संघर्षशील व्यक्तित्व की धनी बताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। थाने पर दर्ज रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि घायल के उपचार में परिवार एवं संबंधित लोग लगातार व्यस्त रहे, जिसके कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी। बाद में परिवादी इरफान अहमद (मो. इरफान), निवासी उनियारा, जिला टोंक द्वारा थाना उनियारा में रिपोर्ट प्रस्तुत कर संबंधित वाहन चालक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की गई ।पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 एवं 125ए के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल शोभागमल मीणा द्वारा की जा रही है।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत रिजोदा ग्राम पंचायत में चौपाल एवं श्रमिक संवाद कार्यक्रम आयोजित

**लोकतंत्र की आवाज**



**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विभाग राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन जिला टोंक द्वारा मंगलवार को मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत उनियारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत रिजोदा में चौपाल एवं श्रमिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष डॉ. नरेश मीणा ने केंद्र सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) का स्वरूप बदलकर श्रमिकों एवं आमजन से रोजगार पाने का कानूनी अधिकार छीनने का आरोप लगाया। साथ ही राज्य सरकार द्वारा पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों के चुनाव टालने को लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए नुकसानदायक बताते हुए कहा कि इससे गांवों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा श्रमिकों और आमजन के साथ मिलकर मनरेगा को बचाने की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी। चौपाल में विधानसभा प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष गोपाल गुर्जर महुआ, ब्लॉक प्रभारी एवं जिला महासचिव नंदकिशोर मीणा एडवोकेट, जिला महासचिव महेंद्र बैरवा, उनियारा ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान मीणा, जिला सचिव भरत लाल मीणा, पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश बैरवा, बुद्धि प्रकाश मीणा, जयराम मीणा एवं शंकर मीणा ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।कार्यक्रम में सत्यनारायण मीणा, रामस्वरूप बैरवा, जसराम मीणा, महावीर मीणा, जोगेश योगी, कृष्ण कुमार मीणा, चेतराम मीणा, सीमा, अनीता, धोली, कविता, कमला, संपत और क्षमता सहित बड़ी संख्या में मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।

## डाईट टोंक के व्याख्याता कन्हैया लाल मीणा के मार्गदर्शन में 23 छात्रों का शिक्षक भर्ती परीक्षा में हुए चयनित

**लोकतंत्र की आवाज**



**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) टोंक के व्याख्याता कन्हैया लाल मीणा (केएल चौकी) के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में इस वर्ष आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा में 23 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इस उपलब्धि से शिक्षा जगत में खुशी और उत्साह का माहौल है।

शिक्षा क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, समर्पण और निरंतर सफलता के कारण व्याख्याता कन्हैया लाल मीणा (केएल चौकी) को छात्र-छात्राओं द्वारा "मास्टर मशीन" के नाम से भी जाना जाता है। उनके मार्गदर्शन में अध्ययन करने वाले अनेक अभ्यर्थी पूर्व में भी विभिन्न शिक्षक भर्ती परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि पिछली शिक्षक भर्ती परीक्षा में भी उनके निर्देशन में अध्ययन करने वाले एक ही बैच के 37 अभ्यर्थियों का शिक्षक पद पर चयन हुआ था, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि रही थी ।इस वर्ष भी 23 अभ्यर्थियों का चयन होने से उनकी शैक्षणिक मार्गदर्शन क्षमता एक बार फिर प्रमाणित हुई है। चयनित अभ्यर्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय कन्हैया लाल मीणा के अनुभव,

■ "मास्टर मशीन" के नाम से भी जाने जाते हैं व्याख्याता कन्हैया लाल मीणा (केएल चौकी)-युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत

नियमित मार्गदर्शन, अनुशासित अध्ययन पद्धति और निरंतर प्रेरणा को दिया है। उनका कहना है कि सही दिशा, सतत मेहनत और सकारात्मक वातावरण के कारण ही यह सफलता संभव हो सकी है। क्षेत्र के शिक्षाविदों, अभिभावकों एवं सामाजिक संगठनों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए व्याख्याता कन्हैया लाल मीणा एवं चयनित सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। डाईट टोंक के व्याख्याता कन्हैयालाल मीना से जुड़ी यह उपलब्धि जिले में शिक्षा क्षेत्र के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है तथा भविष्य के अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## कीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए विधायक राजेन्द्र गुर्जर को दिया निमंत्रण

**लोकतंत्र की आवाज**



**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक।** आगामी 25 जून 2026 को निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले कीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन माण्डकलां नगरफोर्ट की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। समिति के महामंत्री एवं प्रवक्ता डॉ. नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर को उनके टोंक कार्यालय पहुंचकर निमंत्रण पत्र सौंपा गया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष सायरलाल मंगरियाव एवं संयोजक किशन लाल कहार व्याख्याता के नेतृत्व में समिति पदाधिकारियों ने विधायक को आमंत्रित किया ।इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों ने विधायक राजेन्द्र गुर्जर का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। विधायक राजेन्द्र गुर्जर ने सम्मेलन में शामिल होने का आश्वासन दिया। निमंत्रण कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष सायरलाल कीर, संयोजक किशन लाल कहार व्याख्याता, महामंत्री एवं प्रवक्ता डॉ. नरेन्द्र मेहरा एडवोकेट, युवा नेता जितेन्द्र धीवर, मोहनलाल, छोटूलाल, विनोद, लादूलाल, रामदेव सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान भाजपा के पूर्व महामंत्री देवकरण धाबाई भी मौजूद थे।

## ग्राम पंचायत परसाटाड़ प्रखंड जिला गिरिडीह में विशेष केसीसी अभियान

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड (2026.06.17)** ।दिनांक 16 06. 2026 का दिन परसाटाड़ पंचायत सचिवालय भवन में प्रखंड कृषि पदाधिकारी मुखिया प्रतिनिधि अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार चौधरी जी परसाटाड पंचायत सचिव झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक पदाधिकारी महोदय या ऐसा भी कह सकते हैं कि परसाटाड पंचायत का पूरा प्रशासन अधिकारियों एवं पदाधिकारीयों के साथ कृषक बन्धुओं पर उनके दशा एवं दिशा को सुधारने हेतु केसीसी लोन किस प्रकार से आप प्राप्त कर सकते हैं

कैसे सफल रूप से इसे चला सकते हैं जानकारी देने की पूरी व्यवस्था परिभाषा के रूप में प्रस्तुत की गई तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने भी अपने स्तर से कृषक बंधु को मिट्टी संरक्षण मिट्टी की स्थिति पूर्व से बेहतर करने /रखने की जानकारी दी तथा सबसे बड़ी बात की कृषक बंधु द्वारा भी इससे संबंधित कठिनाइयों को सुनकर समझाने का भरपूर प्रयास प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा किया गया लेकिन क्या परसाटाड़ पंचायत में आज के बैठक की जानकारी सभी कृषकों को थी यदि थी तो उनकी संख्या आशा की अनुरूप और होनी चाहिए कृषि ऐप माध्यम से केसीसी लोन देने हेतु परसाटाड़ में रखे गए कार्यक्रम आगे इस पंचायत के भविष्य के लिए विकास के नए-नए मार्ग खोलेगा ऐसी आशा की जानी चाहिए।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।